राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 22 जनवरी 2026

वर्ष 07, अंक 113, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

हरिजन आबादी, ताल पोखरों पर जमाया कब्जा, अब रास्ता रोककर जीना हराम कर रहे दबंग...02

दादानगर इंडस्ट्रीज एरिया में दाना फैक्ट्री में लगी आग, नौ दमकलों ने बुझाया, जनहानि नहीं...11

# राम मंदिर से रघुनाथ मंदिर तक हाई अलर्ट... गणतंत्र दिवस पर देश को दहलाने की साजिश 26-26 का खुलासा

● 26 जनवरी से पहले देश में बड़े आतंकी हमले का अलर्ट जारी हुआ है. खुफिया एजेंसियों के मुताबिक, अयोध्या का राम मंदिर, जम्मू का रघुनाथ मंदिर और दिल्ली जैसे बड़े शहर आतंकियों के निशाने पर हैं. '26-26' कोडनेम से रची गई साजिश में गणतंत्र दिवस से ठीक पहले बड़ा हमला करना है. इसके चलते सुरक्षा चाक-चौबंद की गई है



26 जनवरी पर बड़े आतंकी हमले का अलर्ट है. देश के बड़े मंदिर और बड़े शहर आतंकियों के निशाने पर हैं. आतंकियों के कोड नेम से बड़ा खुलासा हुआ है. साथ ही पाकिस्तान और उसके पाले आतंकियों के मंसूबे बेनकाब हुए हैं. इंटेलिजेंस एजेंसियों को जानकारी मिली है कि आतंकवादी देश के कई हिस्सों में 26 जनवरी से पहले बड़ी आतंकी साजिश को अंजाम देने की फिराक में हैं, जिसे कोड नेम- 26-26 दिया गया है.

इस सीक्रेट कोड 26-26 का मकसद है, 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस से पहले बड़ी आतंकी साजिश को अंजाम देना. खुफिया एजेंसियों को मिली जानकारी के मुताबिक आतंकियों के निशाने पर देश के बड़े मंदिर हैं. इनमें अयोध्या का राम मंदिर और जम्मू का रघुनाथ मंदिर है. जहां इनपुट के बाद सुरक्षाबलों को पहले से ज्यादा अलर्ट पर रहने को कहा गया है.

**इंटेलिजेंस एजेंसियों की सोशल मीडिया पर नजर**

इस इनपुट के बाद देश की राजधानी दिल्ली में सुरक्षाबलों को अलर्ट पर रखा गया है क्योंकि आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और पंजाब बेस्ड गैंगस्टर्स हमला कर सकते हैं. इंटेलिजेंस एजेंसियों की सोशल मीडिया पर भी लगातार नजर है, जहां कश्मीरी प्रतिरोध समूह का फाल्कनस्क्वाड लगातार धमकी दे रहा है. मुस्लिम युवकों को भड़काया जा रहा है.

**दिल्ली के आतंकी मोहम्मद रेहान को लेकर अलर्ट**

दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आतंकियों के पोस्टर चस्पा किए गए हैं. पोस्टर में पहली बार दिल्ली के आतंकी की तस्वीर लगाई गई है. इस आतंकी का नाम मोहम्मद रेहान है. पोस्टर में मोहम्मद रेहान का पता नॉर्थ ईस्ट दिल्ली का चौहान बांगर बताया गया है. ये आतंकी 2016 से फरार है. जब एजेंसियों ने संभल में अलकायदा का मॉड्यूल बस्ट किया था, तभी दिल्ली का रहने वाला ये आतंकी फरार हो गया था.

**जम्मू में हाई अलर्ट पर सुरक्षाबल**

उधर,गणतंत्र दिवस से पहले जम्मू में सुरक्षाबल हाई अलर्ट पर हैं. अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है.सुरक्षा एजेंसियों को इनपुट मिले हैं कि आतंकी घुसपैठ की कोशिशें तेज कर सकते हैं. यही वजह है कि जम्मू में सुरक्षा व्यवस्था कई गुना बढ़ा दी गई है. बीएसएफ पूरी तरह मुस्तैद है.

सीमा पर गश्त को और सख्त किया गया है. नदी-नालों के किनारे, जंगलों और दुर्गम इलाकों की गहन तलाशी ली जा रही है.ड्रोन और सुरंगों के जरिए घुसपैठ की चुनौतियां बनी हुई हैं. सेना और सीआरपीएफ के साथ ही जम्मू-कश्मीर पुलिस भी सीमावर्ती इलाकों के साथ ही आंतरिक क्षेत्रों में तलाशी अभियान चला रही है.

**सुरक्षा को लेकर हाई लेवल मीटिंग**

गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा ने गुरुवार को कई राज्यों के सीनियर पुलिस अधिकारियों और दूसरी सेंट्रल लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियों के साथ एक हाई-लेवल सिक्योरिटी मीटिंग की अध्यक्षता की, ताकि आसानी से तालमेल और एजेंसी के बीच सहयोग पक्का करके शांतिपूर्ण गणतंत्र दिवस मनाया जा सके.

एक अधिकारी ने कहा, 'अलग-अलग एजेंसियों के अधिकारियों ने खुफिया जानकारी और आतंकवाद विरोधी रणनीतियां कीं, जिसमें बॉर्डर पॉइंट पर चेकिंग, संदिग्ध लोगों का वेरिफिकेशन और कई दूसरी बातें शामिल हैं, जो गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर सिक्योरिटी पक्का करने के लिए ज़रूरी हैं.'

बैठक में चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, उत्तराखंड, राजस्थान, जम्मू और कश्मीर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे

# सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच के खिलाफ याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच की घटनाओं के खिलाफ कदम उठाने की मांग वाली कई याचिकाओं पर मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। हालांकि, जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता ने इस मामले में सभी पक्षकारों से दो हफ्ते में अपनी दलील, स्पष्टीकरण या सुझाव लिखित में जमा करने को कहा है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट को तय करना है कि क्या सांप्रदायिक आधार पर होने वाली भड़काऊ बयानबाजी पर लगाम लगाने के लिए कोई दिशानिर्देश तय किया जाए या कोई व्यवस्था बनाई जाए। 2018 में दिए अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने भीड़ की हिंसा को रोकने के लिए दिशानिर्देश तय किए थे। कोर्ट में दायर याचिकाओं में इस आदेश पर सही तरह से अमल न होने और भड़काऊ बयानबाजी पर लगाम लगने के लिए कोर्ट के दखल की मांग की है।



सुनवाई के दौरान वकील निजाम पाशा ने कहा कि शिकायतों के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं होतीं। अगर एफआईआर दर्ज होती है, तो सही धाराएं नहीं लगाई जातीं। शरारत जैसी हल्की धाराएं लगाई जाती हैं। फिर वही लोग राज्यों में ऐसे ही भाषण देते दिखते हैं। जब व्यक्तियों की पहचान हो जाती है तो राज्य कार्रवाई करने में क्यों नाकाम हो रहा है? हेट स्पीच से हेट क्राइम होते हैं।

एडवोकेट एमआर शमशाद ने कहा कि सामान्य हेट स्पीच के अलावा, एक ट्रेंड है कि वे सिर्फ धार्मिक हस्तियों को निशाना बनाते हैं। जब हम शिकायत दर्ज कराते हैं तो एफआईआर सिर्फ इसलिए दर्ज नहीं होती क्योंकि मंजूरी की जरूरत होती है। हिंदू सेना के वकील बरुण सिन्हा ने कहा कि ओवैसी और स्टालिन ने हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ सांप्रदायिक बयान दिए हैं। मैंने शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

एडवोकेट संजय हेगड़े ने कोर्ट को बताया कि एक न्यूज चैनल ने कहा था कि एक समुदाय का अपनी कम्युनिटी के लिए यूपीएससी की कोचिंग का इंतजाम करना 'यूपीएससी जिहाद' है। सुप्रीम कोर्ट ने कम से कम दो फैसले दिए हैं। दिक्कत यह है कि अक्सर एक आदमी या एक संगठन जिसे अपनी बोलने की आजादी समझता है, वह दूसरे के लिए हेट स्पीच बन जाती है।

यह किसी ऐसे व्यक्ति पर हमला करने का सवाल है जिसका सामाजिक स्तर कम है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने वकीलों को स्पष्टीकरण, सुझाव और तर्क आदि वाली अपनी बातें फाइल करने के लिए दो हफ्ते का समय दिया है। कोर्ट ने आदेश में कहा कि पक्षकार दो हफ्ते के अंदर अपने संक्षिप्त नोट्स फाइल कर सकते हैं। सभी पक्षकारों के अपनी दलील लिखित में पेश करने के बाद मामले पर दोबारा सुनवाई होगी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### नाले को प्राइवेट ठेकेदार ने मिट्टी डालकर पटवाया,नगर निगम के अधिकारी बेखबर

राहुल जायसवाल की रिपोर्ट



**नैनी कोतवाली।** क्षेत्र के सब्जी मंडी चौराहे के समीप वर्षो से बने नाले को एक प्राइवेट ठेकेदार द्वारा मिट्टी डालकर पटवा दिया गया है जिससे कि नाले में रुका हुआ गन्दा पानी अब सब्जी मंडी के समीप से गुजर रहे लोगों को परेशान कर रहा है और उठने वाली दुर्गंध से वहां के लोग परेशान हैं।बता दें कि बरसात का महीना अब दूर नहीं है।ऐसे में जब नाला में एकत्रित होने वाला गंदा पानी के निकासी का कोई विकल्प नहीं निकलेगा तो नाला चोक होकर वह गंदा पानी सड़कों पर भरा रहेगा और सुलभ शौचालय का आने वाला गंदा पानी उसी नाले में दुर्गंध फैलाने का काम करेगा। जिससे राहगीरों को कई तरह की समस्याएं भी बनेगी। वहीं स्थानीय लोगों से बात कि गई तो पता चला कि नगर निगम का कोई प्राइवेट ठेकेदार है उसी के कहने पर वर्षो से बने नाले को मिट्टी डालकर पाट दिया गया। जिसका कारण किसी को पता नहीं है। वहीं जब नगर निगम के जोनल अधिकारी से बात की गई तो उन्हें मामले का पता ही नहीं था। अब सवाल यह उठता है कि जिसे नगर निगम का मुख्य अधिकारी बनाया गया है जब उसी को नहीं पता है तो आखिर किसके आदेश पर इस नाले पर मिट्टी डलवाया गया। हालांकि सवाल तो उठना लाज़मी है।

### जंगली जानवर के हमले से बकरियों की मौत की चर्चा

**ललितपुर।** वन रेन्ज गौना के अंतर्गत ग्राम डोंगराकलां में देर रात जंगली जानवर ने देर रात घर में बंधी बकरियों पर हमला कर दिया। इस हमले में दो बकरियों की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने के बाद गांव में दहशत फैल गयी। गांव वालों का मानना है कि जिस प्रकार से बकरियों को मारकर उनका मांस खाया है, उससे देखकर यही प्रतीत होता है कि यह हमला किसी तेंदुए या लकड़बग्घा ने किया होगा। हालांकि इस पूरे प्रकरण में वन विभाग की ओर से कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। घनी आबादी वाले इलाके में इस प्रकार की घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। यदि जल्द ही सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए तो मानव जीवन को भी खतरा हो सकता है।

## घाटमपुर क्षेत्र के एक गांव में कागजों पर 1500 मीटर सड़क दिखाई,1100 मीटर ही सड़क बनाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** कानपुर जिला पंचायत के विकास कार्यों में एक और घोटाले का आरोप सामने आया है, घाटमपुर तहसील क्षेत्र में सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं, आरोप है कि साल भर पहले कागजों में 1500 मीटर सड़क दिखा कर भुगतान करा लिया, गया जबकि मौके पर सिर्फ 1100मीटर ही डामर रोड बनाई गई, शिकायत उठते ही ठेकेदार ने रातों रात काम शुरू कर पुराने भ्रष्टाचार को ढंकने की कोशिश की, घाटमपुर क्षेत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा कराए जा रहे विकास कार्य पहले भी विवादों में रहे हैं,हाल ही में स्ट्रीट लाइट घोटाले का मामला ठंडा ही पड़ा था कि अब सड़क निर्माण में अनियमितताओं का आरोप लग गया, जिला पंचायत सदस्य राजनारायण कुरील ने पूरे मामले की शिकायत जिलाधिकारी से करने की बात कही है, झंडापुर गांव के दूसरे छोर पर अचानक सड़क निर्माण चलता मिला, शिकायत के बाद ग्रामीणों ने बताया कि रात में अचानक गाड़ियों से मैटेरियल आया, और काम शुरू हो गया, जब पूछा गया कि सड़क कौन बनवा रहा है, तों कोई साफ़ ज़वाब नहीं मिला, उन्होंने कहा कि रात में मैटेरियल डालने से गांव की नालियां पुर गई है, जिससे आगे जल भराव की समस्या खड़ी हो सकती है, घर के बाहर बैठे ग्रामीणों ने बताया कि सड़क का काम अचानक रात से शुरू हुआ, काम कर लोगों ने सिर्फ इतना ही कहा कि जल्दी सड़क बनानी गांव के ही रिंकू ने बताया कि सड़क को नलकूप तक ले जाया जा रहा है, जबकि गांव की सडक एक साल पहले ही बन बन चुकी थी, जिला पंचायत क्षेत्र पतारी से जिला, पंचायत सदस्य राजनारायण कुरील ने आरोप लगाया है कि हरबस पुर डामर रोड से झंडा पुर गांव तक सड़क निर्माण के लिए जिला पंचायत ने तीन टेंडर निकाले थे फाइलों में कुल लंबाई करीब 1500 मीटर दर्शाई गई है और करीब 75 लाख रुपए की लागत स्वीकृति हुई निर्माण कार्य ठेकेदार पीयूष कुशवाहा की फर्म कौशल राज कंस्ट्रक्शन को दिया आरोप है कि मौके पर 1100 मीटर सड़क बनी हुई है, लेकिन 1500 का भुगतान एक साल पहले ही करा लिया गया था राज नारायण कुरील सदस्य जिला पंचायत द्वारा 16 जनवरी की बैठक में मुद्दा उठाया था, इसके बाद ठेकेदार ने आनन-फानन में दोबारा काम शुरू कराया गया, और रात में मटेरियल गिरा कर बचें 400 मीटर बनानें का प्रयास किया जा रहा है, राजनारायण कुरील ने बताया की संबंधित ठेकेदार ने जिला पंचायत क्षेत्र में 04 से 05 करोड़ रूपए के सीसी, रोड़ डामर रोड,और खड़ंजा मार्ग बनाएं हैं, जिला पंचायत अध्यक्ष कानपुर नगर, स्वप्निल बरूण ने कहा कि हरबसपुर से झंडा पुर की सडक तीन हिस्सों में बननी थी जितना काम हुआ उतना ही भुगतान हुआ।



## तीन तलाक पीड़िता चार दिन से तीन मासूम संग लगा रही है गोला थाने का चक्कर, नहीं दर्ज हो रहा मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रिपोर्ट- वृजनाथ

**गोलाबाजार गोरखपुर** केंद्र सरकार द्वारा सख्त कानून बनाए तीन तलाक का बनाए जाने के बाद भी गोला थाना क्षेत्र में पुलिस की संवेदनहीनता का एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां प्रतिबंधित तीन तलाक की शिकार महिला बीते चार दिनों से अपने तीन छोटे बच्चों के साथ थाने के चक्कर काट रही है, लेकिन अब तक पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया है। प्राप्त विवरण के अनुसरणपीड़िता नीलोफर खान पत्नी अफजल खान, निवासी कोहड़ी बुजुर्ग थाना गोला ने थानाध्यक्ष को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका निकाह 17 दिसंबर 2012 को मुस्लिम रीति-रिवाज से अफजल खान पुत्र स्व. अब्दुल समद खान के साथ हुआ था। दांपत्य जीवन से उसके तीन बच्चे हैं 13 वर्षीय हस्सान खान, 11 वर्षीय अलीना खान तथा 3 वर्षीय आयजल खान। नीलोफर का आरोप है कि उसके पति का संबंध रिश्ते में मामा की लड़की बताई जा रही विधवा महिला रूमाना शेख से हो गया, जिसके बाद पति ने उसके साथ क्रूरता शुरू कर दी।



आरोप है कि पति ने गर्भ में पल रहे बच्चों को जबरन दवा खिलाकर नष्ट करा दिया, जिससे उसका गर्भपात हो गया। पीड़िता के अनुसार, बीते 15 जनवरी को पति ने मौखिक रूप से तीन बार तलाक-तलाक-तलाक कहकर प्रतिबंधित तीन तलाक दे दिया और उसे बच्चों समेत घर से बाहर निकाल दिया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी देते हुए घसीटकर घर से बाहर कर दिया गया। पीड़िता का कहना है कि वह अब अपने तीन मासूम बच्चों के साथ दर-दर भटकने को मजबूर है। पिता के न होने के कारण मायके में भी कोई सहारा नहीं है। क्राईम इंस्पेक्टर विनय का कहना है यह प्रार्थना पत्र हमारे संज्ञान में नहीं है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इतने गंभीर आरोपों अवैध तीन तलाक, भ्रूण हत्या, मारपीट और जान से मारने की धमकी के बावजूद पुलिस ने अब तक मामला दर्ज नहीं किया है। महिला का आरोप है कि वह पिछले चार दिनों से गोला थाने के चक्कर लगा रही है, लेकिन केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं। यह स्थिति तीन तलाक कानून के क्रियान्वयन और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े करती है।

## लोडिंग टैक्सी की टक्कर से भतीजा घायल, झांसी रेफर




**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम बसवां में रहने वाले सत्यवान यादव पुत्र वीरभान ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती सात जनवरी को वह अपने 13 वर्षीय भतीजे देव पुत्र देवेन्द्र सिंह को बिरधा हॉस्टल से लेकर वसवां जा रहे थे। तभी रास्ते में काला पहाड़ बस स्टेण्ड के पास शाम करीब 4 बजे वह भतीजे के साथ सड़क किनारे खड़े हो गये। इसी दौरान लोडिंग टैक्सी नं. यू.पी. 94 टी 8247 के चालक ने तेजी व लापरवाही से उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत नाजुक होने पर भतीजे को झांसी रेफर कर दिया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। बताया कि उसके भाई की आर्थिक स्थिति काफी खराब है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर लोडिंग टैक्सी चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## मेरिट वाली ईसीसीई एजुकेटर भर्ती में सेवा प्रदाता कंपनी व बेसिक शिक्षा विभाग लाटरी के नाम पर कर रहा खेल

● मेरिट वाली नौकरी में लाटरी कहाँ से आयी, जबाब देने वाला कोई नहीं




**बस्ती।** जनपद में ईसीसीई एजुकेटर की चल रही भर्ती काउन्सलिंग में सेवा प्रदाता कंपनी व बेसिक शिक्षा विभाग के बीच चल रहे खेल पर उच्च मेरिट वाले अभ्यर्थियों की नाराजगी दिखना शुरु हो गयी है। उच्च मेरिट वाले अभ्यर्थियों के एक समूह ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र सौपकर काउन्सलिंग रोककर पारदर्शी तरीके से पात्र अभ्यर्थियों की काउन्सलिंग कराए जाने की माँग किया है। मिली जानकारी के अनुसार बेसिक शिक्षा में 150 पदों की भर्ती ईसीसीई एजुकेटर की जानी है जिसके लिए अभ्यर्थियों ने सेवायोजन पोर्टल पर आवेदन किया था। सेवा प्रदाता कंपनी ने सेवायोजन पोर्टल से रेण्डमाइजेशन/लाटरी प्रक्रिया से अभ्यर्थियों के नाम चयनित कर बेसिक शिक्षा विभाग को अभ्यर्थियों की सूची काउन्सलिंग हेतु उपलब्ध कराया है। सेवायोजन पोर्टल से लाटरी सिस्टम से अभ्यर्थियों का चयन होने से कम मेरिट वाले अभ्यर्थियों को काउन्सलिंग का मौका मिल गया जबकि ज्यादा मेरिट वाले अभ्यर्थी काउन्सलिंग से स्वतः बाहर हो गए, यही से विवाद की शुरुआत होती है और अधिक मेरिट वाले अभ्यर्थी जिनको काउन्सलिंग का मौका नहीं मिला उनका तर्क है कि जब भर्ती का आधार मेरिट है तो फिर सेवा प्रदाता कंपनी द्वारा लाटरी सिस्टम के जरिए सेवायोजन पोर्टल से अधिक मेरिट वालों को क्यों बाहर कर दिया गया। शासनादेशों की यदि बात करें तो उसमें यह व्यवस्था दी गयी है कि सेवा प्रदाता कंपनी द्वारा सेवायोजन पोर्टल से पारदर्शी तरीके से अभ्यर्थियों के नामों का चयन किया जायेगा परन्तु सेवा प्रदाता कंपनी द्वारा पोर्टल से अभ्यर्थियों के चयन की पारदर्शी प्रक्रिया न अपनाकर लाटरी द्वारा चयन किया गया जिससे कम मेरिट वाले अभ्यर्थियों को ईसीसीई एजुकेटर भर्ती की काउन्सलिंग में मौका मिल गया और ज्यादा मेरिट वाले अभ्यथी काउन्सलिंग में सम्मिलत नहीं हो पा रहे हैं और इधर- उधर भटकने को मजबूर हैं। ज्यादा मेरिट वाले ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें लाटरी सिस्टम ने बाहर कर दिया है निर्णायक लड़ाई का मन बना चुके हैं। कुछ अभ्यर्थियों ने तो यहाँ तक कहा है कि यदि हमे जिले से न्याय नहीं मिलेगा तो हम लोग माननीय न्यायालय जाने को बाध्य होंगे होंगे।

## वायुसेना का एक ट्रेनी विमान एम 116 ध्वस्त, पायलट बाल बाल बचे



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज शहर के सिविल लाइंस क्षेत्र में केपी कॉलेज के पास एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। मेडिकल चौराहे के निकट स्थित एक तालाब में वायुसेना का एक ट्रेनी विमान एम 116 के गिर गया। एयरक्रॉफ्ट के लड़खड़ाते ही दोनों पायलट जेके पांडेय और प्रवीन अग्रवाल पैराशूट के सहारे नीचे तालाब में कूद गए। यह देख स्थानीय लोग भी तालाब में कूद पड़े। दोनों पायलटों को सुरक्षित बाहर निकाला। बाहर निकाले गए पायलट सेना की वर्दी में थे। कुछ ही देर में सेना के कई और हेलीकॉप्टर बचाव के लिए पहुंच गए। एयरफोर्स ने तालाब में ट्रेनी विमान गिरने की पुष्टि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह ट्रेनी विमान केपी कॉलेज के पास एक तालाब में जा गिरा। विमान से तेज आवाज आने के बाद आसपास के क्षेत्रों में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। तालाब में भारी मात्रा में जलकुंभ (पानी में उगने वाली वनस्पति) मौजूद था, जिसने बचाव कार्य को थोड़ा चुनौतीपूर्ण बना दिया। स्थानीय नागरिकों ने बिना किसी देरी के बचाव कार्य शुरू किया और विमान में फंसे दोनों पायलटों को सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता प्राप्त की। दोनों पायलटों को किसी भी गंभीर चोट का सामना नहीं करना पड़ा है, जो राहत की बात है।

## राज्य बिना मान्यता वाले मदरसे को बंद नहीं कर सकता, लेकिन सरकारी ग्रांट देने से मना कर सकता है: इलाहाबाद हाईकोर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जो डिस्ट्रिक्ट माइनॉरिटी वेलफेयर ऑफिसर को उत्तर प्रदेश राज्य में बिना मान्यता वाले मदरसे को बंद करने का अधिकार दे। याचिकाकर्ता मदरसा अहले सुन्नत इमाम अहमद रज़ा की मैनेजमेंट कमेटी ने श्रावस्ती के डिस्ट्रिक्ट माइनॉरिटी वेलफेयर ऑफिसर के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी, जिसमें याचिकाकर्ता मदरसे को बिना मान्यता प्राप्त होने के कारण बंद करने का आदेश दिया गया।

याचिकाकर्ता के वकील ने उत्तर प्रदेश गैर-सरकारी अरबी और फारसी मदरसा मान्यता, प्रशासन और सेवा विनियमन, 2016 के रेगुलेशन 13 का हवाला दिया, जिसमें कहा गया कि बिना मान्यता वाला मदरसा राज्य से कोई ग्रांट पाने का हकदार नहीं होगा। उन्होंने तर्क दिया कि मान्यता न होने का यही एकमात्र नतीजा था और अधिकारियों द्वारा मदरसे को बंद नहीं किया जा सकता था।

इन रे: केरल एजुकेशन बिल, 1957 का हवाला दिया गया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों को तीन कैटेगरी में बांटा था: '(i) वे जो राज्य से न तो सहायता चाहते हैं और न ही मान्यता। (ii) वे जो सहायता चाहते हैं। (iii) वे जो केवल मान्यता चाहते हैं लेकिन सहायता नहीं। पहली कैटेगरी के संस्थान आर्टिकल 30(1) द्वारा सुरक्षित हैं।'

याचिकाकर्ता ने दावा किया कि वह भारत के संविधान के आर्टिकल 30(1) द्वारा सुरक्षित है क्योंकि उसने न तो सहायता मांगी थी और न ही मान्यता। राज्य के वकील ने तर्क दिया कि अगर ऐसे बिना मान्यता वाले मदरसों को काम करने दिया गया तो ऐसे संस्थानों से पास होने वाले छात्रों द्वारा मांगे जाने वाले फायदों के संबंध में दिक्कतें पैदा होंगी। इस पर, जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने कहा, 'वह इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि रेगुलेशन में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जो अधिकारियों को इस आधार पर मदरसे के कामकाज को रोकने का अधिकार दे कि उसे मान्यता नहीं मिली है।

मदरसे की सील हटाने का निर्देश देते हुए कोर्ट ने साफ किया, 'याचिकाकर्ता मदरसा तब तक किसी भी सरकारी ग्रांट का दावा करने का हकदार नहीं होगा जब तक उसे मान्यता नहीं मिल जाती और मदरसा शिक्षा बोर्ड याचिकाकर्ता मदरसे के स्टूडेंट्स को मदरसा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में बैठने की अनुमति देने के लिए बाध्य नहीं होगा और स्टूडेंट राज्य सरकार से संबंधित किसी भी उद्देश्य के लिए मदरसे से प्राप्त अपनी योग्यता के लाभ का दावा करने के हकदार नहीं होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### मिशन शक्ति अभियान से बलरामपुर में नारी सुरक्षा को मिली नई मजबूती



**बलरामपुर।** महिलाओं एवं बालिकाओं को भयमुक्त, सुरक्षित और स्वावलंबी बनाने के संकल्प के साथ बलरामपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत जनपद भर में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए। इस अभियान के जरिए नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन को जन-जन तक पहुँचाने का सशक्त प्रयास किया गया। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के निर्देशन तथा मिशन शक्ति नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में गठित महिला सुरक्षा दलों ने स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और ग्राम चौपालों में पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं से सीधा संवाद किया। महिला बीट अधिकारियों ने ग्राम चौपालों पर समस्याएं सुनते हुए मौके पर ही समाधान कर विश्वास और सुरक्षा का माहौल बनाया। कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपात सेवा 112, एम्बुलेंस 108, चाइल्ड लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता मिल सके। साथ ही गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध (डिजिटल अरेस्ट), महिला अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों पर प्रभावी चर्चा की गई। शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पम्पलेट वितरित किए गए और थाना स्तर पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों की सेवाओं से अवगत कराया गया। बलरामपुर पुलिस का यह अभियान महिलाओं एवं बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ यह संदेश देता है कि उनकी सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए पुलिस हर समय तत्पर है।

### मिलावटी खाद्य सामानों की पहचान के लिए किया गया जागरूक



**सिद्धार्थनगर,** जिले में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थ के विक्रय पर प्रभावी जागरूकता के लिए सहायक आयुक्त (खाद्य)-II के निर्देशन में फ़ूड सेफ्टी आन व्हील के माध्यम से कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, शोहरतगढ़, खुनियाव, इटवा एवं उसका बाज़ार में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को खाद्य एवं पेय पदार्थो में होने वाली मिलावटो को कैसे पहचाने, के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य) द्यद्य आर एल यादव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेन्द्र प्रताप सिंह एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण हीरा लाल, नीरज कुमार चौधरी, जय प्रकाश और रंजन कुमार श्रीवास्तव शामिल रहे।

### नकथर प्राथमिक विद्यालय में आयोजित हुआ मिशन शक्ति फेज 5.0 बहू-बेटी सम्मेलन



**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सभा नकथर स्थित प्राथमिक विद्यालय में मिशन शक्ति फेज 5.0 (बहू-बेटी सम्मेलन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा को लेकर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा सरकारी हेल्पलाइन सेवाओं के प्रति जागरूक किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना शोहरतगढ़ नवीन कुमार सिंह के अगुवाई में पुलिस टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराध से बचाव, दहेज उत्पीड़न, पोक्सो एक्ट सहित महिला संबंधित अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। पीड़ित महिलाओं की काउंसलिंग भी की गई तथा मिशन शक्ति 5.0 के स्टिकर विद्यालय परिसर में चस्पा किए गए। कार्यक्रम में 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा,101 अग्निशमन सेवा, 14567 एल्डर हेल्पलाइन,1930 साइबर हेल्पलाइन आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इस दौरान उप निरीक्षक राजकुमार यादव, हेड कांस्टेबल अविनाश सिंह, कांस्टेबल पवन मौर्य, महिला कांस्टेबल उर्मिला देवी, रूबी दुबे एवं कंचनलता सिंह, पप्पू यादव, केशव यादव, लक्ष्मीबाई सिंह, कविता उपाध्याय, बिंदु, प्रतिभा आदि उपस्थित रहीं।

# हरिजन आबादी, ताल पोखरों पर जमाया कब्जा, अब रास्ता रोककर जीना हराम कर रहे दबंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के गढा गौतम गांव में दबंगों ने जबरदस्ती हरिजन बस्ती का रास्ता बंद कर दिया। इससे दर्जनों परिवारों के लोगों का आवागमन अवरूद्ध हो गया है। आवश्यकता पड़ने पर वे एक दूसरे के घरों से होते हुये किसी तरह गांव के बाहर आ रहे हैं। इसी गांव के मुक्तनाथ सहित कई लोगों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर त्वरित कार्यवाही की मांग किया है। मुक्तनाथ का कहना है कि गांव के चन्द्रमोहन यादव, रजनीश यादव, फौजदार यादव तथा मदन मोहन यादव ने नवीन परती, हरिजन आबादी और ताल पोखरों पर मकान, शौचालय, स्नानघर और गैरज का स्थायी निर्माण निर्माण करवाकर वर्षों पूर्व कब्जा जमा लिया है। लेकिन इनके पूर्वजों ने हरिजन आबादी से लोगों को बाहर निकलकर सड़क पर जाने के लिये इसके बदले अपनी जमीन से रास्ता दिया था, इसे भी गेट लगाकर आरोपियों ने बंद कर दिया। बाद मे एक समझौते के तहत अपने खेत से हरिजनों को आने जाने का रास्ता दिया था, जिसका करीब 15 सालों से आवागमन के लिये इस्तेमाल किया जा रहा था।

अब आरोपियों ने इसे भी बंद कर दिया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकियां देते हैं। जितेन्द्र कुमार ने कहा कि रास्ता बंद होने से बच्चों का स्कूल जाना बंद हो गया है। अब गांव से बाहर जाने का कोई रास्ता नही है। सीएम पोर्टल पर शिकायत किया लेकिन कोई परिणाम नही निकला, अब डीएम से रास्ता बहाल करने की गुहार लगाई है। पीड़ितों ने कहा चन्द्रमोहन यादव काफी प्रभावशाली व्यक्ति हैं, गांव के स्कूल मे हेडमास्टर हैं, अपनी रसूख और पैसों के दम पर उन्होने हरिजन बस्ती के लोगों का जीना हराम कर दिया है। जितेन्द्र ने कहा समस्या का समाधान नही हुआ तो पेट्रोल डालकर खुद को खत्म कर लेंगे क्योंकि इतना नारकीय और अपमानजनक जीवन जीने से अच्छा सुसाइड कर लेना है। फिलहाल डीएम ने इस मामले मे कार्यवाही का भरोसा दिलाया है।

## 8 सूत्रीय मांगों को लेकर नलकूप खण्ड के अभियन्ताओं का दो दिवसीय धरना शुरू

### ●समस्याओं का निस्तारण न हुआ तो चरणबद्ध आन्दोलन-धर्मेन्द्र सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले मेंमंगलवार को इलेक्ट्रिकल एण्ड मैकेनिकल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ सिंचाई विभाग प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों और अभियन्ताओं ने 8 सूत्रीय मांगो को लेकर नलकूप खण्ड के परिसर में दो दिवसीय धरना शुरू किया। पहले दिन धरने के बाद अधिशासी अभियन्ता विपिन कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपा।

धरने को सम्बोधित करते हुये जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि लम्बित सेवा सम्बन्धी समस्याओं के निस्तारण में विभाग की कोई रुचि नहीं है। इसके फलस्वरूप जूनियर ईंजीनियर के स्थाईकरण, वरिष्ठता सूची का प्रकाशन नहीं किया गया। द्वितीय ए.सी.पी. का लाभ, सेवानिवृत्त सदस्यों के देयकों का भुगतान, जूनियर इंजीनियर्स के मध्य कार्यो का समान वितरण, निष्प्रयोज्य टी.एण्ड पी. के निस्तारण, अधिशासी अभियन्ताओं द्वारा जूनियर ईजीनियर पर नियम विरूद्ध कार्य कराने का दबाव बनाया जा रहा है। इसे लेकर रोष है। मांगे न मानी गई तो चरणबद्ध आन्दोलन जारी रहेगा।

संघ की सचिव अन्तिमा वर्मा ने कहा कि मध्य रात्रि में जूनियर इंजीनियर्स के पटल परिवर्तन, जूनियर ईजीनियर की गोपनीय चरित्र पंजियों को मानव सम्पदा पोर्टल पर अपलोड किया जाना, खण्डों में फास्ट मूविंग पार्ट्स व वाहनों की समुचित व्यवस्था न होना, अनुरक्षण एवं मरम्मत का अन्य मदों में खर्च कर दिया जाना चिन्ताजनक है। जनपद, मण्डल परिक्षेत्र स्तर की समस्यायें लम्बित है, जिसके कारण भारी आक्रोश है। समस्याओं का प्रभावी समाधान शीघ्र कराया जाय। धरने को मुख्य रूप से जूनियर इंजीनियर राम पुजारी, अरविन्द यादव, कृष्ण कुमारी श्रीवास्तव, सुमित कुमार आदि ने सम्बोधित किया।

### हिंदू सम्मेलनः धर्म-संस्कृति की रक्षा का लिया संकल्प




**सुल्तानपुर/चांदा** चांदा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोथराखुर्द में बुधवार को एक हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं और हिंदू संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, धार्मिक-सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करना और सामाजिक एकता को मजबूत करना बताया गया। सम्मेलन की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू समाज को अपनी परंपराओं, संस्कारों और संस्कृति को सहेजते हुए एकजुट रहने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से नशामुक्ति, शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सामाजिक कुरीतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए आपसी भाईचारे, सद्भाव और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की बात कही। साथ ही सनातन परंपराओं के प्रचार-प्रसार और धार्मिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया गया। सम्मेलन के अंत में सर्वसम्मति से समाज हित में कार्य करने और हिंदू एकता को बनाए रखने का संकल्प लिया गया।आयोजन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

### अवैध खनन व ट्रैक्टर चोरी के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार



**बलरामपुर।** कुइवा भाभर नाले से अवैध खनन कर ट्रैक्टर झांगा के माध्यम से चोरी कर बालू/मिट्टी भरकर ले जाने के मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर डॉ. जितेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष दुर्विजय के नेतृत्व में थाना कोतवाली गैसड़ी पुलिस टीम ने मंगलवार को मु0 अ0सं0 05/2026 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस एवं 2/3 सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के अंतर्गत अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त छेदीलाल पुत्र राम दत्त, निवासी कुड़वा, थाना कोतवाली गैसड़ी, जनपद बलरामपुर है। अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक व्यासजी सिंह, कांस्टेबल राहुल पटेल एवं कांस्टेबल राजकुमार सिंह शामिल रहे।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों संग बाल विवाह के खिलाफ ली गई शपथ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्तीजिले मे गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 को जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्सना ने की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिये गये दिशा-निर्देशों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्य समारोह प्रातः 9:30 बजे पुलिस लाइन में आयोजित किया जायेगा। प्रातः 7 बजे स्टेडियम ग्राउण्ड में मध्य गति से दौड़, प्रातः 8 बजे विभिन्न विद्यालयों द्वारा प्रभात फेरी तथा प्रातः 8:30 बजे सभी सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान एवं संविधान में उल्लिखित संकल्प का आयोजन होगा। सभी तहसीलों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया जायेगा।

ग्राम पैड़ा स्थित शहीद स्मारक स्थल पर मेला एवं ध्वजारोहण, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में सांस्कृतिक कार्यक्रम व फल-मिष्ठान वितरण, जिला कारागार में विचार गोष्ठी, नगर बाजार खास स्थित स्मारक स्थल पर मेला, ध्वजारोहण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

26 जनवरी को सभी शैक्षिक संस्थाओं में प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। अपरान्ह 2 बजे किसान डिग्री कॉलेज से मार्चपास्ट के साथ सज्जित वाहनों पर झांकियां निकाली जायेंगी, जो जीआईसी ग्राउण्ड में समाप्त होंगी। अपरान्ह 2:30 बजे से राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। नगर के सभी महापुरुषों की मूर्तियों की साफ-सफाई व माल्यार्पण प्रातः 9 बजे से किया जायेगा। बैठक के उपरान्त जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि बाल विवाह सामाजिक बुराई होने के साथ-साथ कानून का उल्लंघन है, जिससे बालिकाओं का भविष्य प्रभावित होता है।

## डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई के निर्देश- मण्डलायुक्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था, राजस्व वसूली एवं कर करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए मण्डलायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में तेजी लायें। उन्होने प्रवर्तन से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की जाय तथा निजी वाहनों को व्यवसायिक प्रयोग में लाने वाले वाहन स्वामियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि समय-समय पर सैम्पलिंग की कार्यवाही की जाय। उन्होने न्यायालय से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि धारा 34, 67 व वरासत से संबंधित प्रकरण को नियमानुसार शीघ्रअतिशीघ्र निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में अपेक्षित प्रगति में पिछड़े विभाग कार्ययोजना बनाकर निरन्तर अभियान चलायें।पुलिस उपमहा निरीक्षक संजीव त्यागी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधिया ना होने पायें और समय-समय पर अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय।

बैठक का संचालन अपर आयुक्त प्राासन मनोज कुमार तिवारी ने किया। बैठक में जिलाधिकारी बस्ती कृत्तिका ज्योत्स्ना, सिद्धार्थनगर शिवशरणप्पा जी. एन., संतकबीरनगर आलोक कुमार, तीनों जिलों के पुलिस अधीक्षक, एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, डिप्टी कमिश्नर वाणिज्यकर डा्. सरोज, उपायुक्त आबकारी एस. के. पाण्डेय, उप निदेशक प्रशासन मण्डी परिषद ज्योति यादव, अधिक्षण अभियन्ता विद्युत खालिद सिद्दीकी, सहायक आयुक्त औषधि नरेश मोहन दीपक, खान अधिकारी प्रशान्त अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी संतोष कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।

## लगातार एक्शन में नजर आ रहे थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह नगर बाजार में अतिक्रमण पर कड़ी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केनगर थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने और आम जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर थानाध्यक्ष नगर >भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। थाना प्रभार संभालने के बाद से ही भानु प्रताप सिंह ने अव्यवस्था फैलाने वालों के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है, जिसका असर अब साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। इसी क्रम में नगर बाजार के मुख्य मार्ग, नगर-कलवारी रोड पर पेट्रोल पंप के सामने से लेकर देसी शराब की दुकान तक सड़क किनारे पटरियों पर अवैध रूप से मांस और मछली की दुकानें लगाने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। इन दुकानदारों ने न केवल पटरियों पर कब्जा कर रखा था, बल्कि अपनी दुकानें सड़क की ओर लगभग डेढ़ से दो मीटर तक बढ़ा ली थीं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

लोगों के अनुसार इस अतिक्रमण और भीड़भाड़ के कारण कई बार सड़क दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, जिनमें अनेक लोग घायल हो चुके हैं। इसके अलावा मांस और मछली विक्रेताओं द्वारा गंदा पानी सीधे सड़क पर फेंक दिया जाता था, जिससे पूरे इलाके में बदबू फैलती थी और आने-जाने वाले लोगों को बेहद असुविधा होती थी। पेट्रोल पंप के ठीक सामने इस तरह की दुकानें लगी होने से परिवार के साथ आने वाले लोगों को भी असहज स्थिति का सामना करना पड़ता था।देसी शराब की दुकान के आसपास लगने वाली भीड़ भी समस्या को और बढ़ा रही थी। अव्यवस्थित पार्किंग, शराब खरीदने वालों की भारी भीड़ और संकरी होती सड़क के कारण आए दिन यातायात जाम की स्थिति बनी रहती थी। कई बार इसी अव्यवस्था की वजह से सड़क हादसे भी हुए, लेकिन लंबे समय से इस गंभीर समस्या की ओर कोई ठोस ध्यान नहीं दिया गया था। मीडिया में कई बार इस समस्या को प्रमुखता से उठाए जाने के बावजूद पूर्व में किसी भी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी थी। लेकिन थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने सभी दबावों और परिस्थितियों को दरकिनार करते हुए पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर सख्त रुख अपनाया। अवैध रूप से सड़क पर कब्जा जमाए दुकानदारों को हटाया गया और भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करने की कड़ी चेतावनी दी गई।



कार्रवाई के बाद थानाध्यक्ष ने पूरे नगर बाजार का पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों, राहगीरों और स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और सभी से कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क पर अतिक्रमण, अवैध कब्जा और यातायात बाधित करने वाली गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी क्रम में उन्होंने दुकानदारों द्वारा की गई सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया तथा उन्हें इसके लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय बाद किसी थानाध्यक्ष ने जनता की वास्तविक परेशानियों को समझते हुए ठोस कदम उठाया है। भानु प्रताप सिंह की इस पहल से नगर बाजार में व्यवस्था सुधारने और सुरक्षित वातावरण बनाने की उम्मीद जगी है।

# तहसील गौरीगंज सभागार में आयोजित हुआ किसान दिवस

### ●किसानों की समस्याएं सुनी गईं और मौके पर ही दिए गए निस्तारण के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** शासन की मंशा के अनुरूप तहसील गौरीगंज सभागार में माह के तृतीय बुधवार को जिलाधिकारी के निर्देशानुसार किसान दिवस का आयोजन जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। किसान दिवस में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों द्वारा अधिक विद्युत बिल, आवारा पशुओं द्वारा फसल नष्ट करने, डॉक्टर द्वारा फोन ना उठाए जाने, पशु बीमा, टीकाकरण, कृषक भ्रमण की सूचना समस्त किसानों को उपलब्ध न कराए जाने, धान खरीद तथा नियमानुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराए जाने संबंधी समस्याओं व सुझावों को गंभीरता से उठाया गया, जिनको लेकर मौके पर ही उनके समाधान हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान किसानों को शासन द्वारा संचालित नंदिनी योजना, मुख्यमंत्री कोष संवर्धन योजना के साथ-साथ विभिन्न विभागों की संचालित योजनाओं व कार्यक्रमों के साथ ही उर्वरक रसायन, खरपतवार नियंत्रण, कीटनाशक के प्रयोग के साथ ही कृषक जिज्ञासाओं तथा अन्य विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। उन्हें जैविक व प्राकृतिक खेती के लाभों के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उन्नत खेती करने के सुझाव भी दिए गए। कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को फसल सुरक्षा, कीट एवं चूहे नियंत्रण, तथा फसल उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर व्यावहारिक जानकारी दी गई। इस अवसर पर जनपद के प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ लेकर खेती में नवाचार किया और अच्छा लाभ अर्जित किया। उन्होंने अन्य किसानों से भी इन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। किसान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ जीके शुक्ला, जिला कृषि अधिकारी डॉ राजेश कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई, नलकूप, विद्युत विभाग के अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित रहे।

## शराब के नशे में वर्दीधारी सिपाही का हंगामा, वीडियो वायरल; पुलिस ने कराया मेडिकल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर** जनपद के थाना ललिया क्षेत्र में एक वर्दीधारी पुलिसकर्मी का शराब के नशे में हंगामा करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यूपी के बलरामपुर जनपद के थाना ललिया क्षेत्र में एक वर्दीधारी पुलिसकर्मी का शराब के नशे में हंगामा करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. करीब 37 सेकंड के इस वीडियो में वर्दी में मौजूद व्यक्ति नशे की हालत में पुलिसकर्मियों से अभद्र व्यवहार करता नजर आ रहा है, जिससे पुलिस विभाग की छवि पर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का क्या कहना? प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उक्त वर्दीधारी व्यक्ति अत्यधिक नशे की हालत में था और अपनी पहचान, तैनाती व पता तक स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रहा था. सूचना मिलने पर थाना ललिया पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए उसे अपनी अभिरक्षा में ले लिया। आरोपी को मेडिकल के लिए ले गई सीएससी ले गई पुलिसपुलिस टीम आरोपी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएससी) शिवपुरा लेकर पहुंची. मेडिकल परीक्षण के दौरान भी आरोपी द्वारा पुलिसकर्मियों के साथ अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया गया, जिससे वहां मौजूद लोग भी असहज हो गए. हालांकि, पुलिसकर्मियों ने संयम और अनुशासन बनाए रखते हुए स्थिति को नियंत्रित किया। क्या बोले थाना प्रभारी? थाना प्रभारी के अनुसार, संबंधित वर्दीधारी की पहचान कन्हैया कुमार पांडे के रूप में हुई है, जो वर्ष 2019 बैच के सिपाही बताए जा रहे हैं. वर्तमान में उनकी तैनाती बहराइच पुलिस लाइन में है, जबकि वह मूल रूप से मिर्जापुर जनपद के निवासी हैं. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूरे मामले की सूचना बहराइच पुलिस को दे दी गई है. आगे की विभागीय कार्रवाई संबंधित जनपद द्वारा नियमानुसार की जाएगी।

# जगदीशपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

### ●जगदीशपुर पुलिस द्वारा पिकअप पर लदे चोरी के 12 ड्रम केमिकल व 01 तमंचा, 01 जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**जगदीशपुर अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 21.01.2026 को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान एक पिकअप पर लदे चोरी के केमिकल से भरे 12 ड्रम, के साथ दो अभियुक्तों जीतेन्द्र कुमार पुत्र राज कुमार चौहान निवासी रायपुर मजरे पलिया चंदापुर थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र 32 वर्ष, .नीरज पाण्डेय पुत्र चन्द्र नारायण पाण्डेय निवासी जेनपुर थाना जामो जनपद अमेठी उम्र 31 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त नीरज पाण्डेय के कब्जे से 01 तमंचा व 01 जिंदा कारतूस 12 बोर के बरामद हुआ। वाहन के कागज मांगने पर दिखा सके। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वह लोग डीजल चोरी का कार्य करते हैं एवं टैंकरों से डीजल चुराकर इस चोरी के केमिकल को उसमें मिला देते हैं। धीरेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र दूधनाथ सिंह निवासी रामपुर चौधरी थाना जामो जनपद अमेठी द्वारा मेन डीलिंग की जाती है। उनके द्वारा ही केमिकल के ड्रम उपल्ध कराये गये थे तथा बताया गया था कि अन्डरपास के पास उनके आदमी मिलेंगे और वहीं टैंकर से डीजल उतारकर केमिकल डीजल में मिला दिया जायेगा। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### महाकुंभ ड्यूटी में उत्कृष्ट सेवा देने वाले 45 पुलिसकर्मी सम्मानित



**बलरामपुर।** महाकुंभ मेला प्रयागराज 2025 में ड्यूटी संपादित करने वाले जनपद बलरामपुर के 45 पुलिस कर्मियों को महाकुंभ सेवा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान महाकुंभ मेला 2025 के समापन समारोह के दौरान माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा की गई घोषणा के क्रम में दिया गया। बुधवार को क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर डॉ. जितेन्द्र कुमार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र सौंपे गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी ने कहा कि महाकुंभ जैसे विशाल आयोजन में पुलिस कर्मियों द्वारा की गई निष्ठापूर्ण सेवा सराहनीय है और यह जनपद के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जमीनी विवाद, मारपीट के मामले में 5 नामजद, 60 अज्ञात महिला पुरूषों पर मुकदमा दर्ज



**बस्ती।** बस्ती जिले के पुरानी बस्ती पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र के खीरीघाट निवासी अरुण कुमार पुत्र बसन्त की तहरीर पर जमीनी विवाद और मारपीट के मामले में 5 नामजद और 60 से अधिक अज्ञात महिलाओं व पुरूषों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 191 (2), 115 (2), 352, 351 (3), 308 (8) आदि की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।अरुण कुमार ने पुलिस को दिये तहरीर में कहा है कि वह अनुसूचित जाति का व्यक्ति है, उसने पाण्डेय बाजार बांसी रोड पर जमीन खरीदी है यहां आस-पास खटिक बिरादरी के लोग है जिसमें कुछ लोग बहुत मनबढ़ तथा बदमाश किस्म के व्यक्ति है। उक्त लोग जमीन सस्ते में लेने की बात कहते हुए डरा धमकाकर पैसे की मांग किगया। भय में आकर उसने रवि उर्फ भूते, गोलू पुत्रगण पन्नेलाल, मेहीलाल पुत्र छोटेलाल, राकेश उर्फ प्याजी. मुकेश पुत्रगण मेहीलाल को दो लाख रूपये दो वर्ष पहले दे दिया उक्त लोग उससे नकद पैसा लिए थे धीरे-धीरे उनकी लालच बढ़ती गयी। जब उसने पैसा देने से इन्कार कर दिया तो उन लोगों ने पाण्डेय बाजार आने पर जान से मारने की धमकी दिया। कुछ माह पूर्व मेहीलाल व उनके परिवार के लोगों ने मिलकर उसकी कुछ जमीन पर कब्जा कर लिया जिस पर सुलह समझौते में कुछ रूपया लेकर जमीन उन्हे बैनामा करने के लिए तैयार हो गया लेकिन तय पैसा न देने के कारण रजिस्ट्री नहीं किया। वह पाण्डेय बाजार स्थित फर्म निशान्त ट्रेडर्स पर बैठकर अपनी जमीन की देखभाल करने लगा जिससे उक्त फर्म के मालिक निशान्त जायसवाल से भी वो लोग रंजिश रखने लगे । दिनांक 17 जनवरी को जब वह पाण्डेय बाजार स्थित स्टेट बैंक के नीचे खड़ा था तभी रवि उर्फ भूते, गोलू पुत्रगण पन्नेलाल, राकेश उर्फ प्याजी पुत्र मेहीलाल लोग आकर हथियार दिखाकर उसको चारो तरफ से घेर कर कैद कर लिए और छः लाख रूपये की मांग करने लगे रूपया न देने पर मारने और नंगा करने की धमकी दिये। उसने मामले में दोषियो के विरूद्ध कार्रवाई और अपने परिवार, जमीन के रक्षा की गुहार लगाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### आरेडिका में तीन दिवसीय 'हिंदी नाट्य कार्यशाला' का आयोजन



**लालगंज रायबरेली।** आरेडिका के कार्मिकों को नाट्य विधा में पारंगत करने, संवाद अदायगी, भाव-प्रस्तुति, अभिनय तकनीक तथा नाट्य अनुशासन आदि का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से आरेडिका के राजभाषा विभाग द्वारा तीन दिवसीय 'हिंदी नाट्य कार्यशाला' का सफल आयोजन किया गया।इस कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में हिंदी रंगमंच के 25 से अधिक वर्षों का समृद्ध अनुभव रखने वाले प्रतिष्ठित रंगकर्मी अर्पित मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने नाट्य कर्मियों को नाट्य विधा के विविध पक्षों-जैसे मंचीय आचरण, पात्र-निर्माण, स्वर संवाद, भाव इत्यादि पर न केवल सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया, बल्कि स्वयं मंच पर अभिनय करके उदाहरण भी प्रस्तुत किए, जिससे प्रतिभागियों को सीखने में विशेष सहूलियत हुई।कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य राजभाषा अधिकारी, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं राजभाषा अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं दर्शकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ कर्मचारियों की सृजनात्मक क्षमता के विकास के साथ-साथ राजभाषा हिंदी के प्रयोग को भी सुदृढ़ करती हैं।इस कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को नाट्य विधा के विभिन्न आयामों की गहन जानकारी प्राप्त हुई, जो भविष्य में नाट्य प्रस्तुतियों को अधिक प्रभावी, अनुशासित एवं दर्शक-सापेक्ष बनाने में सहायक सिद्ध होगी। साथ ही, कार्यशाला ने आरेडिका में सांस्कृतिक चेतना और टीम भावना को भी नई दिशा प्रदान की।

### पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह ने जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल



**महराजगंज/रायबरेली:** मऊ ग्राम पंचायत में हर घर प्रत्येक महिला कंबल अभियान के अंतर्गत आज मंगलवार को पूर्व ब्लाक प्रमुख व मऊ प्रधान प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता सत्येंद्र प्रताप सिंह ने छूते हुए परिवारों के घर-घर जाकर कंबल प्रदान किया और आशीर्वाद लिया। श्री प्रमुख ने बताया कि, उनके द्वारा भीषण ठंड को देखते हुए बीते हैं 15 दिनों से चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत जो परिवार कंबल से लेने से वंचित रह गए थे उन परिवारों के घर पर जाकर वह हर घर प्रत्येक महिला के हिसाब से कंबल वितरित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आपको बता दें कि, विगत 15 दिनों से पूर्व प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह द्वारा भीषण ठंड को देखते हुए घर-घर प्रत्येक महिला कंबल वितरण अभियान चलाया हुआ था जिसके अंतर्गत उन्होंने लगभग 4000 महिलाओं को कंबल वितरित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी क्रम में छूते हुए परिवारों के घर मंगलवार के दिन जाकर कंबल प्रदान किया। सिंह ने बताया कि, यह पुनीत कार्य वह बीते 10 वर्षों से लगातार करते चले आ रहे हैं। इस बार भी उन्होंने जनवरी मा के शुरू होते ही अपना अभियान शुरू कर दिया और अभी तक निरंतर उनका अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि इस दौरान जो परिवार वंचित रह गए थे उन्हें अब वह और उनकी टीम घर-घर जाकर छूते हुए परिवारों को कंबल प्रदान कर आशीर्वाद ले रहे हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि उनके द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम किसी राजनीति से प्रेरित नहीं है। यह कार्य उनके पिताजी के जमाने से चल रहा है, श्री सिंह के पिता गोकुल सिंह फिर उसके बाद पप्पू सिंह और अब यह पुस्तक परंपरा को संभाले हुए हैं। इनका कहना है कि लोगों की मदद करने से इन्हें सुख की अनुभूति होती है और आज यह जो कुछ भी है इन्हीं लोगों के आशीर्वाद की बदौलत है। पूर्व प्रमुख ने कहा कि, कार्य की व्यवस्था होने की वजह से वह हर दिन तो नहीं ग्राम सभा के लोगों से मिल पाते हैं इसी कंबल वितरण के बहाने हर घर जाकर लोगों के दुख सुख हाल-चाल जानने का एक अवसर मिलता है, और लोगों की समस्याएं से अवगत होते हैं जिसके बाद उन समस्याओं का यथा संभव निवारण भी करते हैं। इस पुनीत कार्य में उनके साथ उनकी टीम के रमेश सिंह (विधायक), गणेश शंकर तिवारी, अनिल द्विवेदी, अखिलेश शुक्ला, गुड्डू शर्मा, उमाकांत अवस्थी, शुभम सिंह, दीपक सिंह, अंकित यादव, काली दीन, रज्जू, बृजेश समेत अन्य संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# आवारा कुत्ते का कहर मासूम पर किया हमला हुआ लहूलुहान, खेत में खेलते समय बच्चे का नोचा कान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर के थाना तालगांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुजिया में एक आवारा कुत्ते ने मासूम पर हमला कर दिया। खेत में खेलते समय एक मासूम बच्चे पर कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। कुत्ते के हमले में 7 वर्षीय मासूम प्रशांत गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजनों द्वारा तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। घटना के संबंध में घायल बच्चे के पिता अनूप कुमार ने बताया कि उनका बेटा प्रशांत खेत में अपनी मां के साथ मौजूद था और आसपास ही खेल रहा था। इसी दौरान पास




के गन्ने के खेत से अचानक एक आवारा कुत्ता निकलकर आया और बच्चे पर झपट पड़ा कुत्ते ने प्रशांत के कान को बुरी तरह नोच डाला, जिससे उसका कान कट गया और वह लहूलुहान हो गया बच्चे की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर दौड़े और किसी तरह कुत्ते को भगाया। घटना के बाद परिजन घायल बच्चे को लेकर तुरंत जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को स्थिर बताया है चिकित्सकों के अनुसार बच्चे को एंटी-रेबीज इंजेक्शन सहित अन्य आवश्यक दवाएं दी जा रही हैं और वह डॉक्टरों की निगरानी में है इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ती जा रही है, लेकिन इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों के खिलाफ अभियान चलाकर उन्हें पकड़ने और उचित व्यवस्था करने के ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो!!

## ग्राम सभा नरायनपुर में ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार लोधी के नेतृत्व में कंबल वितरित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरायनपुर गांव में ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार लोधी के नेतृत्व में आयोजित विशाल खिचड़ी भोज एवं कंबल वितरण कार्यक्रम सामाजिक समरसता, सेवा और जनकल्याण का अनुपम उदाहरण बन गया। कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति ने ऐतिहासिक बना दिया। इस भव्य आयोजन में ग्राम सभा के तीन सौ से अधिक जरूरतमंद परिवारों को ठंड से राहत देने हेतु कंबल वितरित किए गए, जिससे गरीब एवं असहाय परिवारों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। प्रधान प्रदीप कुमार लोधी द्वारा एक ही स्थान पर सभी वर्गों को एकत्र कर समरसता भोज आयोजित करना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। जो व्यक्ति जनता के सुख-दुख में सहभागी बनता है, वही सच्चा जनसेवक होता है।' प्रधान प्रदीप कुमार लोधी ने बताया कि, ग्राम सभा



में हर वर्ष कंबल वितरण की परंपरा रही है, ताकि कोई भी परिवार ठंड से पीड़ित न रहे। कार्यक्रम में ग्राम सभा के सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने इस आयोजन की सफलता में योगदान दिया। इस मौके पर मुकेश कुमार, देशराज, श्यामलाल, दिनेश कुमार दीनदयाल, रावत, राममिलन, संजय, रामकुमार, मनोज कुमार, रामप्रसाद , रोहित त्यागी, गुड्डू, गुरूप्रसाद, रामदीन, रामखेलावन, राजकरन, अखिलेश, अरविंद, रामराज, संतराम सहित आदि मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व छात्राओं को किया गया जागरूक

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस की ओर से बुधवार को स्थानीय बाजार में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व छात्राओं को जागरूक किया गया। महिला उप निरीक्षक स्वाती वर्मा की अगुवाई में मिशन शक्ति टीम ने बाजार में महिलाओं को योजना के तहत मिलने वाली सुविधाओं से सम्बन्धित पर्चे बांटे। टीम ने 1090 व डॉयल 112 आदि टोल फ्री नम्बरों पर परेशानी में महिलाओं से पुलिस की मदद लेने के बाबत जानकारी बांटी। महिला उप निरीक्षक स्वाती वर्मा ने बताया कि थानों पर महिलाओं की समस्या के निदान के लिए अलग से काउण्टर बनाए गए हैं। जहां वे शिकायत कर सकती है। इस मौके पर महिला आरक्षी गुंजा सरोवर, श्वेता दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# 'अरावली पर नया संकट' पुस्तक का लोकार्पण—जल संरक्षण और पर्यावरण चेतना का सशक्त संदेश अलवर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में प्रसिद्ध जल संरक्षण कार्यकर्ता एवं वॉटरमैन ऑफ इंडिया डॉ. राजेन्द्र सिंह द्वारा लिखित तथा वरिष्ठ पर्यावरणविद् प्रो. भरत राज सिंह द्वारा संपादित पुस्तक 'अरावली पर नया संकट' का भव्य लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विदेशी प्रतिनिधिमंडल की गरिमामयी उपस्थिति व एस.एम.एस. के बी.बी.ए. के छात्र उत्कर्ष सिंह भी उपस्थित में, प्रतिनिधि मण्डल ने अलवर क्षेत्र का भ्रमण कर डॉ. राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में किए गए जल पुनर्भरण कार्यों—बावड़ियों, पोखरों, तालाबों एवं अन्य जलस्रोतों—को प्रत्यक्ष रूप से देखा। इन प्रयासों से न केवल जलस्रोतों में पुनः जल भराव हुआ, बल्कि भूमि की उर्वरता भी पुनर्जीवित हुई है। डॉ. राजेन्द्र सिंह ने पुस्तक के संपादन हेतु प्रो. भरत राज सिंह (वर्तमान में महानिदेशक (तकनीकी), स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ) के योगदान की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रो. सिंह द्वारा पुस्तक का संपादन, साथ ही सारगर्भित दोशब्द एवं भूमिका लेखन, इस कृति को और अधिक प्रामाणिक व प्रभावी बनाता है। यह पुस्तक अरावली क्षेत्र पर मंडराते पर्यावरणीय संकटों को रेखांकित करते हुए संरक्षण की दिशा में ठोस विमर्श प्रस्तुत करती है। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह के प्रयासों का भी उल्लेख किया गया। डॉ. राजेन्द्र सिंह ने बताया कि शरद सिंह के नेतृत्व में एसएमएस परिसर को रूफ-टॉप सोलर संयंत्र की स्थापना के माध्यम से



100% हरित ऊर्जा पर संचालित किया जा रहा है, जो सतत विकास की दिशा में एक अनुकरणीय पहल है। पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम ने जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन एवं हरित ऊर्जा के महत्व पर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सकारात्मक संदेश दिया।

### एसपी ने किया थाना औराई का निरीक्षण, इन्फ्रास्ट्रक्चर व आधुनिकीकरण कार्यों की गहन समीक्षा की

**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने जनपद थाना औराई का निरीक्षण किया , जहाँ उन्होंने थाना परिसर में चल रहे इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास एवं आधुनिकीकरण से संबंधित कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए; निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय एवं अन्य भवनों की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया तथा उन्हें और अधिक सुदृढ़, सुव्यवस्थित एवं जनोपयोगी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आधुनिक पुलिस व्यवस्था के अंतर्गत थानों एवं चौकियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे पुलिस कार्य प्रणाली अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बन सके; इसी क्रम में संचार व्यवस्था को सुदृढ़ करने, भवनों के नवीनीकरण, मरम्मत तथा पुराने व अव्यवस्थित ढांचों को सुधारने के निर्देश दिए गए। श्री मांगलिक ने यह भी निर्देशित किया कि थानों एवं चौकियों पर आने वाले आगंतुकों व आवेदकों के लिए स्वागत योग्य माहौल सुनिश्चित किया जाए, जहाँ नागरिक सम्मानपूर्वक अपनी शिकायतें दर्ज करा सकें; बैठने की उचित व्यवस्था, शिकायत निवारण की स्पष्ट प्रक्रिया तथा पुलिसकर्मियों के व्यवहार में संवेदनशीलता को प्राथमिकता दी जाए, ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो सके।

## अतिक्रमण हटाने के नोटिस पर व्यापारियों का विरोध, प्रशासन से वैकल्पिक व्यवस्था की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में शहर में नगर पालिका परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाने को लेकर जारी नोटिस के बाद बुधवार को बड़ी संख्या में मेडिकल व्यापारी और अन्य दुकानदार जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। जिला अस्पताल से लालबाग मार्ग तक सड़क के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई के विरोध में दुकानदारों ने सिटी मजिस्ट्रेट से मुलाकात कर अपनी परेशानियों को सामने रखा और मामले में पुनर्विचार करने की मांग की सैकड़ों दुकानदारों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा उन्हें सड़क सीमा में दुकानें आने का हवाला देते हुए नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस जिला अस्पताल से लालबाग मार्ग तक दोनों तरफ किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए दिया गया है नगर पालिका का कहना है कि चौराहों के सौंदर्यीकरण और सड़कों के चौड़ीकरण के उद्देश्य से यह कार्रवाई की जा रही है, ताकि यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके। मेडिकल व्यापारियों और दुकानदारों का कहना है कि वे वर्षों से यहां व्यवसाय कर रहे हैं और अचानक नोटिस मिलने से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। दुकानदारों ने



सिटी मजिस्ट्रेट को बताया कि इस मार्ग पर बड़ी संख्या में मेडिकल स्टोर और अन्य जरूरी सेवाओं की दुकानें हैं जिनके हटने से आम जनता को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है दुकानदारों ने मांग की कि प्रशासन उनके पक्ष को गंभीरता से सुने और निर्णय लेने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था या पर्याप्त समय उपलब्ध कराया जाए उन्होंने यह भी कहा कि यदि अतिक्रमण हटाना आवश्यक है, तो दुकानदारों को पुनर्वास या अन्य स्थान उपलब्ध कराने पर विचार किया जाए। वहीं प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि सड़क सीमा में आने वाले अतिक्रमण को हटाना अनिवार्य है। नोटिस के अनुसार, संबंधित दुकानदारों को 26 जनवरी तक स्वयं अतिक्रमण हटाने का समय दिया गया है इसके बाद नगर पालिका द्वारा कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने दुकानदारों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह कदम शहर के विकास और यातायात सुधार के लिए उठाया जा रहा है!!

## बाथरूम के बाहर अचानक गिरा हेड कांस्टेबल हुई मौत मचा हड़कंप, हार्ट अटैक की आशंका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर!** जनपद सीतापुर पुलिस लाइन में तैनात मुख्य आरक्षी की अचानक मौत से पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान 1995 बैच के मुख्य आरक्षी अनिल कुमार यादव के रूप में हुई है, जो मूल रूप से डलमऊ थाना क्षेत्र, जनपद रायबरेली के निवासी थे। बताया जाता है कि अनिल कुमार यादव बीते लगभग एक वर्ष से सीतापुर पुलिस लाइन में तैनात थे और अपनी शांत एवं अनुशासित कार्यशैली के लिए जाने जाते थे जानकारी के अनुसार, घटना देर शाम उस समय हुई जब मुख्य आरक्षी अनिल कुमार यादव खाना खाने के बाद बाथरूम की ओर जा रहे थे। इसी दौरान वह अचानक बाथरूम के बाहर जमीन पर गिर पड़े। साथ मौजूद सहकर्मियों ने उन्हें तुरंत संभालने की कोशिश की और चिकित्सकीय सहायता के लिए ले जाया गया, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण हार्ट अटैक माना जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों के पैनल द्वारा पोस्टमॉर्टम कराया गया, ताकि मृत्यु के सटीक कारणों की पुष्टि की जा सके। पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इसके बाद परिजन शव को लेकर अपने पैतृक गांव डलमऊ, रायबरेली के लिए रवाना हो गए। मुख्य आरक्षी अनिल कुमार यादव की अचानक हुई मृत्यु से पुलिस लाइन में शोक का माहौल है। साथी पुलिसकर्मियों और अधिकारियों ने उन्हें एक कर्तव्यनिष्ठ, मिलनसार और जिम्मेदार पुलिसकर्मी बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिस विभाग ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया है!!

### महिला से टप्पेबाजी के आरोप में दो पर केस



**लालगंज, प्रतापगढ़।** टप्पेबाजी कर महिला से नाक की कील ले जाने वाले आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उदयपुर थाना के नसीरपुर निवासी मो0 हासिम पुत्र हाफिज ने दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि बीस जनवरी को खेत में काम करने गयी उसकी दादी मोमिन बानो की नाक की कील टप्पेबाज झांसा देकर लेकर चले गये। उदयपुर के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## नहर पटरी कटने से यूसुफपुर गांव की गेहूं फसल जलमग्न, किसानों ने तहसील में किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के यूसुफपुर गांव के किसानों ने मंगलवार को तहसील परिसर में प्रदर्शन कर नष्ट हुई गेहूं की फसल का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। किसानों ने सामूहिक रूप से उपजिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी को प्रार्थना पत्र सौंपा। किसानों का कहना है कि गंगा एक्सप्रेसवे की ओर से नहर पर बनाए गए पुल और पटरी के क्षतिग्रस्त होने के कारण नहर का पानी उफनाकर गांव और खेतों में भर गया। इससे करीब 200 बीघे फसल जलमग्न हो गई, जबकि लगभग 80 बीघे गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। ग्रामीण नरेंद्र सिंह, ओम प्रकाश, रामखेलावन, कुशमा, सरजू देवी, भोला शंकर, सुंदर, फूला देवी, बबली, मीना, रामचरण, पीर मोहम्मद, राजेंद्र, किरन सहित अन्य किसानों ने बताया कि पुल के पास नहर पटरी की समय रहते मरम्मत नहीं कराई




गई। वर्तमान में भी नहर का पानी बहकर खेतों में भर रहा है, जिससे किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नहर पटरी की मरम्मत नहीं कराई गई। किसानों ने संयुक्त रूप से प्रार्थना पत्र देकर नष्ट हुई फसल के मुआवजे की मांग की है तथा गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण इकाई और नहर विभाग को जिम्मेदार ठहराया है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी ने किसानों को कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए हल्का लेखपाल को मौके पर जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रैक्टर एजेंसी संचालक के इकलौते बेटे की मौत,

### ● शादी की खुशियां मातम में बदलीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के बेहटा कला गांव के पास सोमवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रैक्टर एजेंसी संचालक के इकलौते बेटे की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सरायकुर्मी गांव निवासी रामशरन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका भतीजा दीपक वर्मा (19) सोमवार रात करीब 10:30 बजे बाइक से गांव से कस्बे की ओर आ रहा था। बेहटा कला गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां से हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से दीपक को लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। दीपक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और तीन बहनों—दीपिका, संदीपिका और मोनिका—का भाई था। वह पढ़ाई के साथ-साथ पिता के कारोबार में भी हाथ बंटाता था। परिवार में 8 फरवरी को बहन मोनिका की शादी होनी थी, जिसकी तैयारियां चल रही थीं,



लेकिन बेटे की मौत से खुशियां मातम में बदल गई। मां अनीता, पिता रामलखन और तीनों बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के चाचा की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## तहसीलदार के विरोध में अधिवक्ताओं का धरना, तहसील में न्यायिक कार्य ठप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** तहसील परिसर में बुधवार को बैसवारा अधिवक्ता एसोसिएशन के तत्वावधान में अधिवक्ताओं ने प्रभारी तहसीलदार के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। नायब तहसीलदार खीरों की अदालत में पारित एक आदेश को लेकर अधिवक्ता आक्रोशित थे। विरोध के चलते अधिवक्ताओं ने पूरे दिन न्यायिक कार्य से स्वयं को विरत रखा, जिससे तहसील में कामकाज पूरी तरह ठप हो गया और वादकारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। धरने के दौरान अधिवक्ताओं ने नारेबाजी की, जिससे तहसील परिसर में दिनभर तनावपूर्ण माहौल बना रहा। बैसवारा अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र नाथ सिंह ने आरोप लगाया कि तहसीलदार न्यायालय में गंभीर अनियमितताएं की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पत्रावलियों से छेड़छाड़ की जा रही है और सुनवाई की नियत तिथि से पहले ही आदेश पारित कर दिए जा रहे हैं, जो न्याय प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ है। अधिवक्ता केदारनाथ दीक्षित ने बताया कि उनके एक वाद में 14 नवंबर 2025 की तारीख नियत थी। 11 जनवरी को आदेश की जानकारी लेने पर पीठासीन अधिकारी ने बताया कि अभी कोई आदेश पारित नहीं हुआ है, जबकि बाद में पक्षकार ने जानकारी दी कि मामले में 2 दिसंबर को ही आदेश पारित हो चुका था। इस मामले के सामने आने के बाद अधिवक्ताओं में रोष फैल गया। अधिवक्ताओं ने प्रभारी तहसीलदार पर अभद्र व्यवहार का भी आरोप लगाया। उनका कहना है कि न्यायालय में पारदर्शिता समाप्त हो रही है, जिससे अधिवक्ताओं और वादकारियों का भरोसा टूट रहा है।

धरने में संगठन के महामंत्री सुरेश निगम, शिवशंकर पांडेय, रामनारायण श्रीवास्तव, अजीत प्रताप सिंह, संजय अवस्थी, पंकज मिश्रा, रामकिशुनन, श्यामू यादव, कुलदीप सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता शामिल रहे। अधिवक्ताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि जब तक जांच नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस प्रकरण को लेकर अधिवक्ताओं ने बृहस्पतिवार को प्रेस कांफ्रेंस बुलाने की घोषणा की है। वहीं उपजिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि अधिवक्ताओं द्वारा लगाए गए आरोप जांच का विषय हैं।

### 36 घण्टों बाद भी किशोरी के अपहरण कर्ता का कोई सुराग नहीं

**अपहृत किशोरी के परिजनों को सता रहा है किशोरी के साथ अनहोनी का डर**

**हमीरपुर :** बीते मंगलवार जनपद में बिवांर थाना क्षेत्र के महेरा गांव की अपहृत किशोरी और अपहरण कर्ता रिंकू उर्फ डूंगर सिंह का पुलिस 36 घण्टों बाद भी कोई सुराग नहीं लगा सकी है।वहीं किशोरी के परिजनों को डर सता रहा है कि ,कहीं उनकी बच्ची के साथ कोई अनहोनी न घटित हो जाए। पीड़ित परिवार के लोग उदास और गुमसुम बैठे हैं और घर में साहनुभूति जताने वाले आ-जा रहे हैं।पीड़ित पिता कुंदन ने बताया कि घर में किसी ने खान भी नहीं खाया है।बताया कि पकड़े गए आरोपियों की ओर से तरह-तरह की धमकियां भी आ रहीं हैं।बताया रात के समय पुलिस गांव व आसपास क्षेत्र ने पता करती घूमती रही है लेकिन अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है।किशोरी के पिता ने बताया कि वह खुद अपने स्तर से खोजबीन कर रहे हैं ,उन्हें पता चला है कि आरोपी रिंकू और उसकी पुत्री बीती रात पतरिया डेरा में रुके थे।वहीं मौदहा सीओ राजकुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए दो टीमें बनाई गई हैं।आरोपी के रिश्तेदारियों ,संपर्कियों और अन्य वैज्ञानिक तरीकों से खोज की जा रही है।

## मंदिर में बलि देने आए युवक को बांके समेत पकड़ा चेकिंग के दौरान बैग से धारदार हथियार बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर!** जनपद सीतापुर में धार्मिक नगरी तीर्थ नैमिषारण्य स्थित आदि शक्तिपीठ मां ललिता देवी मंदिर में आज शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब मंदिर परिसर में एक युवक के पास से धारदार हथियार बरामद हुआ यह घटना शाम करीब 5:30 बजे की है, जब बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शन-पूजन के लिए मंदिर में मौजूद थे। कुसेंन्द्र पुत्र विश्राम राजवंशी (26) मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात पर्यटन चौकी प्रभारी राजेश शुक्ला को युवक की गतिविधियां संदिग्ध लगीं क्योंकि वह बार-बार अपने हाथ में पकड़े बैग को खोलकर देख रहा था। शक होने पर पुलिस ने बैरिकेडिंग के पास युवक को रोककर अन्य पुलिसकर्मियों की मदद से बैग की तलाशी ली तलाशी के दौरान बैग से एक बाका (धारदार हथियार) बरामद हुआ। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर युवक ने चौंकाने वाला बयान दिया। उसने बताया कि वह अपनी मन्नत पूरी होने पर मंदिर में बली देने आया था और बाका की पूजा भी करके लाया है। युवक की इस बात को सुनकर मौके पर मौजूद श्रद्धालु और पुलिसकर्मी दंग रह गए। तत्काल उसे थाने ले जाया गया, जहां नाम-पता की जानकारी लेकर उसके परिजनों को बुलाया गया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि युवक की मानसिक स्थिति काफी समय से ठीक नहीं है। पुलिस की तत्परता से एक बड़ी और गंभीर घटना घटित होने से बच गई। उल्लेखनीय है कि ललिता देवी मंदिर में पूर्व में भी बली से जुड़ी घटनाएं सामने आ चुकी हैं कई वर्ष पूर्व मंदिर प्रांगण में




गला काटने की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है, वहीं कुछ मामलों में भक्तों द्वारा जीभ काटने जैसी घटनाएं भी हुई हैं इस संबंध में मंदिर के प्रधान पुजारी गोपाल शास्त्री ने स्पष्ट किया कि मां ललिता देवी वैष्णव शक्तिपीठ हैं और यहां किसी भी प्रकार की नरबली या पशुबलि का कोई विधान नहीं है। उन्होंने बताया कि मां को प्रसन्न करने के लिए केवल नारियल की भेंट चढ़ाने की परंपरा है!

## राशन चोरी मामले में ब्लॉक प्रमुख समेत तीन पर मुकदमा, महिला कोटेदार ने किया था खुलासा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में खाद्यान्न चोरी के मामले में जिलाधिकारी के निर्देश पर बड़ा एक्शन लिया गया है। शहर कोतवाली में भाजपा से बेहटा ब्लॉक प्रमुख एवं परिवहन ठेकेदार कल्पना वर्मा पत्नी नीरज वर्मा झल्लर सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है यह कार्रवाई जांच रिपोर्ट, महिला कोटेदार के बयान और वीडियो के आधार पर की गई है। खाद विपणन निरीक्षक शांतनु मिश्रा की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में परिवहन ठेकेदार कल्पना वर्मा, डीसीएम चालक नौशाद तथा एक अज्ञात परिचालक को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के पुराने सीतापुर का है जहां सोमवार देर रात महिला कोटेदार ने सरकारी



खाद्यान्न की चोरी को डीसीएम में रंगे हाथ पकड़ा था। बताया जाता कि महिला कोटेदार सहरिज फातिमा ने डीसीएम वाहन से चावल की 21 बोरियां पकड़ी थीं आरोप है कि चावल की बोरियां वाहन के केबिन और छत पर छिपाकर रखी गई थीं आरोप है कि चालक नौशाद चोरी की नीयत से खाद्यान्न को छिपाकर ले जा रहा था। इस दौरान कोटेदार ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बनाया जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। खाद्यान्न पकड़े जाने के बाद चालक और परिचालक वाहन व माल छोड़कर फरार हो गए थे महिला कोटेदार ने तत्काल जिला पूर्ति अधिकारी से शिकायत की थी। अपने बयान में सहरिज फातिमा ने आरोप लगाया कि सरकारी राशन की चोरी बड़े स्तर पर होती है और इसके पीछे एक लंबी चैन काम कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कार्रवाई करने के बजाय कुछ अधिकारी उन पर ही दबाव बना रहे थे। आरोप है कि ठेकेदार बैठकों में कालाबाजारी के चलते चालक नौशाद को ब्लैकलिस्ट करने की बात करते हैं लेकिन बाद में उसी चालक से खाद्यान्न की सप्लाई कराई जाती है साथ ही, महिला कोटेदार होने के बावजूद उनके कोटे पर रात के अंधेरे में सप्लाई भेजे जाने का भी आरोप लगाया गया। जांच के बाद डीएम के निर्देश पर अब मुकदमा दर्ज कर लिया गया है इंस्पेक्टर अनूप शुक्ला का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी!!

# ज्ञान और वैराग्य का पर्व है वसन्त पंचमी

धर्म, इतिहास और संस्कृति-तीनों मनुष्य जीवन के चित्र में हरे, लाल, पीले रंगों की तरह गहरे घुले-मिले तत्व हैं, यद्यपि इनमें तीनों के रंग अलग-अलग हैं। फिर भी इनकी पहचान करना में हम भूल कर सकते हैं, परन्तु पहचान करना कठिन नहीं है। धर्म वह शाश्वत तत्व है, जो अनादिकाल से मनुष्य के जीवन में आनन्द, सुख और शान्ति का कल्पवृक्ष बनकर लहरा रहा है। धर्म मानव की आन्तरिक चेतना की उपज है, आन्तरिक चेतना से ही उसका सीधा सम्बन्ध है। दया, करुणा, प्रेम, सद्भाव एक-दूसरे के प्रति निःस्वार्थ समर्पण, भौतिक इच्छाओं पर विवेक का अंकुश, सद्-असद् का विवेक और उसके अनुरूप आचरण-यह सब धर्म का रूप है। धर्म हमारी चेतना को ऊर्ध्वमुखी बनाता है, धर्म से ही मन में विरक्ता और भावों में पवित्रता की प्राणधारा संचरित होती है। इतिहास एक बीता हुआ सत्य है, भोगा हुआ अतीत है। मनुष्य ने भला-बुरा, सद्-असद् जो कुछ भी किया है, प्रेम और युद्ध, निर्माण और विध्वंस, उद्दाम इच्छाओं का खुला खेल अथवा किसी की रक्षा के लिए अपना बलिदान यह सब इतिहास के पृष्ठों पर अंकित है। इतिहास का रंग लाल और पीला है। जो मानव के द्वारा खेले गये खूनी खेल और किये गये निर्माणों का प्रतीक है। इतिहास मनुष्य की मूर्खता और समझदारी का जीता-जागता दस्तावेज होता है। वह दर्पण है, जिसमें मानव जाति का अतीत प्रतिबिम्बित है। संस्कृति हरे, पीले, लाल, सफेद फूलों का एक गुलदस्ता है। यह मनुष्य की उस जीवन धारा को सूचित करती है, जिसमें वह बह रहा है, बहता रहा है। उसकी मानसिक रुचियाँ, सुख-दुःख की संवेदनाएँ, खेलकूद, आमोद-प्रमोद की अभिव्यक्तियाँ, अतीत के प्रति जुड़ा अनुराग और भविष्य के प्रति जगे सपने, आशाएँ, अपेक्षाएँ जो, जिस रूप में अभिव्यक्त होती हैं, वह है संस्कृति।

संस्कृति एक प्रवाह है, जो निरन्तर गतिशील भी है, परिवर्तनशील भी है। देश, काल, समाज की परिस्थितियों के अनुसार संस्कृति बदलती रहती है। वातावरण, सम्पर्क और वैचारिक आदान-प्रदान से भी संस्कृति में संस्कार या विकार आते रहते हैं। संस्कृति की तस्वीर में इतिहास और धर्म दोनों ही अपना-अपना रंग लिए रहते हैं। इसलिए संस्कृति कभी स्थायी, कभी रीति-रिवाजों और कभी पर्व-त्यौहारों के रूप में भी प्रकट होती रहती है।संस्कृति जीवन का अंग है। भारतीय संस्कृति की एक विशेषता है कि उसमें समाज और धर्म दोनों का प्रतिबिम्ब एक साथ समाया रहता है। संस्कृति हमेशा ही मानव सभ्यता को विकास और विराटता की ओर ले जाती है। इसलिए हम संस्कृति को जीवन से अलग नहीं कर सकते। मानव-जीवन का एक पहलू धर्म से जुड़ा है तो दूसरा पहलू संस्कृति से जुड़ा हुआ है। पर्व, त्यौहार, उत्सव आदि सभी हमारी सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक हैं। संस्कृति के पवित्र सन्देशों को घर-घर और जन-जन तक पहुँचाने वाले दूत हैं- पर्व। आज वसन्त पंचमी का पर्व है, चारों ओर नये पीले केसरिया कपड़े नजर आ रहे हैं। लाउडस्पीकरों पर धुन गूँज रही है-मेरा रंग दे वसन्ती चोला। खेत-खलिहान सरसों के पीले-पीले फूलों की शोभा लिए दूर-दूर तक चमक रहे हैं। ऐसा लग रहा है, मानो प्रकृति ने फूलों के बहाने खेतों में सोना फैला दिया है और खेतों की स्वर्णिम आभा देखकर किसान का कोमल मन नाच रहा है। किसान के पसीने की बूँदें ही मानो स्वर्ण-फूल बनकर धरती के अंचल में दमक रही हैं। वसन्त ऋतु की यह सुहावनी छटा कुछ अलौकिक है। बड़ी जीवनदायिनी, आनन्द की वर्षा करने वाली और मन को प्रफुल्लता देने वाली है।

**वसन्त निर्माण का प्रतीक है**

पतझड़ के बाद वसन्त ऋतु का आगमन नव-निर्माण का प्रतीक है। विनाश के बाद नये विकास की सूचना लेकर वसन्त ऋतु आती है। जर्जर, मृतप्रायः प्राकृतिक वनस्पतियों में नव-जीवन अँगड़ाई लेने लगता है। सूखे वृक्षों पर नई-नई कोंपलें लगती हैं। मुर्झाये पौधों पर जैसे जीवन खेलने लगता है। सर्वत्र उल्लास उमड़ रहा है। इस अलौकिक शोभा के कारण ही वसन्त ऋतु को सब ऋतुओं से श्रेष्ठ और ऋतुराज कहा जाता है। *गीता में विद्या या सरस्वती का अवतरण दिवस

यों तो बसन्त पंचमी एक ऋतु-परिवर्तन का पर्व है। प्राकृतिक जीवन में नव उत्साह और नई उमंग के संचार का त्यौहार है। किन्तु भारत के प्राचीन ऋषि-मनीषियों ने इस पर्व को विद्या की देवी सरस्वती के साथ जोड़ दिया है।और वैदिक पुराणों की कथा के अनुसार आज के दिन विद्या देवता सरस्वती का धरा पर अवतरण हुआ था। अर्थात् आदिमानव ने आज के दिन अक्षर ज्ञान का अभ्यास करना प्रारम्भ कर दिया था। मनुष्य ने वर्णमाला और लिपिविद्या का ज्ञान सीखना आज के दिन प्रारम्भ किया था। इसलिए वसन्त पंचमी को विद्या देवता के अवतरण का दिन माना गया है।

**बसन्त पंचमी, काम-पूजा नहीं, काम-विजय का पर्व है**

इतिहासकारों का कहना है-प्राचीनकाल में भारत के गुरुकुलों में हजारों विद्यार्थी गुरुओं के चरणों में बैठकर विद्याध्ययन किया करते थे और अपने जीवन को सत्यं, शिवं, सुन्दरम् से जोड़ते थे। सबसे पहले सत्य का ज्ञान प्राप्त करते थे। फिर शिवं-कल्याण का मार्ग पहचानते थे। उसके बाद सौन्दर्य-कला-कौशल सीखते थे। परन्तु जब से भारत में वाम मार्ग का प्रभाव बढ़ा तो सत्यं, शिवं के स्थान पर केवल सुन्दर को महत्त्व दिया जाने लगा और लोग सरस्वती-पूजा छोड़कर कामदेव की पूजा करने लगे। वसन्त पंचमी के पवित्र पर्व पर सरस्वती-पूजा के स्थान पर मदन-महोत्सव मनाया जाने लगा। इसी कारण भारत में ज्ञान-विज्ञान का ह्रास हुआ और आचार-विचार में गिरावट आई। चरित्र का पतन हुआ। भारत के गुरुकुलों में जहाँ अन्य देशों से सैकड़ों, हजारों छात्र पढ़ने के लिए आते थे, ज्ञान प्राप्त करने आते थे। आज वहाँ भारत के छात्र ज्ञान प्राप्त करने विदेशों में जा रहे हैं। ज्ञान का, विद्या का यह ह्रास-पतन क्यों हुआ ? इसका कारण है कि सरस्वती के स्थान पर काम को महत्त्व दिया जाने लगा। सत्य के स्थान पर केवल 'सुन्दर' की पूजा होने लगी। यह सही है कि वसन्त ऋतु प्रफुल्लता की ऋतु है। प्रकृति की सुषमा अपने पूर्ण विकास में निखरती है। रंग-बिरंगे फूल खिलते हैं। न अधिक सर्दी, न अधिक गर्मी यह सब बातें मनुष्य के मन में भावनात्मक




परिवर्तन

**मदन-पूजा या मदन-दहन**

वसन्त पंचमी के कुछ दिन बाद महाशिवरात्रि का पर्व आता है। भारतीय संस्कृति पर शोध करने वालों का अनुमान है कि वसन्त पंचमी और महाशिवरात्रि का परस्पर सम्बन्ध है। वे इस पर्व को मदन-पूजा की जगह कुमारसंभव में वर्णित मदन-दहन अर्थात् काम-विजय का पर्व मानते हैं। इसकी पौराणिक कथा इस प्रकार है कि पार्वती ने शिव को पतिरूप में पाने का संकल्प किया। पार्वती को अपने अद्भुत सौन्दर्य का गर्व था। वह सोचती थी अपने रूप-सौन्दर्य, हाव-भाव द्वारा वह शिव की तपश्चर्या भंग करके उन्हें मोह-मुग्ध कर लेगी। हिमालय के देवदारू वन में जहाँ शिव अखण्ड तप में लीन थे, पार्वती वहाँ पहुँची, सहायता के लिए कामदेव को उन्हें प्रसन्न किया जा सकता है। यह जैन संस्कृति का ही नहीं, अपितु वैदिक संस्कृति का भी स्वर है जो हमें तप का महत्त्व बताता है। वसन्त पंचमी के साथ काम-पूजा का सम्बन्ध वास्तव में वाममार्ग की कुत्सित धारणा का चिह्न है, वास्तव में तो यह पर्व शिवशंकर की काम-विजय का पर्व है। पहले ज्ञान-पूजा करो, ज्ञान प्राप्त करो, फिर ज्ञान के द्वारा वैराग्य अर्थात् वीतराग भाव की प्राप्ति करो। इस प्रकार वसन्त पंचमी भारतीय संस्कृति का अध्यात्मोन्मुखी पर्व है और भगवान महावीर के इस सन्देश को चरितार्थ करती है। अज्ञान और मोह का नाश होने पर सम्पूर्ण ज्ञान का आलोक प्राप्त होता है और ज्ञान द्वारा मनुष्य मोह पर विजय प्राप्त कर वीतराग बनता है। वसन्त पंचमी का यही सन्देश आज आपके लिए है।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## डेनमार्क के पीछे क्यों पड़े हैं ट्रम्प?

डोनाल्ड ट्रंप का ग्रीनलैंड को लेकर आक्रामक रुख केवल एक भूभाग को हासिल करने की सनक भर नहीं है, बल्कि यह 21वीं सदी की बदलती वैश्विक राजनीति, संसाधनों की होड़ और महाशक्तियों के बीच उभरते नए शीतयुद्ध का संकेत है। ग्रीनलैंड, जो भौगोलिक रूप से भले ही बर्फ से ढका, विरल आबादी वाला द्वीप हो, आज अमेरिका, चीन और रूस के रणनीतिक नक्शे में एक अहम मोहरा बन चुका है। ट्रंप इसे अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए 'अनिवार्य' बताकर न केवल डेनमार्क की संप्रभुता को चुनौती दे रहे हैं, बल्कि यूरोपीय संघ को भी खुली चेतावनी दे रहे हैं कि अगर उसने अमेरिकी हितों के आड़े आने की कोशिश की, तो उसे भारी आर्थिक कीमत चुकानी होगी। ग्रीनलैंड का महत्व उसके आकार या जनसंख्या में नहीं, बल्कि उसकी भौगोलिक स्थिति और प्राकृतिक संसाधनों में निहित है। आर्कटिक क्षेत्र में स्थित यह द्वीप उत्तरी अमेरिका और यूरोप के बीच एक रणनीतिक सेतु की तरह है। शीत युद्ध के दौरान भी अमेरिका ने यहां सैन्य ठिकाने बनाए थे और आज भी वहां अमेरिकी रडार प्रणाली मौजूद है। जलवायु परिवर्तन के कारण जब आर्कटिक की बर्फ तेजी से पिघल रही है, तब नए समुद्री मार्ग खुल रहे हैं, जो वैश्विक व्यापार और सैन्य आवागमन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बनते जा रहे हैं। रूस पहले ही इन मार्गों पर अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है, जबकि चीन स्वयं को 'नियर-आर्कटिक स्टेट' घोषित कर इस क्षेत्र में निवेश और वैज्ञानिक गतिविधियों का विस्तार कर रहा है। ऐसे में अमेरिका को यह आशंका स्वाभाविक लगती है कि अगर उसने ग्रीनलैंड पर प्रभाव नहीं बढ़ाया, तो वह आर्कटिक की दौड़ में पिछड़ सकता है।

ट्रंप का तर्क है कि डेनमार्क ग्रीनलैंड की पर्याप्त सुरक्षा नहीं कर पा रहा और अमेरिका ही इसे प्रभावी ढंग से संरक्षित कर सकता है। लेकिन यह तर्क जितना सुरक्षा से जुड़ा दिखता है, उतना ही सत्ता और प्रभुत्व की भाषा से भरा हुआ है। किसी संप्रभु देश या स्वायत्त क्षेत्र को 'खरीदने' की बात करना औपनिवेशिक मानसिकता की याद दिलाता है, जिसे आधुनिक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था बहुत पहले खारिज कर चुकी है। ग्रीनलैंड के लोग स्वयं को कोई संपत्ति नहीं मानते, जिसे किसी सौदे के तहत एक हाथ से दूसरे हाथ में सौंप दिया जाए। डेनमार्क और ग्रीनलैंड की सरकारों ने ट्रंप के प्रस्ताव को सिरे से नकार कर यह स्पष्ट कर दिया है कि संप्रभुता कोई बिक्री योग्य वस्तु नहीं है।

असल चिंता केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है। ग्रीनलैंड दुर्लभ मिट्टी खनिजों का एक संभावित भंडार है, जिनका उपयोग आधुनिक तकनीक, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा प्रणालियों और इलेक्ट्रॉनिक्स में होता है। आज इन खनिजों पर चीन का प्रभुत्व है और अमेरिका इस निर्भरता को कम करना चाहता है। इसके अलावा, तेल और गैस के संभावित भंडार भी ग्रीनलैंड को ऊर्जा राजनीति के केंद्र में ला खड़ा करते हैं। ट्रंप जिस 'गोल्डन डोम' मिसाइल शील्ड की बात करते हैं, उसके लिए ग्रीनलैंड में मौजूद रडार और भौगोलिक स्थिति बेहद उपयोगी मानी जाती है। इस तरह ग्रीनलैंड अमेरिका के लिए केवल एक द्वीप नहीं, बल्कि सैन्य, आर्थिक और तकनीकी रणनीति का अहम हिस्सा बन जाता है।

यूरोपीय संघ ने इस पूरे घटनाक्रम में डेनमार्क के पक्ष में खड़े होकर अंतरराष्ट्रीय कानून और क्षेत्रीय अखंडता का समर्थन किया है। यूरोपीय संसद और सदस्य देशों का यह रुख इस बात का संकेत है कि यूरोप अब अमेरिकी दबाव के आगे बिना सवाल किए झुकने को तैयार नहीं है। लेकिन ट्रंप की राजनीति संवाद और कूटनीति से अधिक दबाव और धमकी पर आधारित रही है। उन्होंने टैरिफ को एक हथियार की तरह इस्तेमाल करते हुए पहले 10 प्रतिशत और फिर 25 प्रतिशत तक शुल्क लगाने की धमकी दी है, यदि ग्रीनलैंड पर उनकी शर्तों के अनुसार कोई समझौता नहीं होता।

इस पूरे विवाद में फ्रांस को विशेष रूप से निशाना बनाना ट्रंप की राजनीतिक शैली को उजागर करता है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा डेनमार्क के सैन्य समर्थन की बात कहने पर ट्रंप ने न केवल उनका मजाक उड़ाया, बल्कि फ्रांसीसी वाइन और निर्यात पर 200 प्रतिशत टैरिफ लगाने की चेतावनी दे डाली। यह केवल आर्थिक दबाव नहीं, बल्कि एक तरह का सार्वजनिक अपमान भी है, जिसका उद्देश्य यूरोप के भीतर फूट डालना और यह संदेश देना है कि अमेरिका के खिलाफ खड़े होने की कीमत चुकानी पड़ेगी। डेनमार्क, फ्रांस, स्वीडन समेत आठ यूरोपीय देशों पर इस तरह का दबाव डालना यह दर्शाता है कि ट्रंप की नजर में सहयोगी और प्रतिद्वंद्वी के बीच की रेखा बेहद धुंधली हो चुकी है।

यह विवाद वैश्विक राजनीति के एक बड़े



बदलाव की ओर इशारा करता है। शीत युद्ध के बाद जिस उदार अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की बात की जाती रही, उसमें नियमों, संस्थाओं और बहुपक्षीय सहमति को महत्व दिया गया। लेकिन ट्रंप की नीति शक्ति, सौदेबाजी और दबाव पर आधारित है। उनके लिए अंतरराष्ट्रीय कानून तब तक मायने रखता है, जब तक वह अमेरिकी हितों के अनुकूल हो। ग्रीनलैंड प्रकरण इसी सोच का उदाहरण है, जहां एक रणनीतिक हित को पूरा करने के लिए संप्रभुता, आत्मनिर्णय और साझेदारी जैसे सिद्धांतों को हाशिए पर डाल दिया गया है।

इसका दीर्घकालिक प्रभाव केवल अमेरिका और यूरोप के रिश्तों तक सीमित नहीं रहेगा। आर्कटिक क्षेत्र धीरे-धीरे एक नए भू-राजनीतिक तनाव का केंद्र बनता जा रहा है। यदि महाशक्तियां यहां सहयोग के बजाय प्रतिस्पर्धा और सैन्यीकरण का रास्ता अपनाती हैं, तो यह क्षेत्र संघर्ष का नया मैदान बन सकता है। ग्रीनलैंड के मूल निवासियों और वहां के पर्यावरण पर इसका क्या असर होगा, इस पर शायद ही कोई गंभीर चर्चा हो रही है। जलवायु परिवर्तन से जूझते इस क्षेत्र को सैन्य और औद्योगिक हितों के हवाले करना भविष्य के लिए खतरनाक संकेत है।

अंततः ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप का रुख यह सवाल खड़ा करता है कि क्या आज की दुनिया फिर से उस दौर की ओर लौट रही है, जहां ताकत ही कानून हुआ करती थी। यूरोप का विरोध और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की प्रतिक्रिया यह तय करेगी कि इस तरह की राजनीति को कितना स्वीकार किया जाएगा। अगर ग्रीनलैंड को एक सौदे की तरह देखने की प्रवृत्ति को चुनौती नहीं दी गई, तो कल कोई और क्षेत्र, कोई और देश इसी तरह की महाशक्ति राजनीति का शिकार बन सकता है। यह केवल ग्रीनलैंड का मामला नहीं, बल्कि उस वैश्विक व्यवस्था की परीक्षा है, जिसे नियमों और सहमति के आधार पर टिके रहने का दावा किया जाता है।

**महेन्द्र तिवारी**

# अमेरिकी नीतियां, चीन, लैटिन अमेरिका तथा नाटो देश को एक होने का मौका दे रहीं

समकालीन वैश्विक राजनीति के परिदृश्य में यह प्रश्न बार-बार उभरकर सामने आता है कि क्या लैटिन अमेरिका, चीन और नाटो एक साझा मंच पर आकर अमेरिका और विशेष रूप से डोनाल्ड ट्रंप जैसी आक्रामक राष्ट्रवादी सोच का विरोध कर सकते हैं। यह प्रश्न जितना सरल दिखता है उतना ही जटिल है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय राजनीति भावनाओं से नहीं बल्कि हितों, संतुलन और शक्ति-संरचनाओं से संचालित होती है। ट्रंप का राजनीतिक व्यक्तित्व और उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति विश्व व्यवस्था में एक प्रकार का व्यवधान रही है जिसने मित्रों को असहज और विरोधियों को मुखर किया, चीन के संदर्भ में देखें तो वह लंबे समय से अमेरिकी वर्चस्व को चुनौती देता आया है और ट्रंप के कार्यकाल में व्यापार युद्ध, तकनीकी प्रतिबंध, ताइवान और दक्षिण चीन सागर जैसे मुद्दों ने इस टकराव को और गहरा किया, चीन का विरोध वैचारिक कम और रणनीतिक अधिक है क्योंकि वह किसी एक व्यक्ति या सरकार से नहीं बल्कि अमेरिकी प्रभुत्व की संरचना से टकरा रहा है, दूसरी ओर नाटो की स्थिति बिल्कुल भिन्न है क्योंकि नाटो स्वयं अमेरिका के सैन्य, आर्थिक और रणनीतिक नेतृत्व पर टिका हुआ संगठन है, ट्रंप ने नाटो देशों को कई बार कठघरे में खड़ा किया, रक्षा खर्च बढ़ाने की मांग की और यहां तक कहा कि अमेरिका मुफ्त में यूरोप की सुरक्षा नहीं करेगा, इससे यूरोपीय देशों में असंतोष अवश्य बढ़ा लेकिन यह असंतोष विद्रोह में नहीं बदल सका क्योंकि नाटो की आत्मा ही अमेरिका की सैन्य शक्ति है और रूस जैसे कारकों के रहते नाटो अमेरिका से अलग खड़ा होने का जोखिम नहीं उठा सकता, अब यदि लैटिन अमेरिका की ओर देखें तो वहां अमेरिका के प्रति दृष्टिकोण ऐतिहासिक रूप से संशयपूर्ण रहा है, शीत युद्ध के दौर से लेकर आज तक अमेरिकी हस्तक्षेप, तख्तापलट और आर्थिक दबावों की स्मृति अभी भी जीवित है, क्यूबा, वेनेजुएला और निकारागुआ जैसे देश खुलकर अमेरिका विरोधी रुख अपनाते हैं जबकि ब्राज़ील, मैक्सिको और अर्जेंटीना जैसे देश यथार्थवादी संतुलन की नीति पर चलते हैं, चीन ने इस क्षेत्र में निवेश, ऋण और अवसंरचना के माध्यम से अपनी पैठ बढ़ाई है जिससे अमेरिका की चिंता स्वाभाविक है लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि पूरा लैटिन अमेरिका एक स्वर में अमेरिका या ट्रंप के खिलाफ खड़ा हो जाएगा, इसी व्यापक परिदृश्य में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि भारत न तो चीन की तरह खुला टकराव चाहता है और न ही नाटो की तरह किसी एक शक्ति पर निर्भर रहना, भारत की विदेश नीति रणनीतिक स्वायत्तता पर आधारित है जहां वह अमेरिका के साथ भी साझेदारी करता है, रूस के साथ भी ऐतिहासिक संबंध निभाता है और पश्चिम एशिया के देशों के साथ भी संतुलित रिश्ते बनाए रखता है, ट्रंप के कार्यकाल में भारत-अमेरिका संबंधों में रक्षा, तकनीक और रणनीतिक सहयोग बढ़ा लेकिन व्यापार और वीज़ा जैसे मुद्दों पर मतभेद भी सामने आए, भारत ने स्पष्ट किया कि वह किसी भी वैश्विक गुटबंदी का हिस्सा बनकर किसी तीसरे देश के खिलाफ खड़ा नहीं होगा, रूस की स्थिति इससे अलग लेकिन उतनी ही निर्णायक है, रूस स्वयं अमेरिका और नाटो के विस्तार को अपनी सुरक्षा के लिए खतरा मानता है और यूक्रेन युद्ध के बाद उसका पश्चिम से टकराव खुलकर सामने आ चुका है, ट्रंप के प्रति रूस का रुख विरोधाभासी रहा है, एक ओर ट्रंप की नाटो विरोधी बयानबाजी रूस को अनुकूल लगती रही, दूसरी ओर अमेरिकी संस्थागत नीति रूस के प्रति कठोर बनी रही, रूस चीन के साथ सामरिक समीकरण तो बनाता है लेकिन वह भी चीन का जूनियर पार्टनर बनना नहीं चाहता, इसलिए वह बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की बात करता है जहां अमेरिका का एकाधिकार टूटे लेकिन कोई नया वर्चस्व न बने, पश्चिम एशिया के देशों की प्रतिक्रिया और भी व्यावहारिक है क्योंकि यह क्षेत्र ऊर्जा, सुरक्षा और भू-राजनीति का केंद्र है, सऊदी अरब, यूएई और खाड़ी देश अमेरिका के लंबे समय से रणनीतिक साझेदार रहे हैं लेकिन ट्रंप की अनिश्चित नीतियों, ईरान समझौते से बाहर निकलने और क्षेत्रीय अस्थिरता ने इन्हें वैकल्पिक संबंध तलाशने को प्रेरित किया, इसी कारण इन देशों ने चीन और रूस के साथ भी अपने रिश्ते मजबूत किए जबकि ईरान खुलकर अमेरिका विरोधी धुरी का हिस्सा बना रहा, इज़राइल की स्थिति अलग है जो अमेरिका का सबसे करीबी सहयोगी है और ट्रंप के कार्यकाल में उसे खुला समर्थन मिला, पश्चिम एशिया के अधिकांश देश किसी वैचारिक मोर्चेबंदी के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हैं, वे न तो अमेरिका से पूर्ण दूरी बनाना चाहते हैं और न ही चीन या रूस के खेमे में पूरी तरह जाना चाहते हैं, इन सभी प्रतिक्रियाओं को जोड़कर देखें तो स्पष्ट होता है कि वैश्विक राजनीति किसी एक बड़े गठबंधन के निर्माण की ओर नहीं बल्कि जटिल संतुलनों की ओर बढ़ रही है, चीन, नाटो, लैटिन अमेरिका, भारत, रूस और पश्चिम एशिया सभी अपने-अपने संदर्भ में अमेरिका और ट्रंप की नीतियों से असहज रहे हैं लेकिन उनकी असहजता की दिशा और गहराई अलग-अलग है, ट्रंप जैसे नेता इस असहजता को और उजागर करते हैं क्योंकि वे कूटनीति की पारंपरिक भाषा से हटकर सीधी और कई बार टकरावपूर्ण शैली अपनाते हैं, इससे विरोध के स्वर तेज होते हैं लेकिन साझा मंच नहीं बनता, आज की दुनिया न तो शीत युद्ध जैसी स्पष्ट ध्रुवीयता में है और न ही किसी एक शक्ति के इर्द-गिर्द घूम रही है, यह एक संक्रमणकाल है जहां हर देश अपने लिए अधिकतम लाभ और न्यूनतम जोखिम की नीति अपना रहा है, इसलिए यह कहना अधिक यथार्थपरक होगा कि अमेरिका और ट्रंप का विरोध होगा लेकिन वह अलग-अलग रास्तों से होगा, अलग-अलग कारणों से होगा और अलग-अलग सीमाओं के भीतर होगा, संयुक्त मोर्चे की कल्पना राजनीतिक भाषणों में आकर्षक लग सकती है लेकिन व्यवहार में दुनिया बहुध्रुवीय संतुलन की कठिन लेकिन अपरिहार्य राह पर आगे बढ़ रही है ।

**संजीव ठाकुर**

# ज़मीन के नीचे छिपा खतरा, पहाड़ों पर चुनौती

**आतंक के नए मॉडल ने कश्मीर की शांति और पर्यटन पर फिर उठाए सवाल**

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के दुर्गम सोनार गांव में सामने आया ऑपरेशन त्राशी-1 सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि आतंकवाद के बदले हुए चेहरे की गवाही है। 12 हजार फीट की ऊंचाई पर, घने जंगलों और कठिन पहाड़ी रास्तों के बीच जमीन के नीचे बना आतंकी ठिकाना इस बात का संकेत है कि आतंकी संगठन आज भी सक्रिय हैं और नई रणनीतियों के साथ सुरक्षा तंत्र को चुनौती दे रहे हैं। तीन दिन तक चले इस ऑपरेशन में जब सुरक्षाबलों को मुठभेड़ स्थल से मात्र दो किलोमीटर दूर एक ऐसा ठिकाना मिला, जिसमें तीन महीने का राशन, गैस सिलेंडर, देसी घी, मसाले, कंबल और रोजमर्रा की जरूरतों का हर सामान मौजूद था, तो यह साफ हो गया कि यह कोई तात्कालिक या अस्थायी व्यवस्था नहीं थी, बल्कि लंबी तैयारी का नतीजा थी। यह ठिकाना पहाड़ काटकर बनाया गया था और इसमें आने-जाने के कई रास्ते थे, जिससे यह अंदेशा मजबूत होता है कि आतंकी यहां लंबे समय तक टिकने की योजना बना चुके थे। सुरक्षा एजेंसियों के लिए सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतनी दुर्गम जगह पर इतना भारी सामान आखिर कैसे पहुंचाया गया। पूर्व डीजीपी एसपी वैद्य का यह कहना कि यह राशन सीमा पार से लाना संभव नहीं है, इस संदेह को और पुख्ता करता है कि आतंकियों को स्थानीय स्तर पर मदद मिली होगी। यही वजह है कि करीब 30 लोगों से पूछताछ की जा रही है और स्थानीय ओवरग्राउंड वर्कर्स के नेटवर्क को खंगाला जा रहा है। यह घटना बताती है कि आतंकवाद सिर्फ सीमा पार से घुसपैठ का मामला नहीं रहा, बल्कि यह स्थानीय सहयोग, डर और दबाव के जरिए जड़ों तक फैलने की कोशिश कर रहा है। किश्तवाड़ की यह मुठभेड़ उस समय हुई है, जब घाटी में हालात सामान्य होने की धारणा मजबूत हो रही थी।

पर्यटन में तेजी, अमरनाथ यात्रा की तैयारियां और केंद्र सरकार की ओर से सुरक्षा समीक्षा बैठकों ने यह संकेत दिया था कि कश्मीर धीरे-धीरे स्थिरता की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में यह हमला एक सोची-समझी 'काउंटर सिग्नलिंग' रणनीति का हिस्सा लगता है। खुफिया एजेंसियों का मानना है कि पाकिस्तानी आतंकी गुट अब बड़े पैमाने पर हिंसा की बजाय लो-इंटेंसिटी लेकिन हाई-विजिबिलिटी ऑपरेशन पर जोर दे रहे हैं। उद्देश्य यह नहीं कि किसी इलाके पर कब्जा किया जाए, बल्कि यह कि एक छोटी घटना की गूंज से बड़े पैमाने पर डर पैदा हो, ताकि सामान्य हालात और पर्यटन के बूम की छवि को कमजोर किया जा सके। पिछले अनुभव बताते हैं कि ऐसी घटनाओं का असर लंबे समय तक रहता है। आतंकी हमलों के बाद पर्यटकों की बुकिंग में 60 से 75 प्रतिशत तक गिरावट देखी गई है। होटल ऑक्यूपेंसी, जो सामान्य दिनों में 70 से 80 प्रतिशत रहती है, वह 25 से 30 प्रतिशत तक सिमट जाती है। इसका सीधा असर स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। टैक्सी चालक, घोड़ा-खच्चर वाले, टूर गाइड और छोटे कारोबारी महीनों तक बेरोजगारी का सामना करते हैं। इस तरह आतंकवादी एक गोली चलाए बिना भी सैकड़ों परिवारों की आजीविका को प्रभावित कर देते हैं। यही उनकी रणनीति का असली मकसद है।डर का ऐसा माहौल बनाना, जिससे विकास और सामान्य जीवन की रफ्तार थम जाए। ऑपरेशन त्राशी-1 यह भी दिखाता है कि आतंकवाद ने तकनीक और भूगोल दोनों के लिहाज से खुद को ढाल लिया है। जमीन के नीचे बने ठिकाने, कई एंट्री-एग्जिट प्वाइंट, लंबी अवधि का राशन और ऊंचाई पर टिकने की तैयारी इस बात का संकेत है कि आतंकी अब गुरिल्ला युद्ध के साथ-साथ सर्वाइवल मोड में भी माहिर हो चुके हैं। यह सुरक्षा बलों के लिए एक नई चुनौती है, क्योंकि ऐसे ठिकानों का पता लगाना पारंपरिक खुफिया तरीकों से कहीं ज्यादा मुश्किल हो जाता है। इसके लिए स्थानीय इनपुट, टेक्नोलॉजी आधारित सर्विलांस और नागरिकों के साथ विश्वास का रिश्ता बेहद जरूरी हो जाता है। इस पूरे परिदृश्य में पाकिस्तान की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भले ही यह राशन सीमा पार से न आया हो, लेकिन आतंकियों को प्रशिक्षित करने, उन्हें वैचारिक समर्थन देने और नैरेटिव वॉर चलाने में पाकिस्तान की भूमिका बार-बार सामने आती रही है। भारत का अनुभव रहा है कि पाकिस्तान पर भरोसा नहीं किया जा सकता। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति की बात करने और जमीनी हकीकत में आतंक को हवा देने का यह दोहरा चरित्र नया नहीं है। किश्तवाड़ की घटना इसी सच्चाई की याद दिलाती है कि जब तक सीमा पार से प्रायोजित आतंकवाद का ढांचा पूरी तरह खत्म नहीं होता, तब तक सतर्कता में कोई ढील नहीं दी जा सकती। हालांकि, यह भी सच है कि सुरक्षा बलों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई ने एक बड़े खतरे को समय रहते उजागर कर दिया। अगर यह ठिकाना लंबे समय तक सक्रिय रहता, तो यह पूरे क्षेत्र के लिए गंभीर सुरक्षा चुनौती बन सकता था। सेना और अन्य एजेंसियों की इस सफलता ने यह संदेश दिया है कि आतंकियों की हर चाल पर नजर रखी जा रही है।

लेकिन साथ ही यह चेतावनी भी है कि खतरा टला नहीं है, सिर्फ उसका स्वरूप बदला है। कश्मीर में शांति और विकास की राह आसान नहीं है। एक ओर सड़कें, स्कूल, अस्पताल और पर्यटन ढांचा मजबूत हो रहा है, तो दूसरी ओर आतंकवाद अपनी आखिरी सांसों में भी सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। ऐसे में जरूरी है कि सुरक्षा, विकास और विश्वास तीनों को साथ लेकर चला जाए। स्थानीय युवाओं को रोजगार और शिक्षा के अवसर देना, समाज को आतंक के खिलाफ खड़ा करना और सीमा पार के झूठे नैरेटिव का जवाब तथ्यों और स्थिरता से देना ही इसका रास्ता है। ऑपरेशन त्राशी-1 एक छोटी घटना लग सकती है, लेकिन इसका असर और संदेश बहुत बड़ा है। यह बताता है कि आतंकवादी आज भी सक्रिय हैं, उनकी रणनीतियां बदल रही हैं और उनका लक्ष्य अब भी वही है।डर पैदा करना और सामान्य जीवन को बाधित करना। भारत के लिए यह समय आत्मसंतोष का नहीं, बल्कि निरंतर सतर्कता और मजबूत संकल्प का है। जब तक आतंक के हर ठिकाने, चाहे वह जमीन के ऊपर हों या नीचे, पूरी तरह खत्म नहीं हो जाते, तब तक शांति की यह लड़ाई जारी रहेगी।

**कांतिलाल मांडोत**

# क्या सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद ही विद्या के मंदिरों में शिक्षकों की कमी दूर होगी?

हाल ही में देश की सर्वोच्च अदालत की दो सदस्यीय पीठ माननीय न्यायमूर्ति श्री जे.बी. पार्दीवाला एवं श्री महादेवन ने देशभर के शासकीय एवं निजी कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को लेकर कड़ी टिप्पणी करते हुए राज्य सरकारों को चार माह के भीतर भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं । शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश निस्संदेह छात्र हित में उठाया गया एक स्वागत योग्य कदम है, जिसकी देशभर के विद्यार्थी सराहना कर रहे हैं । यह सर्वविदित है कि शिक्षा और स्वास्थ्य, देश के नागरिकों के मूलभूत अधिकारों में शामिल हैं । साथ ही यह भी सत्य है कि सामाजिक क्षेत्र की सेवाएँ होने के कारण केंद्र और राज्य सरकारों को इन दोनों क्षेत्रों पर अपने बजट का एक बड़ा हिस्सा प्रतिवर्ष खर्च करना पड़ता है, जबकि प्रत्यक्ष आर्थिक आय बहुत कम या नगण्य होती है । इसके बावजूद यदि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार कमी दिखाई दे रही है, तो यह सरकारों और समाज दोनों के लिए गंभीर चिंतन का विषय होना चाहिए। शिक्षकों की कमी को लेकर सुप्रीम कोर्ट की फटकार ने एक बार फिर देश की वास्तविक स्थिति को उजागर कर दिया है। आज समस्या केवल कॉलेजों और विश्वविद्यालयों तक सीमित नहीं है, बल्कि सरकारी स्कूलों की हालत और भी चिंताजनक है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 में निर्धारित छात्र-शिक्षक अनुपात आज भी अधिकांश स्कूलों में पूरा नहीं हो पा रहा है । देशभर में अनेक स्कूल शिक्षक विहीन या एकल शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं, वहीं कई विद्यालय अतिथि शिक्षकों (गेस्ट फैकल्टी) के सहारे चल रहे हैं । उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थिति भी इससे अलग नहीं है । यदि गेस्ट फैकल्टी की व्यवस्था न होती, तो हालात और भी दयनीय होते । यही स्थिति स्वास्थ्य सेवाओं में भी देखने को मिलती है, जहाँ चिकित्सकों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के अनेक पद वर्षों से रिक्त पड़े हैं । अब प्रश्न यही है क्या सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद ही शिक्षकों की कमी दूर होगी, या फिर सरकारें आर्थिक तंगी का हवाला देकर समय मांगती रहेंगी ? राज्य सरकारें शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में भर्तियाँ तो करती हैं, किंतु ये भर्तियाँ आवश्यकता के अनुपात में अपर्याप्त रहती हैं । इसके पीछे प्रमुख कारण आर्थिक सीमाएँ हैं । वर्तमान में केंद्र और राज्य सरकारों के बजट का बड़ा हिस्सा मुफ्त योजनाओं पर खर्च हो रहा है, जिनका लाभ कई बार आर्थिक रूप से सक्षम लोग भी उठा रहे हैं । यदि मुफ्त योजनाओं का लाभ वास्तव में केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक सीमित किया जाए और महंगाई के अनुरूप सीधी आर्थिक सहायता दी जाए, तो जरूरतमंदों की वास्तविक सहायता संभव हो सकती है । इसके साथ ही वृद्धावस्था पेंशन योजनाओं की राशि में भी महंगाई के अनुरूप वृद्धि आवश्यक है और इसका लाभ 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी महिला-पुरुषों को मिलना चाहिए । आधुनिक समय में एकल परिवारों की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण कई बुजुर्ग अपने ही बच्चों द्वारा उपेक्षित होकर असहाय स्थिति में जीवन जीने को मजबूर हैं । ऐसे में सरकार की योजनाएं ही उनके लिए अंतिम सहारा बनती हैं। यदि सभी राजनीतिक दल और सरकारें आर्थिक मापदंड तय कर मुफ्त योजनाओं का सही लक्षित वितरण करें, तो राज्य सरकारों के पास इतना संसाधन अवश्य बचेगा कि वे रिक्त पदों की पूर्ति कर सकें और युवाओं को रोजगार दे सकें । पदों की पूर्ति करना राज्य सरकारों का दायित्व है । जब सरकारें शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सेवाओं में ही वित्तीय संकट का हवाला देकर असमर्थता जताती हैं, तब सर्वोच्च अदालत का हस्तक्षेप आवश्यक हो जाता है । एक प्रसिद्ध कहावत है यदि किसी राज्य का विकास कुछ वर्षों के लिए करना हो, तो अच्छी सड़कें बनाइए यदि



पचास-सौ वर्षों के लिए राज्य का विकास करना हो, तो वहा अच्छे बाँध और जल स्रोत बनाइए और यदि हजारों वर्षों तक राज्य का विकास चाहते हो, तो अपनी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाइए । भारत की प्राचीन शिक्षा व्यवस्था इतनी समृद्ध और वैभवशाली थी कि तक्षशिला, नालंदा, काशी और उज्जैन जैसे ज्ञान के केंद्रों ने विश्व को दिशा दी । शून्य, दशमलव, शल्य चिकित्सा और जीवन-दर्शन जैसे ज्ञान का उल्लेख हमारे वेदों और ग्रंथों में हजारों वर्ष पहले ही मिल जाता है । आज आवश्यकता है कि केंद्र और राज्य सरकारें अपनी गैर-जरूरी योजनाओं की समीक्षा कर शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निवेश बढ़ाएं, पर्याप्त शिक्षकों और संसाधनों की व्यवस्था करें और विद्या के मंदिरों को पुनः ज्ञान का केंद्र बनाएं। तभी भारत एक बार फिर विश्व गुरु बनने की दिशा में अग्रसर हो सकेगा।

**अरविंद रावल**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सिंदुरिया चौकी क्षेत्र से नहर में मोटरसाइकिल चोरी की बरामद

**ठूठीबारी/महराजगंज** सिंदुरिया चौकी क्षेत्र के अंतर्गत नहर में गाड़ी गई चोरी की मोटरसाइकिल को पुलिस ने सफलतापूर्वक बरामद कर लिया है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी (SHO) राजकुमार सिंह एवं चौकी इंचार्ज सारिका सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस को सूचना मिलने के बाद टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। कांस्टेबलों के अथक प्रयास और सूझबूझ से नहर में दबी हुई मोटरसाइकिल को बाहर निकाला गया। जांच में पुष्टि हुई कि मोटरसाइकिल चोरी की थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस सफल बरामदगी से क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता और अपराध नियंत्रण को लेकर आमजन में विश्वास बढ़ा है।

### जरूरत मंन्दो को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बभनजोत ने वितरण किया कंबल



**मनकापुर गोण्डा:** सर्दी को देखते हूए मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बभनजोत नीरज पटेल ने हथिया गढ़ मे दुर्गा मंदिर के पास मे मंगलवार को सुबह कंबल वितरित कर उपस्थित लोगो को सर्दी से बचने का अपील किया।कंबल वितरण कार्यक्रम मे हथिया गढ़, मुबारक पुर ग्रांट, केशव नगर, बढ़ौली पुर, रेहार टपाकी, बैजल पुर सहित कई ग्राम पंचायत के जरूरत मंन्दो को लगभग 500 कंबल वितरण इसी क्रम मे अल्ली पुर जन कल्याण आयुर्वेदिक लघु माध्यमिक विद्यालय परिसर मे कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बभनजोत नीरज पटेल के मुख्य अतिथि की उपस्थिति मे अल्ली पुर, अलाउद्दीन पुर, बैज पुर, सहित दर्जनों ग्राम पंचायत के जरूरत मंन्दो को लगभग पांच सौ कंबल वितरण किया गया। ग्रामीणों ने कंबल पाकर खुशी जाहिर किया और इस नेक आयोजन का भूरी भूरी प्रशंसा किया और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पप्पू शुक्ला, महामंत्री राम पुजारी वर्मा, मनीष पाण्डेय, मडल अध्यक्ष मधुप सिँह, महा मंत्री अमर नाथ पाण्डेय, इंद्र बहादुर राम जीत वर्मा, सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### शत प्रतिशत लाभार्थियों का बने आयुष्मान कार्डः सीडीओ



**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की मासिक समीक्षा बैठक बुधवार को सीएमओ कार्यालय स्थित धन्वंतरि सभागार में आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। सीडीओ ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत शत प्रतिशत पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित कर कार्य किया जाए, जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे। टीबी मुक्त अभियान के तहत स्क्रीनिंग बढ़ाने पर विशेष बल देते हुए प्रभावी रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों व कर्मचारियों को निर्धारित ड्रेस में रहने, मरीजों से शालीन व्यवहार करने तथा बेहतर उपचार उपलब्ध कराने को कहा, साथ ही क्षतिग्रस्त भवनों की मरम्मत, गर्भवती महिलाओं व बच्चों के पूर्ण टीकाकरण, ग्राम स्वास्थ्य दिवस पर सेवाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धता तथा जन्म-मृत्यु पंजीकरण समय से कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल गुप्ता सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान का माइक्रोप्लान तैयार

**देवरिया।** राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान का सातवां चरण 22 जनवरी से प्रारंभ होकर 10 मार्च तक संचालित किया जाएगा। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. श्रीनिवास प्रसाद ने जनपद के सभी 16 विकास खंडों के पशु चिकित्साधिकारियों को अपने-अपने ग्राम पंचायतों का माइक्रोप्लान तैयार कर पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में विकास खंड बैतालपुर के पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी ने बताया कि टीकाकरण हेतु माइक्रोप्लान तैयार कर लिया गया है। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दीग्विजय यादव के निर्देशन में विभागीय टीमें बैतालपुर की सभी ग्राम पंचायतों में पहुंचकर पशुओं को निःशुल्क टीका लगाएंगी। उन्होंने बताया कि खुरपका-मुंहपका का टीका वर्ष में दो बार लगाया जाता है, जिसकी प्रभावशीलता लगभग छह माह रहती है। निर्धारित समय पर दूसरा टीका लगवाने से पशु पूरे वर्ष सुरक्षित रहते हैं। सामूहिक टीकाकरण से इस रोग के संक्रमण को प्रभावी ढंग से रोका जा सकता है।

# गोरखपुर में एंटी करप्शन की बड़ी कार्रवाई, टेंडर बाबू रंगेहाथ गिरफ्तार, बिजली विभाग में हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
ब्यूरो/शत्रुघ्नं मणि त्रिपाठी




**गोरखपुर** में बुधवार दोपहर एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विद्युत वितरण मंडल द्वितीय के टेंडर बाबू अभिषेक भारती को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई मोहद्दीपुर इलाके में उस समय की गई, जब अभिषेक भारती ठेकेदार से पांच हजार रुपये की घूस ले रहा था। अचानक हुई इस कार्रवाई से बिजली विभाग में अफरातफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अभिषेक भारती लंबे समय से विद्युत वितरण मंडल द्वितीय के कार्यालय में टेंडर बाबू के पद पर तैनात था। आरोप है कि वह ठेकेदार शिव कुमार त्रिपाठी से टेंडर पास कराने के नाम पर लगातार रुपये की मांग कर रहा था। परेशान होकर ठेकेदार ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन टीम से की, जिसके बाद टीम ने जाल बिछाया।

बुधवार दोपहर तय योजना के तहत ठेकेदार शिव कुमार त्रिपाठी मोहद्दीपुर स्थित कार्यालय के बाहर पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही उसने टेंडर बाबू अभिषेक भारती को पांच हजार रुपये दिए, एंटी करप्शन टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। उस समय ठेकेदार रुपये देने के बाद अपनी कार में बैठ ही रहा था कि टीम ने मौके पर ही अभिषेक भारती को रंगेहाथ दबोच लिया।

गिरफ्तारी के तुरंत बाद एंटी करप्शन टीम अभिषेक भारती को अपने साथ लेकर कैंट थाना चली गई, जहां आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। वहीं दूसरी ओर, टीम ने टेंडर बाबू के कार्यालय पर ताला लगा दिया। कार्यालय पर ताला लटकते ही पूरे बिजली निगम में हड़कंप मच गया और कर्मचारी आपस में इस कार्रवाई को लेकर चर्चा करते नजर आए।

एंटी करप्शन की इस कार्रवाई को लेकर विभागीय अधिकारियों में भी बेचैनी देखी गई। सूत्रों के मुताबिक, मामले में दस्तावेजों की जांच की जा रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि कहीं इससे पहले भी टेंडर पास कराने के नाम पर रिश्वत तो नहीं ली गई थी। फिलहाल एंटी करप्शन टीम द्वारा आगे की जांच जारी है। इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी सफलता माना जा रहा है, वहीं आम लोगों में भी इस सख्त कदम से सकारात्मक संदेश गया है कि रिश्वतखोरी करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

### वनटांगिया गांव में बच्ची पर तेंदुआ ने किया हमला, डीएफओ ने कहा हर संभव होगी मदद

#### अस्पताल में पहुंच कर डीएफओ ने घायल बच्ची का जना हाल



**महराजगंज।** जिले के मधवलिया रेंज के अंतर्गत बुधवार को आने वाले 24 वन टांगिया गांवों में तेंदुए द्वारा एक मासूम बच्ची पर हमला करने की दुखद घटना प्रकाश में आई थी। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई और घायल बच्ची को तत्काल उपचार हेतु जिला अस्पताल महराजगंज में भर्ती कराया गया। बच्ची के स्वास्थ्य और उपचार की स्थिति का जायजा लेने के लिए डीएफओ निरंजन सुर्वे, अजीत कुमार क्षेत्रीय वन अधिकारी, मधवलिया रेंज एवं अन्य वनकर्मी जिला अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों से उसके उपचार के संबंध में चर्चा की। बच्ची के परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया गया और विभाग की ओर से हर संभव आर्थिक और मानवीय मदद उपलब्ध कराने का पूर्ण आश्वासन दिया गया।

# मिट्टी लदे डंपर चालक पर जानलेवा हमले का आरोप, एफआईआर दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर** गोला तहसील क्षेत्र में मिट्टी लदे डंपर को रोकने के दौरान डंपर चालक द्वारा तहसील प्रशासन की टीम पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में गोला कोतवाली में डंपर चालक के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्राप्त विवरण के अनुसार प्रार्थी योगेन्द्र यादव पुत्र लालमन यादव, निवासी ग्राम मठभटाड़ी तहसीलदार गोला के साथ होमगार्ड हमराही के रूप में ड्यूटी पर तैनात थे। बीते 13 जनवरी की रात्रि लगभग 11:50 पर तहसीलदार गोला, नायब तहसीलदार गोला एवं नायब तहसीलदार बड़हलगंज के निर्देश पर मिट्टी लदे डंपर संख्या क53 ॥ज्ञ 6856 को रोका गया। डंपर चालक से पूछताछ में बताया गया कि उक्त वाहन में लदी मिट्टी पंकज यादव निवासी भूपगढ़ की है। कागजात दिखाने के निर्देश के बाद तहसीलदार के आदेश पर डंपर में बैठकर मिट्टी लदे वाहन को तहसील परिसर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में डंपर चालक ने प्रार्थी को धमकी देते हुए वाहन को पेड़ से टकराकर पलट देने की बात कही तथा डंपर में रखे कुल्हाड़ी व राड से हमला करने का प्रयास किया। जान का खतरा महसूस होने पर प्रार्थी डंपर से नीचे उतर गया। इसके बाद चालक ने मिट्टी सड़क पर गिराते हुए तेज रफ्तार में वाहन घुमाकर प्रार्थी योगेन्द्र यादव एवं मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार रामाकांत चौहान को कुचलने के इरादे से वाहन दौड़ा दिया। घटना से अफरा-तफरी मच गई और अधिकारी व कर्मचारी जान बचाकर वहां से भाग गये। आरोप है चालक द्वारा जान से मारने का प्रयास किया गया।

इस प्रकरण में गोला थाने पर बीएनएस की धारा 132, 131, 109 एवं 351(2) में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। । मामले की विवेचना उपनिरीक्षक जितेन्द्र यादव द्वारा किया जा रहा है।

# नवागत थानाध्यक्ष राकेश रोशन सिंह ने संभाला गोला थाने का कार्यभार

●शासन के निर्देशों का पालन करते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना पहली प्राथमिकता



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर** जनपद के दक्षिणांचल में स्थित कोतवाली गोला पर बुधवार को नवागत थानाध्यक्ष राकेश रोशन सिंह पहुंच कर विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। श्री सिंह मूल रूप से बलिया जनपद निवासी है। 2015 बैच के है। शिक्षा बलिया और प्रयागराज से सम्पन्न हुआ है।जनपद में स्थानांतरण होकर 2024 में आए। और थानाध्यक्ष के रूप में बांसगांव ,झंगहा, कैंपियरगंज के बाद गोला का कार्यभार ग्रहण किए है। बुधवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने स्थानीय पत्रकारों से एक औपचारिक वार्ता के दौरान बताया कि शासन के आदेश एवं निर्देश का पालन करते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना मेरी पहली प्राथमिकता है। चंद चौराहे पर जाम लगने की स्थिति में उन्होंने ने बताया कि हम इस प्रकरण को देखते है।और यथा संभव प्रयास करेंगे कि आम जनता को शिकायत करने का मौका न मिले। आगे उन्होंने बताया कि क्षेत्र से आने वाले पीड़ितों के लिए हर समय उपलब्ध रहेंगे।पीड़ित सीधे पहुंच कर अपनी समस्या बताए निराकरण हर संभव करने का प्रयास होगा।

अवैध खनन पर उन्होंने बताया कि प्रयास होगा कि अवैधानिक रूप से हो रहे खनन पर प्रतिबंध लगे। बताते चले कि जिला पुलिस मुखिया ने बीते सोमवार को गोला थाने पर तैनात प्रभारी निरीक्षक राहुल शुक्ला को कार्य में शिथिलता पाए जाने पर पुलिस लाइन का रास्ता दिखाते हुए कैंपियरगंज गंज थाने पर तैनात थानाध्यक्ष राकेश रोशन सिंह को गोला थाने का थानाध्यक्ष बना दिया।

### विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत रोल प्रेक्षक करेंगे मतदेय स्थलों का निरीक्षण




**देवरिया,।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम नारायण सिंह ने बताया कि आयुक्त गोरखपुर को अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के लिए रोल प्रेक्षक नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि रोल प्रेक्षक का जनपद में प्रथम भ्रमण 23 जनवरी को प्रस्तावित है। भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत मध्यान्ह 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद, विधायकगण एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्षों व प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक के उपरांत दोपहर 12.30 बजे जनपद के विभिन्न मतदेय स्थलों का भ्रमण किया जाएगा। इस दौरान रोल प्रेक्षक द्वारा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण किया जाएगा।

# SIR के दौरान पिछले SIR 2003 में लिंक न होने पर चुनाव आयोग सख्त, खजनी तहसील में नोटिस के बाद मतदाताओं ने पेश किए साक्ष्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी, गोरखपुर।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (SIR) अभियान के दौरान गणना प्रपत्र का 2003 से लिंक उपलब्ध न होने के मामलों को लेकर भारतीय निर्वाचन आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग के निर्देश पर संबंधित मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं, ताकि सूची की शुद्धता बनी रहे और किसी भी अपात्र नाम को हटाया जा सके, वहीं पात्र मतदाताओं के अधिकार भी सुरक्षित रहें। इसी क्रम में खजनी तहसील में बुधवार को नोटिस प्राप्त करने वाली महिलाएं बड़ी संख्या में पहुंचीं और अपने-अपने साक्ष्य प्रस्तुत किए।

पूरी कार्यवाही राजेश प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी खजनी, की अध्यक्षता में आयोजित की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिन मामलों में मतदाताओं ने अपने गणना प्रपत्र भरने के साथ 2003 से लिंक उपलब्ध नहीं कराया था और विवरण कालम खाली छोड़ दिया था, उनका नाम तो मतदाता सूची में आ गया किन्तु अब आयोग उन्हें नियमों के अनुसार नोटिस जारी कर सुनवाई का अवसर दे रहा है। उद्देश्य यह है कि कोई भी वास्तविक मतदाता तकनीकी त्रुटि के कारण मतदाता सूची से वंचित न हो। खजनी तहसील परिसर में पहुंचीं महिलाओं और मतदाताओं ने अपना साक्ष्य व 2003 की मतदाता सूची का विवरण उपलब्ध कराया और अपना पक्ष रखा। महिलाओं ने बताया कि वे वर्षों से मतदाता हैं, किंतु लिंक न होने की वजह से नोटिस मिला, जिसका वे विधिवत समाधान कर रही हैं। सुनवाई के दौरान दस्तावेजों का मिलान कर प्राथमिक सत्यापन किया गया।

प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ और समयबद्ध बनाने के लिए खजनी क्षेत्र में 14 ERO/AERO/AdAERO तैनात किए गए हैं। उक्त अधिकारी आवेदनों की प्रारंभिक जांच, दस्तावेजों का संकलन और अभिलेखों का मिलान कर रहे है। अधिकारियों के अनुसार, प्रत्येक मामले का निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षण किया जाएगा।

एसडीएम खजनी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जा रहा है।

मतदाता सूची की शुद्धता के साथ-साथ नागरिकों के मताधिकार की रक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने नोटिस प्राप्त मतदाताओं से अपील की कि वे निर्धारित तिथि पर सभी आवश्यक साक्ष्यों के साथ उपस्थित होकर प्रक्रिया पूर्ण करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। मतदाता की सुविधा को ध्यान ने रखते हुए विधानसभा खजनी में कुल 4 नोटिस सुनवाई स्थल बनायें गए है- तहसील खजनी, कार्यालय खंड विकास अधिकारी बेलघाट, कार्यालय खंड विकास अधिकारी खजनी व कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी बेलघाट जिससे मतदाताओं को ज्यादा दूरी तय न करनी पड़े। एसडीएम राजेश प्रताप सिंह ने मतदाताओं से अपील है की है कि जिस भी मतदाता को नोटिस मिला है, वह नियत स्थल व समय पर नोटिस में उल्लिखित साक्ष्य के साथ अपना पक्ष रखे, अन्यथा उनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया जाएगा।

# SSB महराजगंज ने कराया 'वन्दे मातरम्' सामूहिक गायन, 195 विद्यार्थियों में जागी राष्ट्रभक्ति की अलख


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज।** दिनांक 21 जनवरी 2026 को 22 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (SSB), महराजगंज द्वारा अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत समवाय बरगदवा में स्थित बाबा कमला प्रसाद स्मारक इंटर कॉलेज, बरगदवा में राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'वन्दे मातरम्' सामूहिक गायन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस गरिमामयी आयोजन में विद्यालय के कुल 195 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की, जिनमें 105 छात्र एवं 90 छात्राएँ शामिल रहीं। साथ ही विद्यालय के 16 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी सक्रिय भागीदारी कर कार्यक्रम को सफल बनाया। पूरे विद्यालय परिसर में राष्ट्रप्रेम, एकता और देशभक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को 'वन्दे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। SSB अधिकारियों ने बताया कि यह गीत केवल एक राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों के लिए प्रेरणा, साहस और ऊर्जा का प्रतीक रहा है, जिसने युवाओं में राष्ट्रीय चेतना, संस्कार एवं देश के प्रति कर्तव्यबोध को मजबूत किया। इस अवसर पर समवाय बरगदवा के सहायक कमांडेंट श्री मयंक गुप्ता सहित अधीनस्थ अधिकारी एवं अन्य कार्मिकों ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्र सेवा के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं के चरित्र निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय प्रशासन एवं स्थानीय जनसमुदाय ने 22वीं वाहिनी SSB महराजगंज द्वारा आयोजित इस राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम की मुक्तकंठ से सराहना की तथा भविष्य में भी इस प्रकार के प्रेरणादायक एवं देशभक्ति से ओतप्रोत आयोजनों के निरंतर आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।

# खान-पान बना स्वास्थ्य का सबसे बड़ा सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**गोण्डा।** आज के समय में खान-पान केवल स्वाद तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ चुका है। बदलती जीवनशैली और बाजारवाद के दौर में फास्ट फूड, जंक फूड और पैकेट बंद खाद्य पदार्थों ने पारंपरिक व पौष्टिक भोजन की जगह ले ली है। इसका सीधा असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है और हर उम्र के लोग गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार अधिक तेल-मसाले, चीनी और नमक से भरपूर भोजन शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर रहा है। वहीं मिलावटी खाद्य पदार्थ और रसायनयुक्त सब्ज़ियाँ लीवर, किडनी और पाचन तंत्र को नुकसान पहुँचा रही हैं। यही कारण है कि आज डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, मोटापा, हृदय रोग और कैंसर जैसी बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं।आने वाले मरीजों में अधिकांश मामले गलत खान-पान से जुड़ी बीमारियों के सामने आ रहे हैं। लोग स्वाद और सुविधा के चक्कर में अपने स्वास्थ्य से समझौता कर रहे हैं। खासकर युवा वर्ग और बच्चे जंक फूड के अधिक सेवन से कम उम्र में ही बीमारियों का शिकार हो रहे हैं।इस समस्या का समाधान हमारे ही हाथ में है।

**घर का बना ताज़ा और सादा भोजन अपनाना**- हरी सब्ज़ियाँ, फल, दाल और मोटे अनाज का सेवन फास्ट फूड और कोल्ड ड्रिंक्स से दूरी बनाना ,नियमित योग-व्यायाम और समय पर भोजन करना

**जागरूकता की ज़रूरत**- खान-पान पर नियंत्रण और जागरूकता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। यदि समय रहते लोगों ने अपनी आदतें नहीं बदलीं, तो यह समस्या आने वाले समय में एक बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट का रूप ले सकती है। स्वस्थ शरीर की शुरुआत स्वस्थ थाली से होती है। सही खान-पान और अनुशासित जीवनशैली अपनाकर ही हम स्वयं को और आने वाली पीढ़ी को गंभीर बीमारियों से बचा सकते हैं।इस सम्बन्ध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरगूपुर के चिकित्साधिकारी डॉ. अजय यादव ने बताया कि अस्पताल में आने वाले अधिकांश मरीज जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित हैं। गलत खान-पान, शारीरिक श्रम की कमी और तनाव इसके प्रमुख कारण हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते लोग अपने खान-पान में सुधार करें और नियमित व्यायाम व योग को अपनाएँ, तो इन बीमारियों से काफी हद तक बचाव संभव है। डॉ. यादव ने लोगों से अपील की कि वे ताज़ा और संतुलित भोजन करें, फास्ट फूड से दूरी बनाएँ तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराते रहें। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने पर यह समस्या भविष्य में एक बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट का रूप ले सकती है।

### मनरेगा योजना नहीं, बल्कि गरीबों की आर्थिक सुरक्षा की रीढ़ः विजय शेखर

#### मनरेगा बचाओ साइकिल यात्रा का स्वागत



**देवरिया।** भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा कानून को कमजोर किए जाने के विरोध में गांधीवादी युवाओं द्वारा निकाली गई मनरेगा बचाओ साइकिल यात्रा मंगलवार को शहर के सुभाष चौक पहुंची। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि गरीबों की आर्थिक सुरक्षा की रीढ़ है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट कटौती और मजदूरी भुगतान में देरी कर योजना को कमजोर किया जा रहा है। गांधीवादी युवाओं ने कहा कि केंद्र सरकार मजदूर विरोधी प्रावधानों के जरिए मनरेगा को समाप्त करने की दिशा में बढ़ रही है, जिससे दलित, पिछड़े, आदिवासी, महिलाएं और भूमिहीन मजदूर सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। यह यात्रा चौरी-चौरा से बनारस तक जाएगी, जहां 17 फरवरी को समापन होगा। इस अवसर पर पूर्व प्रत्याशी मुकुंद भास्कर मणि त्रिपाठी, जिला प्रवक्ता संजीव मिश्रा, कोषाध्यक्ष चन्दन वर्मा, जिला संयोजक सत्य प्रताप मिश्रा, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र पाण्डेय, जिला महासचिव रत्नेश मल्ल, शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्शीद सहित अनेक नेता मौजूद रहे।

### दो बाईक की आमने-सामने की टक्कर में तीन घायल, एक गंभीर

●थानाध्यक्ष ने कहा मामले की जानकारी हमें नहीं है, तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के नौतनवां- ठूठीबारी मुख्य मार्ग के नौडिहवा चौराहे पर बुधवार की दोपहर दो बाईक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। उक्त टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। वहीं स्थानीय लोगों के मदद से तीनों घायलों को रतनपुर सीएचसी में भर्ती करवाया गया जहां एक की हालत गंभीर देख चिकित्सको ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत असुरैना निवासी बेचन पुत्र छेदी (60) तथा सूर्यभान यादव पुत्र बासदेव (62) किसी काम से बाईक से नौतनवां की तरफ जा रहे थे कि सामने से आ रहे उपरोक्त थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरनहवा निवासी महमूद पुत्र अब्बास (40) अपनी बाईक से घर की तरफ जा रहा था कि सोनौली कोतवाली क्षेत्र के नौडिहवा चौराहे के पास दोनों बाइक सवारों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। दोनों बाइकों के टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। आस-पास के लोगों के मदद से तीनों घायलों को इलाज हेतु सीएचसी रतनपुर में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने घायल बेचन व सूर्य भान यादव को घर भेज दिया तो वहीं बरनहवा निवासी महमूद की हालत गंभीर देख चिकित्सको ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस संबंध में सोनौली थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि मामले की जानकारी हमें नहीं है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस का चला सघन अभियान, सुरक्षा व यातायात पर फोकस

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद में बुधवार को सुरक्षा, महिला जागरूकता एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई स्तरों पर अभियान चलाए गए। प्रातः 5 बजे से 8 बजे तक 'मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान' के तहत 19 स्थानों पर 323 व्यक्तियों व 183 वाहनों की जांच की गई, जिसमें नियम उल्लंघन पर तीन वाहनों का चालान किया गया। इसी क्रम में मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं शक्ति दीदी अभियान के तहत थाना स्तर की टीमों ने विद्यालयों व सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया। वहीं पुलिस लाइन सभागार में यातायात व्यवस्था सुधार को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें नियमों के कड़ाई से पालन के निर्देश दिए गए। यातायात पुलिस ने अलग से अभियान चलाकर 148 वाहनों का ई-चालान किया तथा छह वाहन सीज किए।

# महराजगंज पुलिस ने सी प्लान के माध्यम से बिछड़े दो मासूम बच्चों को परिवार से मिलाया

●भूल- वश नरायनपुर गांव से ठूठीबारी के चन्दन नदी पुल के तरफ आ गए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
सर्वेश प्रताप गुप्ता, जिला प्रभारी



**पुलिस विभाग में क्या है सी प्लान ?**

उत्तर प्रदेश पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग ऐप है जो आम जनता और पुलिस के बीच जुड़ाव के लिए है। जिससे भूले बिछड़े लोगों को परिजनों तक मिलाना पुलिस लक्ष्य होते है। यह यूपी पुलिस की एक ऐप-आधारित पहल है। जिसका उद्देश्य सामुदायिक पुलिसिंग और कानून व्यवस्था में सुधार करना है।

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश पुलिस का सी प्लान कम्युनिटी प्लान महराजगंज जिले के लिए वरदान साबित हुआ । बुधवार को दो मासूम नरगिस और गुलाम नाम के बच्चे और बच्ची भूल वश बरगदवा थाना क्षेत्र से ठूठीबारी थाना क्षेत्र के चन्दन नदी के पास रोते हुए जा रहे थें। अचानक ठूठीबारी पुलिस के मनोहर कुमार और मृत्युंजय सिपाही की नजर पड़ गई। दोनों पुलिसकर्मी ने बच्चों को पूछा बेटा क्यों रो रहे हो। पूछताछ में बच्चों का निवास स्थान नरायनपुर गांव पता चला।

जानकारी के मुताबिक दो बच्चे नरगिस पुत्री अलाउद्दीन उम्र कत्लरीब 7 वर्ष निवासी नरायनपुर व गुलाम सोमानी उम्र करीब 5 साल पुत्र जलालुद्दीन निवासी नरायनपुर थाना बरगदवा पुलिस को रोते दिखाई दिए। यह दोनों बच्चे भूल वश थाना ठूठीबारी के चंदन नदी पुल की तरफ रोते हुए जा रहे थे । बच्चे रास्ता भूल गए थे । उनको जब दोनों पुलिसकर्मी के द्वारा रोक कर पता पूछने की कोशिश किया गया। तब रोते हुए किसी तरह उनसे पता पूछ कर पुलिस बूथ के पास लाकर सी प्लान एप के माध्यम से नंबर निकाल कर गांव में संपर्क किया गया। जिसके बाद उनके परिजनों तक सूचना पहुंचाई गई । जिसके बाद परिजन के आने के बाद बच्चों को उनके परिजन को सुपुर्द किया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## ठेकेदार ने मजदूरों की मजदूरी हड़पी, शासन प्रशासन से गुहार

**ठेकेदार ने मजदूरों से काम कराके पैसा देने से किया इनकार, अब उल्टा मुकदमें में फंसाने का दे रहा है धमकी**




**लखीमपुर-खीरी।** जिले की पुलिस लाइन में निर्माणाधीन भवन में पुताई कार्य में लगे मजदूरों के साथ गंभीर लापरवाही और शोषण का मामला सामने आया है। लाखों रुपये की लागत से बन रहे इस सरकारी भवन का रंग-रोगन का काम करने वाले मजदूरों को न तो समय पर भुगतान किया जा रहा है और न ही पूरी मजदूरी दी जा रही है। जानकारी मुताबिक कथित ठेकेदार व मजदूरों का मामला सदर कोतवाली क्षेत्र की जेल गेट चौकी पहुंच गया जहां ठेकेदार ने मजदूरों के खिलाफ बाइक छीनने का आरोप लगाते हुए उल्टा फंसाने का षड्यंत्र रचने लगा। जानकारी मुताबिक बसहा माफी निवासी कलीम, ग्राम देवकली घोसियाना निवासी इमरान और शाहिद समेत अन्य मजदूर पुलिस लाइन परिसर में निर्माणाधीन भवन में पुताई का काम किया था मजदूरों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा दिए गए काम को पूरा होने के बाद भी ठेकेदार ने मजदूरी का भुगतान नही किया गया वही पीड़ित मजदूरों ने बताया कि जब उन्होंने ठेकेदार से मजदूरी मांगी तो ठेकेदार ने पैसा देने मे टाल-मटोल करना शुरू किया वही ठेकेदार ने अपनी बाइक उन्हें देते हुए कहा कि मजदूरी का पैसा मिलने पर बाइक मुझे दे देना हालांकि बाइक आपसी सहमति से देने का वीडियो भी मजदूरों के पास साक्ष्य के रूप में उपलब्ध है। वही मजदूर हारून ने बताया कि सभी मजदूरों की लगभग 75 हजार रुपए मजदूरी बकाया है जिसे ठेकेदार देने से मना कर रहा है मजदूरों का आरोप है कि दहाड़ी का बकाया भुगतान करने के बजाय उल्टा मजदूरों को फंसाने के लिए तहरीर देकर तरह-तरह के हथकंडे अपना रहा है।

**ठेकेदार गायब तो जिम्मेदारी किसकी?**

वही मजदूरों ने डीएम,एसपी समेत मुख्यमंत्री महोदय को शिकायत करते हुए ठेकेदार से बकाया मजदूरी का पैसा दिलाने व जालसाज ठेकेदार पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि पुलिस लाइन में सरकारी भवन निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य में मजदूरों के साथ हो रहा यह व्यवहार न सिर्फ प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करता है, बल्कि श्रम कानूनों के उल्लंघन की ओर भी इशारा करता है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में कब और क्या ठोस कार्रवाई करता है।

## अजबापुर चीनी मिल द्वारा बख्तियारपुर में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




मंगलवार को अजबापुर चीनी मिल के रीजन मैगलगंज अंतर्गत ग्राम बख्तियारपुर में गन्ने में अधिक उत्पादन प्राप्त करने हेतु कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसानों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान रीजनल हेड रमेश चंद्र चौधरी ने गन्ने की बेहतर उपज के लिए खेत की तैयारी, स्वस्थ एवं प्रमाणित गन्ना बीज का चयन, उन्नत बुवाई विधि, संतुलित उर्वरक प्रयोग, अन्तरवर्तीय खेती, खरपतवार नियंत्रण, मृदा परिक्षण तथा फसल अवशेष और पेड़ी प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने चीनी मिल द्वारा संचालित 'अधिक उपज बढ़ाओ अभियान' की जानकारी देते हुए बताया कि 1500 से 1999 कुंतल गन्ना उत्पादन पर 10,000, 2000 से 2499 कुंतल उत्पादन पर 20,000 तथा 2500 कुंतल से अधिक उत्पादन प्राप्त करने वाले कृषकों को 30,000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।इसके अतिरिक्त सप्लाई योग्य खड़े गन्ने के सर्वे कराकर पर्ची देने का आश्वाशन तथा आगामी 29 जनवरी को औरंगाबाद स्थित रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले निशुल्क नेत्र शिविर के बारे में भी किसानों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर जोनल इंचार्ज अरविंद सिंह, सर्किल कामदार सहित लगभग सैकड़ों किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए चीनी मिल के प्रयासों की सराहना की।

# जब साहब ही देगे अभयदान तो कैसे होगा उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन

**● लेखपाल और राजस्व निरीक्षक द्वारा पैमाइश कर तहसीलदार को सौपी गई रिपोर्ट मे आधा दर्जन लोगो का पाया गया अवैध कब्जा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** मामला तहसील गोला गोकर्णनाथ के परगना कुकुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत जटपुरा का है।जहा पर गोला गोकर्णनाथ तहसील प्रशासन की सह पर सरकारी जमीनो पर अवैध कब्जा कर उस पर आलीशान मकान और दुकान बना लिये जाने का मामला प्रकाश मे आया था।दबग लोगो और ग्राम प्रधान तथा तहसील प्रशासन से मिल रहे संरक्षण केचलते दबंगो ने बच्चो के खेलमेदान की आरक्षित जमीन कोभी नही छोडा, उस पर भी अवैध कब्जा करके पक्के मकान और दुकान बना डाली और जिम्मेदार लोग फर्जी रिपोर्ट लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह करते हुए अवैध कब्जा धारको पक्का निर्माण करने की खुली छूट देते रहे।लेखपाल भूपेंद्र बर्मा और प्रधान ने मामले को रोकने की जरूरत नही समझी देखते देखते पर खेलमेदान और प्राइमरी पाठयक्रम की आरक्षित जमीन पर अवैध अतिक्रमण होगया। उक्त मामले कीजब दिनांक 05/01/2026 को जब आनलाइन शिकायत दर्ज करवाई गई तोमामले की जांच और पैमाइश के आदेश दिए गए।।लेखपाल शैलेन्द्र वर्मा और कानून गो ने पैमाईश की तो लगभग आधा दर्जन लोगो के अनाधिकृत तरीके से पक्के मकान बने पाये गये। लेखपाल ने बताया उसने अपनी रिपोर्ट तहसीलदार गोला को सौप दी है।आगे की कार्रवाई तहसीलदार केस्तर से होना है। आज रिपोर्ट मिलने के एक हफ्ते बाद भी तहसीलदार भीमचंद के कान पर जूं न रेंगना उनकी निष्ठा और कार्यशैली पर संदेह पैदा करता है।सूत्र बताते है कि साहब सरकार के आदेशो का अनुपालन कराने की बजाय अवैध कब्जा धारको की अप्रत्यक्ष रूप से पैरवी करने मे लगे देखे जा सकते है।बताया जाता है साहब सेटिंग गेटिंग के फेर मे फाइल को अपने पास रख कर मामले को मैनेज करने मे लगे है।

**आखिर किसकी सह पर खेलमेदान पर बनाये गये मकान और दुकान**

आम आदमी जानना चाह रहा है कि आखिर खेलमेदान की जमीन पर अवैध निर्माण कार्य करवाने का असली मास्टर मा इंड कौन?क्या प्रशासन ने भू-माफियाओ के आगे घुटने टेक दिये है।ऐसी क्या मजबूरी है जो खेलमेदान पर बनाये गए मकान और दुकान को नही हटवाया जा रहा है। क्या योगी सरकार खेलमेदान का बजूद मिटाये जाने कातमाशा देखती रहेगी? आखिर कब जागेगा कुंभकर्णी नींद मे सोया सिस्टम, क्या साहब के यह लाडले दबंगो को कानून से ऊपर रहने और खेलमेदान सहित सरकारी जमीनो पर अवैध अतिक्रमण करने की खुली छूट मिली हूयी है,जिनके खिलाफ कार्रवाई करने से बचते नजर आ रहे है तहसीलदार गोला गोकर्णनाथ।आज रिपोर्ट मिले एक हफ्ता हो गया है लेकिन विपक्षी गणो पर कार्रवाई तो दूर नोटिस तक जारी नही की गई है।

## गिरावट के मामले में भाजपा और शेयर बाजार एक-दूसरे से मुकाबला कर रहे: अखिलेश यादव



समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल की नैतिक गिरावट व शेयर बाजार में गिरावट के बीच मुकाबला चल रहा है और दोनों में तेजी से गिरावट आ रही है।पूर्व मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'भाजपा में नैतिकता की गिरावट व शेयर बाजार में गिरावट के बीच मुकाबला चल रहा है, दोनों ही बेतहाशा गिर रहे हैं। इन दोनों ही हालातों में नुकसान देशवासियों का ही है। 'उन्होंने कहा कि पहले जनता का अब निवेशकों का भरोसा भाजपा से उठ गया है। वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव के बीच घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को भारी गिरावट आने से निवेशकों के 9.86 लाख करोड़ रुपये डूब गए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,065.71 अंक यानी 1.28 प्रतिशत फिसलकर 82,180.47 अंक पर बंद हुआ।

## फाइलेरिया उन्नमूलन कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मैलानी-खीरी।** बुधवार को मैलानी नगर पंचायत के सभागार में फाइलेरिया उन्नमूलन एवं बचाव कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें नगर पंचायत अध्यक्षा कीर्ति माहेश्वरी,डॉ0 संजीव कुमार प्रभारी स्वास्थ्य केंद्र मैलानी,सोहन सिंह सीएचओ एवं जिले से आई पंकज वर्मा हेल्थ मलेरिया विभाग इंस्पेक्टर,अमित वर्मा,सीसीआई द्वारा नगर की जनता को फाइलेरिया क्या है?और उसके बचाव में विस्तृत जानकारी दी।अमित वर्मा ने बताया कि फाइलेरिया मादा मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है।जिसे सामान्यतः हांथी पांव से जाना जाता है।ये मादा संक्रमित मच्छर स्वस्थ व्यक्ति को काट कर संक्रमित कर देते हैं।जिससे व्यक्ति का पांव फूलकर हांथी पांव कहलाता व हेइड्रोसिल का खतरा बना रहता है।संक्रमित व्यक्ति को काट कर ये मादा मच्छर संक्रमित हो जाते हैं।जिससे फाइलेरिया अन्य लोगों में फैलने लगता है।इसलिए सरकार द्वारा एमडीए की दवा साल में एक बार घर घर मुफ्त दी जाती है।इसमें डीइसी की




गोली खाली पेट नहीं खाना होता है और अल्बेडराजोल की गोली चबाकर खाना होता है।ये दवा सभी को खानी होती है।एक साल से कम उम्र के बच्चों व गर्भवती महिलाओं और गम्भीर रोगों से पीड़ित व्यक्तियों को ये दवाएं नहीं दी जाती हैं।वैसे फाइलेरिया के लक्षण के बारे में कहें,तो सामान्यतः कोई लक्षण दिखाई नहीं देते।हांथ पैर में दर्द या सूजन तथा पुरुषों जननांग में व उसके आस पास दर्द या सूजन,हाथों में सूजन और हैडरोसिल आदि होता है।इससे बचने के लिए घर के आस पास सफाई,कहीं पानी जमा न हो और मच्छर दानी का प्रयोग करें।इस तरह खुद सजग रहें और दूसरों को सजग कराएं,ताकि फाइलेरिया जैसी बीमारी से बचा जा सके क्योंकि अभी तक इसका कोई इलाज नहीं है।विश्व के चौवालिस देशों में यही दवा चलाई जा रही है।

# फर्जी,आख्या लगा शिकायतों का निस्तारण करने वाले लेखपाल पर मेहरबान तहसीलदार गोला

**● वगैर पैमाईश फर्जी रिपोर्ट लगाकर सी एम पोर्टल पर की गई शिकायतों का निस्तारण कर शासन प्रशासन को गुमराह करने वाले लेखपाल भूपेंद्र कुमार वर्मा के विरुद्ध कार्रवाई की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** तहसील गोला के अंतर्गत ग्राम पंचायत जटपुरा में अपनी तैनाती के दौरान अवैध कब्जाधारकों को संरक्षण देने वाले लेखपाल भूपेंद्र वर्मा का अजब गजब मामला सामने आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जटपुरा में अपनी तैनाती के दौरान वर्ष 2022 मे खेल मैदान और प्राइमरी पाठशाला के नाम आरक्षित भूमि गाटा संख्या 159/0.1000, गाटा संख्या 474/0.0600 हे 0तथा गाटा संख्या 1192/0.1500हे 0पर अवैध कब्जा की शिकायत सी एम पोर्टल पर की गई थी। जिसमें तत्कालीन लेखपाल और प्रधान ने मिलकर अवैध कब्जाधारकों से भारी सुविधा शुल्क ले कर फर्जी जांच रिपोर्ट लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह करते हुए सरकारी खेल मैदान की आरक्षित जमीन पर कब्जा करवा दिया था। सूत्र बताते हैं कि उस समय पर उपरोक्त गाटा संख्या 1192/0.1500पर अयूब पुत्र आशिक अली, शौकत अली पुत्र छेदी मियां, सुरेंद्र कुमार पुत्र गोकुल यादव, किताबुद्दीन तथा ठाकुर प्रसाद आदि लोगों का कब्जा चल रहा था।

जिसकी लिखित शिकायत लगभग एक दर्जन लोगों के हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री पोर्टल पर संदर्भ संख्या 40015322010052के द्वारा की गई थी। जिसकी जांच लेखपाल भूपेंद्र कुमार वर्मा द्वारा की गई थी। उक्त शिकायत की जांच में तत्कालीन लेखपाल भूपेंद्र कुमार वर्मा ने वगैर पैमाईश किए ही विपक्षी से मोटी रकम लेकर फर्जी भ्रामक रिपोर्ट की खेल मैदान की भूमि पर कोई अवैध कब्जा नहीं पाया गया। खेल मैदान की भूमि प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्रीवाल के अंदर है। बाउंड्रीवाल के किनारे आबादी है। लिखकर शिकायत का फर्जी निस्तारण कर शासन प्रशासन को गुमराह किया गया। अभी गत दिनों पूर्व मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत पर गठित जांच टीम द्वारा की गई पैमाईश मे लगभग आधा दर्जन लोगों के पक्के मकान बने गए। और अवैध कब्जा की पुष्टि हो गई साथ ही लेखपाल भूपेंद्र कुमार वर्मा की काली करतूतों का भी पर्दाफाश हो गया। संदर्भ संख्या 40015322010052 के निस्तारण दिनांक 30/05/2022 में लेखपाल और कानूनगो द्वारा लगाई गई फर्जी रिपोर्ट लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह किए जाने के मामले में दोषी और सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले कब्जाधारकों को संरक्षण देने वाले लेखपाल और कानूनगो के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग जिलाधिकारी खीरी तथा मुख्यमंत्री पोर्टल पर किए जाने की बात की गई है। देखना है कि फर्जी रिपोर्ट लगाने वाले लेखपाल और उसको सत्यापित करने वाले कानूनगो के विरुद्ध क्या कार्रवाई की जाती है।

**क्या कहते हैं तहसीलदार भीमचंद**

इस सम्बंध में जब तहसीलदार गोला से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो साहब का फोन ही नहीं उठा। जिससे उनके पक्ष की जानकारी नहीं हो सकीं।

## अध्यक्ष सचिव के निरीक्षण में गन्ना सेंटरों पर मिली गड़बड़ी होगी कार्यवाही निर्भय गंगवार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/**विकासखंड भदपुरा के अंतर्गत द्वारकेश चीनी मिल फरीदपुर के दो गन्ना सेंटर पर आज गन्ना समिति नवाबगंज अध्यक्ष निर्भय गंगवार के नेतृत्व में इन गन्ना सेंटर हो रही धांधली की शिकायत मिलने पर गन्ना समिति अध्यक्ष निर्भय गंगवार सचिन मेधा जोशी जेस्ट गन्ना विकासनिरीक्षक की संयुक्त टीम ने जाकर निरीक्षण किया। तो यहां पर ऑनलाइन तोल न होने की पुष्टि हुई साथ ही किसानों से दो रुपए कुंतल गन्ने की उतराई के नाम पर वसूली की जानकारी का मामला प्रकाश में आया जिसे किसानों ने जोर-शोर से समर्थन किया इस पर गन्ना समिति अध्यक्ष निर्भय गंगवार ने कड़ा रुख अपनाते हुए कार्यवाही करने का गन्ना समिति सचिव मेधा जोशी




को निर्देश दिया। और कहा किसानों से वसूली करना अवैध है इस पर तुरंत कार्यवाही की जाए इसके लिए उन्होंने किसानों का शोषण करने पर शासन की अनदेखी करने आदि मामलों में कार्यवाही करने के लिए लिखा गया है चीनी मिल द्वारा यदि ट्रांसपोर्टर गन्ना लिपिकों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की गई तो इस घोर लापरवाही की कार्यवाही चीनी मिल के विरुद्ध की जाएगी। गन्ना समिति अध्यक्ष ने स्पष्ट किया किसानों के साथ किसी भी तरह का उत्पीड़न गन्ना समिति बर्दाश्त नहीं करेगी और बड़ी से बड़ी कार्यवाही करने में पीछे नहीं हटेगी चीनी मिल प्रबंधन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया तो इस मामले में गन्ना आयुक्त से लेकर गन्ना मुख्य सचिव को भी पत्र भेजकर इस कारनामे को उजागर किया जाएगा ताकि किसानों का हो रहा शोषण पूरी तरह बंद हो सके और चीनी मिल भी इस तरह के मृत करवाने की सोच भी ना सकेगा।

## कूड़ा घर का निर्माण कार्य देखने गये प्रधानपति की पिटाई


क्राइम
स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के भवानीगढ़ गांव में ग्राम पंचायत की ओर से कूड़ा घर का निर्माण चल रहा है। बीती बीस जनवरी को प्रधानपति अरविंद यादव प्रस्तावित भूमि पर हो रहे कूडा घर के निर्माण को देखने गये थे। आरोप है कि इसी बीच गांव के उदयपाल, अजय यादव, आशीष यादव जबरन निर्माण कार्य बंद कराने लगे। प्रधानपति ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसे जमकर मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। सांगीपुर थानाध्यक्ष राजेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद दोषियो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम साहब एक नजर लुधौरी कोटेदार नीरज पर भी डालें, जहां स्टॉक में राशन की हमेशा कमी ही रहती है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**निघासन खीरी।** एसडीएम राजीव निगम की कार्रवाई पर लोगों द्वारा कई सवाल खड़े किए जा रहे हैं।लोगों का कहना है कि आखिर एक ही कोटेदार पर क्यों गिरी कार्रवाई की गाज?लुधौरी की राशन दुकान पर स्टॉक में भारी कमियां,इसके बावजूद भी प्रशासन का संरक्षण मिल रहा है। इसके ऊपर क्यों नहीं की जाती कार्रवाई?क्या यह कानून से ऊपर है या इसे शासन से भ्रस्टाचार की खुली छूट मिली हुई है। बताया जाता है कि तहसील निघासन के अंतर्गत लुधौरी कोटेदार पुत्र नीरज यादव खुलेआम गेहूं और चावल की सप्लाई करता है,बता दें कि कोटे की दुकान से दर्जनों अंत्योदय कार्ड फर्जी तरीके से चल रहे है,आधे राशन पर ।कार्ड चालू करने वाले कोटेदार पुत्र नीरज की तरफ भी नजर डालिए। लुधौरी कोटे की सरकारी दुकान पर हमेशा ही स्टॉक की कमी है अभी हाल ही में एसडीएम राजीव निगम ने राशन का




स्टॉक कम होने पर दुकान निरस्त करके कार्रवाई की है,लेकिन लुधौरी कोटे की दुकान तो हमेशा ही स्टॉक से कुंतलो राशन कम पाया जाता हैसूत्रों के मुताबिक लुधौरी राशन की दुकान में राशन स्टॉक में बड़ा घोटाला है,40से50कुंतल तक राशन स्टॉक से खाली है,यह स्टॉक इधर उधर राशन बिक्री करने से खाली नजर आ रहा है। एसडीएम साहब अगर कार्रवाई करनी हो तो एक बार लुधौरी कोटे की दुकान का भी करे निरीक्षण,ताकि आपकी भी कार्रवाई में सिर्फ एक कोटेदार को ही दंश ना झेलना पड़े। सभी दोषियों पर समान कार्रवाई हो सके।

# एसडीएम ने छापामारी कर पकड़ा खाद्य एवं रसद विभाग का ट्रक

**● तिकोनिया में सरकारी ट्रक से व्यापारी के यहां 'धान' का खेल?**

**एसडीएम निघासन की छापेमारी से मचा हड़कंप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी के तिकुनिया कस्बे में आज उस वक्त हड़कंप मच गया, जब निघासन एसडीएम ने एक गल्ला व्यापारी के ठिकाने पर छापेमारी कर खाद्य एवं रसद विभाग के ट्रक को संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ लिया। सरकारी ट्रक का निजी व्यापारी के यहाँ मौजूद होना विभाग के भीतर चल रहे किसी बड़े खेल की ओर इशारा कर रहा है।निजी ठिकाने पर क्या कर रहा था सरकारी ट्रक? मिली जानकारी के अनुसार, तिकुनिया कस्बे के एक प्रमुख गल्ला व्यापारी के यहाँ धान की अनलोडिंग/लोडिंग की सूचना मिलने पर एसडीएम निघासन ने तत्काल कार्रवाई की। मौके पर खाद्य एवं रसद विभाग का एक ट्रक धान से लदा हुआ पाया गया, जबकि एक अन्य ट्रक खाली खड़ा था। सवाल यह उठ रहा है कि सरकारी योजनाओं के लिए आवंटित धान किसी निजी व्यापारी के गोदाम पर क्या कर रहा था?

**प्रशासन की कार्रवाई: मंडी समिति को सौंपे ट्रक**

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने मौके से एक भरे हुए और एक खाली ट्रक को अपनी कस्टडी में ले लिया है। इन दोनों ट्रकों को अग्रिम कार्रवाई और सुरक्षित रखने के लिए मंडी समिति के सुपुर्द कर दिया गया है। प्रशासन ने पूरे मामले की गहनता से जाँच शुरू कर दी है। इस कार्रवाई के बाद से तिकुनिया के गल्ला व्यापारियों




और विभाग के अधिकारियों में खलबली मची हुई है। जाँच में मुख्य रूप से इन बिंदुओं पर फोकस किया जा रहा है... क्या सरकारी धान को निजी बाजार में ऊंचे दामों पर बेचने की तैयारी थी?क्या इसमें विभाग के निचले अधिकारियों की मिलीभगत है? व्यापारी के पास इस धान से संबंधित वैध कागजात मौजूद हैं या नहीं? इस मामले को लेकर अधिकारी का कहना है कि जाँच की जा रही है, ट्रकों को मंडी समिति की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। यदि सरकारी धान की हेराफेरी पाई गई, तो संबंधित व्यापारी और दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने महिला मृत्यु मामले को गम्भीरता से लेते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** थाना क्षेत्र के गांव ऐली में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की हुई मौत के बाद परिजनों ने खुलासा किया कि गैर समुदाय के प्रेमी से सम्बंध बनाने के बाद युवक द्वारा गर्भपात करने की दवा खिलाने से महिला की मौत हुई थी। जिसको लेकर थाने में दी गयी पति की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर बुधवार को पुलिस ने अभियुक्त को घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गौरतलब है कि गांव ऐली निवासी 36 वर्षिय महिला की रविवार को संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। उसका पति दिल्ली में मजदूरी करने गया था। जानकारी पर लौटे पति ने सिंगाही थाने में तहरीर देकर शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था ।पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार को जब शव गांव पहुंचा तो पति ने पत्नी का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया और परिजनों के साथ मिलकर जमकर हंगामा काटा हंगामे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को पति सूरज ने गम्भीर आरोपों के साथ बताया कि सिंगाही कस्बे के जाबिर नामक युवक को दस वर्ष पहले घर के पास पड़ी जगह को किराए पर दुकान खोलने को




दी थी। सूरज करीब सात महीने पहले मजदूरी के लिए दिल्ली गया था तभी उसकी गैरहाजिरी में जाबिर और उसकी पत्नी के बीच प्रेम-प्रसंग चलने लगा। इसी बीच महिला पांच माह की गर्भवती हो गई। सच्चाई को छुपाने के लिए जाबिर ने पत्नी को गर्भपात की दवा खिला दी जिससे उसकी मौत हो गयी।पति सूरज की बात को सुनकर पुलिस ने आश्वासन दिया कि मृतक का अंतिम संस्कार करो जल्दी ही अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत महिला के पति की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को बुधवार को उसके निज निवास कस्बा सिंगाही से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में सिंगाही थानाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने बताया कि दबिश डालकर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गांव में शांतिपूर्ण माहौल बना हुआ है, ऐहितियातन गांव में फोर्स मौजूद है।

## बरेली कॉलेज में परीक्षा के दौरान पकड़े गए तीन नकलची



**बरेली/**परीक्षा के दौरान बरेली कॉलेज में एल एल बी परीक्षा के दौरान नकल करने वालों पर चौकसी बरती गई तो महाविद्यालय के आंतरिक सचल दल लगातार क्रियाशील रहा और परीक्षा कक्षा में आवागमन करता रहा इसी दौरान बोर्ड के सदस्यों ने निरीक्षण के दौरान तीन नकलची पकड़ लिए। इनमें एल एल बी के दो और आई में प्रथम सेमेस्टर का एक छात्र पर्ची से नकल करते मिला महाविद्यालय के चीप प्राक्टर प्रोफेसर आलोक खरे के अनुसार परीक्षा के दौरान लगातार कक्षाओं में सतर्कता बढ़ती जा रही है महाविद्यालय के आंतरिक सचल दल की टीम ने विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण किया जहां कुछ संदिग्ध रूप से नकल करते पाए गए तलाशी लेने पर उनके पास नकल सामग्री बरामद की गई इसके बाद उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया गया पकड़े गए। नकलचियों के खिलाफ परीक्षा नियमावली के तहत कार्यवाही की गई।

# ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा देते हैं:- प्रतीक्षा त्रिपाठी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल 'रिंकू' एवं गोला टूरिज्म संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित छोटी काशी पतंग महोत्सव 2.0 का आज उत्साहपूर्ण वातावरण में भव्य शुभारंभ हुआ। पतंग महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी गोला गोकर्णनाथ प्रतीक्षा त्रिपाठी ने दीप प्रज्वल्लित कर किया तथा उपस्थिति जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि,' ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा देते हैं तथा जनसुरक्षा और सांस्कृतिक चेतना को मजबूती प्रदान करते हैं। पतंग महोत्सव के आयोजक नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि,' यह आयोजन न केवल पतंग उड़ाने की पारंपरिक भारतीय संस्कृति के संरक्षण का प्रतीक बना, बल्कि चाइनीज मांझे के विरुद्ध जन-जागरूकता का सशक्त माध्यम भी सिद्ध होगा। कार्यक्रम के मुख्य समागत कबीर धाम मुस्तफाबाद के प्रवीण साहेब रहे, जबकि कार्यक्रम अध्यक्षता एबीवीपी के संगठन मंत्री श्री सत्यम दुबे ने की। कार्यक्रम के दौरान नगरवासियों, युवाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि महोत्सव के आगामी चरणों में प्रतियोगिता और भी रोमांचक होगी तथा समापन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता की निष्पक्षता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने




हेतु गठित निर्णायक मंडल में राजेंद्र सोनी, कुलदीप तिवारी, डॉ. आदर्श दीक्षित, डॉ. सौरभ दीक्षित, डॉ. योगेश कनौजिया एवं एडवोकेट सुमित शाह शामिल रहे। आयोजन की सफलता में आयोजन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसमें गोला टूरिज्म संगठन के प्रबंधक प्रेम गुप्ता, सचिव इं. मिलिंद शुक्ल, मंत्री अनुज त्रिवेदी संगठन मीडिया समन्वयक वीरेंद्र कुमार गुप्ता 'वीनू', कमल नयन शुक्ल, अनिकेत अवस्थी, अंशुमान शुक्ल 'अवि', मोहित अवस्थी, युवराज सिंह, लवकुश शास्त्री नगर पालिका कर्मचारीगण सहित अनेक स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा। पतंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

**जूनियर वर्ग में क्रमशः**- पहले राउंड में शौर्य गुप्ता, दूसरे में अभिमान गुप्ता, तीसरे में युवराज तिवारी, चौथे में रुद्रांश गुप्ता, पांचवें में मोहम्मद तंजीव सलमानी, छठे में कृष्णा शर्मा, सातवें में महेंद्र सिंह तथा आठवें राउंड में उज्ज्वल जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**सीनियर वर्ग में** - पहले राउंड में अभिनंदन शुक्ल, दूसरे में दिव्यांश यादव, तीसरे में वंश कश्यप, चौथे में विकास, पांचवें में अभिषेक कश्यप तथा छठे राउंड में अरुण अवस्थी ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर सभासद नानक चन्द्र वर्मा, रियाजुद्दीन, गोला टूरिज्म संगठन के प्रबंधक प्रेम गुप्ता, सचिव इं. मिलिंद शुक्ल, मंत्री अनुज त्रिवेदी संगठन मीडिया समन्वयक वीरेंद्र कुमार गुप्ता 'वीनू', कमल नयन शुक्ल, अनिकेत अवस्थी, अंशुमान शुक्ल 'अवि', लेखाकार मोहित अवस्थी,विमलेश वर्मा,भाजपा युवा मोर्चा नगर महामंत्री हिमांशु सिंह,व्यापार मण्डल जिला अध्यक्ष अरुण अवस्थी, लवकुश शास्त्री,संजीव गुप्ता, विजय मिश्रा, शत्रोहन मिश्रा, राजेश राठौर , सहित अनेक स्वयंसेवकों मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### न्यायालय आपके द्वार’ अभियान के तहत जिलाधिकारी ने किया शिवरामपुर में स्टांप वाद का स्थलीय निरीक्षण



**भदोही।** ‘न्यायालय आपके द्वार’ अभियान को धरातल पर उतारते हुए जिला मजिस्ट्रेट शैलेष कुमार ने तहसील ज्ञानपुर के शिवरामपुर में स्टांप व राजस्व वाद के अंतर्गत एक लंबित प्रकरण का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य विवादित मामले की वास्तविक स्थिति को समझकर उसका त्वरित एवं शुचितापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करना रहा। निरीक्षण के दौरान जिला मजिस्ट्रेट द्वारा विक्रेता विनोद कुमार एवं क्रेता सोनी सोनकर से संबंधित 0.179 हेक्टेयर भूमि के स्टांप वाद में विक्रय अभिलेख के आधार पर मौके की जांच की गई। स्थलीय निरीक्षण में विक्रय अभिलेख एवं वास्तविक स्थिति में किसी प्रकार का कोई अंतर नहीं पाया गया, जिससे प्रकरण की स्पष्टता सुनिश्चित हुई। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में लंबित स्टांप व राजस्व वादों के निस्तारण के लिए स्थलीय निरीक्षण एवं मौके पर सुनवाई को प्राथमिकता दी जाए, ताकि आमजन को शीघ्र न्याय मिल सके। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को ‘न्यायालय आपके द्वार’ अभियान के तहत लंबित एवं विवादित मामलों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्थलीय निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ज्ञानपुर अजय सिंह, जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार, चीफ रीडर बृजनाथ सहित संबंधित कानूनगो एवं लेखपाल उपस्थित रहे।

### एसपी की पहल से ग्राम पूरे मिश्रान में दस वर्षों से चला आ रहा रास्ता विवाद शांतिपूर्ण ढंग से निस्तारित



**भदोही।** थाना औराई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पूरे मिश्रान में खतौनी की आबादी खाते की भूमि को लेकर प्रथम पक्ष सुरेश यादव पुत्र मुन्नीलाल एवं द्वितीय पक्ष गणेश गौड़ पुत्र स्व. रामराज के मध्य लगभग दस वर्षों से रास्ते को लेकर विवाद चला आ रहा था, जिससे गांव में लगातार तनाव की स्थिति बनी रहती थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने राजस्व विभाग एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम के साथ मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों पक्षों की बातों को विस्तार से सुना गया तथा मौके पर उपस्थित स्थानीय ग्रामीणों की सहमति और सहयोग से विवाद के सभी पहलुओं पर विचार किया गया। पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में उभयपक्षों के बीच आपसी सहमति से सुलह-समझौता कराया गया, जिसके बाद वर्षों से चला आ रहा विवाद पूरी तरह समाप्त हो गया। इस समाधान से गांव में शांति एवं सौहार्द का वातावरण स्थापित हुआ और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना समाप्त हो गई। श्री मांगलिक ने दोनों पक्षों को आपसी भाईचारे के साथ रहने की अपील करते हुए कहा कि छोटे-छोटे विवाद आपसी संवाद से ही सुलझाए जाने चाहिए। प्रशासन का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि समाज में शांति, समरसता और विश्वास को मजबूत करना भी है।

### 26 जनवरी को होगा सिंह क्रिकेट क्लब नेवादा का शुभारंभ

**हलिया मीरजापुर।** बेलन बरौधा क्षेत्र के डालमिया ग्राउंड नेवादा मे सिंह क्रिकेट क्लब नेवादा का शुभारंभ 26 जनवरी को होने जा रहा है। क्रिकेट क्लब के आयोजक देवेंद्र प्रताप कीर्ति चक्र से सम्मानित ने बताया कि प्रतियोगिता कमेटी स्तर पर खेली जाएगी अंपायर और कमेटी का निर्णय अंतिम सर्वमान्य होगा घायल होने की अवस्था में खिलाड़ी व दर्शन स्वय जिम्मेदार होंगे मैच टेनिस केंद्र से एवं 10-10 ओवर का खेला जाएगा एलबीडब्ल्यू के अतिरिक्त क्रिकेटर के सभी नियम लागू होंगे मैच के निर्धारित समय पर नहीं पहुंचने की स्थिति में विपक्षी टीम को विजेता घोषित कर दिया जाएगा। खिलाड़ियों के लिए प्रथम पुरस्कार की ? 21000 तृतीय पुरस्कार 11000 रुपए प्रवेश शुल्क 11 00 से टीम का प्रवेश जारी होगा। आयोजक देवेंद्र प्रताप सिंह, कीर्ति चक्र, योगेन्द्र प्रताप सिंह, राज बहादुर सिंह, तेज प्रताप सिंह, गुड्डू, अतुल सिंह में रहे।

# एमसीएस जिला चिकित्सालय ज्ञानपुर का डीएम ने औचक निरीक्षण कर ई-हास्पिटल के सुचारू क्रियान्वयन हेतु दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

●डीएम ने एमसीएस चिकित्सालय में निर्माणाधीन लैब व अंनतिम रूप से पूर्ण अग्निशमन के फंक्शनल प्रक्रिया को भी परखा,पेयजल टंकी की साफ सफाई व पेंटिंग कराने का दिया निर्देश

●ई-सुश्रुत कार्यक्रम की प्रगति हेतु डीएम ने एमसीएस ज्ञानपुर का किया निरीक्षण



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने अपराह्न डेढ़ बजे महाराजा चेतसिंह जिला चिकित्सालय ज्ञानपुर का औचक निरीक्षण किया साथ ही निर्माणाधीन लैब व अंनतिम रूप से पूर्ण अग्निशमन के फंक्शनल प्रक्रिया को भी परखा। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एमसीएस डॉ.अजय तिवारी के साथ ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड ,महिला वार्ड, एआरटी सेंटर,पोषण पुनर्वास केंद्र, दवा स्टोर रूम आदि वार्डो का निरीक्षण कर भर्ती मरीजों व तीमारदारों से हाल-चाल पूछते हुए प्राप्त चिकित्साकीय सुविधाओं की जानकारी ली। पेयजल टंकी की साफ सफाई व पेंटिंग कराने का निर्देश दिया। तिमारदार कड़ेदीन यादव ने बताया कि पेशेंट उनकी पत्नी सुमित्रा का सौ सैया संयुक्त चिकित्सालय में यह कहकर लौटा दिया गया कि आज 50 मरीजों का एक्सरे हो गया है,की शिकायत पर जिलाधिकारी ने तत्काल सीएमएस सौ शय्या को मरीज का एक्सरे करने का निर्देश दिया। मरीज व उनके परिजनों ने जिलाधिकारी के इस प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। जिलाधिकारी ने जनपद का पहला ई-सुश्रुत कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित महराजा चेतसिंह जिला चिकित्सालय ज्ञानपुर का निरीक्षण कर ई-हास्पिटल के सुचारू क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 अजय कुमार तिवारी ने बताया कि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन व निर्देशन में एमसीएस में ई-सुश्रुत कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। ई-सुश्रुत कार्यक्रम के अन्तर्गत चिकित्सालय में उपलब्ध सभी सेवाओं को जनमानस की सुलभता हेतु कम्प्यूटराइज किया गया है मरीजो के पंजीकरण हेतु आनलाइन पंजीकरण काउन्टर स्थापित किये गये है, काउन्टर पर आभा आईडी का क्यूआर कोड स्कैन करके मरीज अपना पंजीकरण कर सकता है। आकस्मिकता की स्थिति के लिए एक आफलाइन काउन्टर भी स्थापित किया गया है। पंजीकरण के पश्चात मरीजों का एक यूनिक नम्बर जनरेट हो जाता है तथा मरीजों को सम्बन्धित विभाग में जाने के लिए पंजीकरण काउन्टर से रूम नम्बर उपलब्ध करा दिया जाता है तथा सम्बन्धित चिकित्सक के पास उस मरीज का आनलाइन नम्बर स्वतः पहुंच जाता है। मरीज अपने पर्ची के साथ सम्बन्धित चिकित्सक के पास पहुंच जाते है और वहा पर चिकित्सक उस मरीज को जाँच और दवा कम्प्यूटर पर अंकित करते है जिससे उनका डाटा पैथौलाजी में पहुंच जाता है तथा उनका जो भी जॉच चिकित्सक द्वारा लिखा जाता है वो, हो जाता है और पुनः जाँच रिर्पोट सम्बन्धित चिकित्सक के पास पहुंच जाती है और चिकित्सक द्वारा बीमारी से सम्बन्धित दवाओं का अंकन किया जाता है एवं पर्ची पर भी लिख दिया जाता है तथा दवा की पर्ची दवा वितरण काउन्टर पर आनलाइन पहुंच जाता है, जिससे मरीजो को दवा वितरण केन्द्र से दवा प्राप्त हो जाता है। जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि ई-सुश्रुत कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना पूर्ण सहयोग दें। इससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं और चिकित्सालय की कार्यक्षमता में सुधार हो रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि भविष्य में भी ई-सुश्रुत कार्यक्रम को और अधिक मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से मरीजों को और भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही ई-सुश्रुत कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकता है। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों को सख्त निर्देशित किया कि ओपीडी समय 8 से 2 बजे तक अवश्य रहे। इमरजेंसी वार्ड व शिफ्टवार लगाए गए डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी अपने निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। सभी डॉक्टर अपने ड्यूटीरत चिकित्सालय क्षेत्र में ही आवास पर रहे, आवश्यक काम से जनपद छोड़ने हेतु लिखित अनुमति लेकर ही जाएं, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा जारी।

# राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में चंदन की हैट्रिक से आज़ाद स्पोर्ट्स क्लब की शानदार जीत

● सोनभद्र को सेवाश्रम इंटर कॉलेज ने तीन रनों से हराया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही।** सुरियावां क्षेत्र स्थित महर्षि आज़ाद स्टेडियम, मेढ़ी में तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आज़ाद राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन बुधवार को दो मुकाबले खेले गए, जिनमें दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट देखने को मिला। दिन का पहला मुकाबला आज़ाद स्पोर्ट्स क्लब जूनियर एवं विंध्याचल एमआरसीसी के बीच खेला गया। इस मुकाबले में आज़ाद स्पोर्ट्स क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विंध्याचल को 33 रनों से पराजित किया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए आज़ाद स्पोर्ट्स क्लब ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 129 रन बनाए। टीम की ओर से कप्तान संदीप ने 45 गेंदों पर 37 रन की उपयोगी पारी खेली। प्रियांशु ने 23 गेंदों पर 20 रन बनाए, जबकि प्रांजल यादव ने 15 गेंदों पर नाबाद 20 रन जोड़कर स्कोर को मज़बूत किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विंध्याचल एमआरसीसी की टीम 16.2 ओवर में 96 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से अनुज मिश्रा ने 36 रन और रूपांशु चतुर्वेदी ने 27 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज़ टिककर नहीं खेल सके। आज़ाद स्पोर्ट्स क्लब की जीत में गेंदबाज़ों का अहम योगदान रहा। चंदन यादव ने घातक गेंदबाज़ी करते हुए 3.2 ओवर में 5 विकेट लेने के साथ हैट्रिक भी लगाई, जिससे मैच पूरी तरह एकतरफा हो गया। इसके अलावा राजन यादव ने 2 विकेट तथा प्रांजल यादव और विशाल यादव ने 1-1 विकेट हासिल किया। शानदार प्रदर्शन के लिए चंदन यादव को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दिन का दूसरा मुकाबला सेवाश्रम इंटरमीडिएट कॉलेज सुरियावां एवं सोनभद्र के बीच खेला गया, जो अंत तक बेहद रोमांचक रहा। सेवाश्रम इंटर कॉलेज की टीम ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 9 विकेट पर 114 रन बनाए। जवाब में सोनभद्र की टीम ने कड़ा संघर्ष किया, लेकिन 16 ओवर में 9 विकेट पर 111 रन ही बना सकी। इस प्रकार सेवाश्रम इंटर कॉलेज ने 3 रनों से रोमांचक जीत दर्ज की। आयोजकों के अनुसार गुरुवार को मुरादाबाद बनाम गाजीपुर तथा जौनपुर बनाम मीरजापुर के बीच मुकाबले खेले जाएंगे। मैच के दौरान समिति के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सचिव अमर बहादुर सिंह, विजयशंकर राय, राजमणि पांडेय, राजकुमार सरोज, जेपी सिंह, रामजीत यादव, श्याम बहादुर यादव, दिनेश यादव ‘दादा’, परमेंद्र गौतम सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# लावारिस मवेशियों से बाजार में अफरा तफरी

●प्रधान ने गौ आश्रय में अलग से कराया सुरक्षित



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हलिया, मीरजापुर ।** स्थानीय विकास खंड में कस्बा के आस पास के हथेडा, बरी, पुरवा, भटवारी आदि गाँव के किसानों की फसल को लावारिस मवेशियों द्वारा नुकसान करने से बुधवार को किसानों ने कस्बा के तरफ हाक दिया जिसके कारण सुबह आने जाने वाले राहगीरों के साथ वाहनों का अचानक सैकड़ों की संख्या में आने से चक्का थम गया अफरा तफरी मच गयी जिसकी जानकारी होने पर ग्राम प्रधान शिव बाबू सेठ ने दश आदमियों से मवेशियों को संग्रहित कराते हुए गौ आश्रय स्थल के पास ददरी रोड स्थित पहडी पर अलग से ब्यवस्था कराया । ग्राम प्रधान ने बताया कि गौ आश्रय स्थल में छमता के अनुसार पुर्ण है अलग से घेराबंदी कर कस्बा में उपद्रव करने वाले मवेशियों की ब्यवस्था कर दी गई है। जिससे लोगों को परेशानी न हो। इसी तरह से सिकटा, अहुगी, राजपुर, पवारी कला, वीरपुर, कोटार आदि सहित दर्जनों गाँव में किसान रतजगा कर रहे हैं ।

# छात्र एवं छात्राओं में नि:शुल्क स्वेटर वितरण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**चुनार, मीरजापुर ।** विकास खण्ड नरायनपुर अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय समसपुर मे छात्र एवं छात्राओं मे बटा नि:शुल्क स्वेटर।खण्डशिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता मे गंगाजल कल्याण मेमोरियल ट्रष्ट द्वारा मंगलवार को नामांकित कुल 137 छात्र छात्राओं को नि:शुल्क स्वेटर का वितरण किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि बढती हुई ठंड की वजह से शासनदेश के अनुसार सभी छात्रों को स्वेटर पहन कर अनिवार्य रुप से स्कूल आना है। जिसके अनुपालन मे डी0बी0टी0के माध्यम से नामांकित छात्र छात्राओं के अभिवावको के खाते मे 1200रुपये प्रेषित की जा चुकी है।और प्रधानाध्यापक अजय वर्मा को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रतिदिन बच्चे स्वेटर पहन कर स्कूल आए। इसदौरारान ग्राम प्रधान कृष्णपाल सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापिका दुर्गावती देवी, पल्लवी सिंह, संजुला सिंह, एस0एम0सी0 सदस्यो सहित बडी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विद्युत आपूर्ति व रबी सिंचाई व्यवस्था की समीक्षा, शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश-जिलाधिकारी

● पीएम सूर्यघर योजना में तेजी लाने के निर्देश, फरवरी तक लक्ष्य पूर्ण करने का आदेश फाल्ट होने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें-डीएम शैलेष कुमार

● बिजली, नलकूप व नहरों की संयुक्त समीक्षा, टेल तक पानी पहुंचाने के निर्देश



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में विद्युत विभाग एवं सिंचाई एव जल संसाधन विभाग में रबी फसलों की सिंचाई की समीक्षा कलेक्टेट्र सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, योजनाओं की प्रगति तथा उपभोक्ताओं से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान पीएम सूर्यघर योजना के क्रियान्वयन हेतु दिये गये लक्ष्य 1601 के सापेक्ष 931 होने पर शेष 670 का लक्ष्य एसडीओ/जेई को माह फरवरी तक पूर्ण करने का निर्देश दिया, और कहा कि जिन गॉवो में ज्यादा विद्युत बिल बकाया वहॉ पर मेगा कैम्प लगाकर विद्युत कनेक्शन, विद्युत बिलों का सुधार, विद्युत छूट योजनाओं का लाभ कनेक्शन धारकों को दिलाये। उन्होंने कहा कि विद्युत सम्बन्धित सांसद, विधायक के निधि के कार्यो को समय-सीमा के भीतर मानक व गुणवत्ता अनुरूप पूर्ण कराये। यह भी कहा कि ए, बी, सी केबल बंच कन्डक्टर 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष कार्य को मार्च तक पूर्ण करने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वर्तमान में ठंडी के मौसम के कारण विद्युत आपूर्ति व्यवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है, ऐसे में फाल्ट की स्थिति में संबंधित अभियंता त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि उपभोक्ता शिकायतों पर तत्परता से संज्ञान लिया जाए तथा सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभाग द्वारा जो भी योजना चल रही है, ऊर्जा प्राप्ति की स्थिति, बिलिंग कार्यो की प्रगति, अधिक लाइन हानि वाले पोषकों पर की जा रही कार्रवाई, क्षतिग्रस्त ट्रांसफॉर्मरों की स्थिति और उनके सापेक्ष उपलब्ध फ्रेश व ट्रॉली ट्रांसफॉर्मरों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि जितने भी कार्य प्रगति पर हैं उन्हें तय समयसीमा में पूर्ण किया जाए। साथ ही खराब ट्रांसफॉर्मरों को समय पर बदला जाए, जिससे विद्युत आपूर्ति में बाधा उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारी मैनपावर बढ़ाएं और विद्युत पोल लगाए जाने जैसे कार्यो को प्राथमिकता पर संपन्न कराएं। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने नलकूप विभाग की समीक्षा के दौरान यात्रिक/विद्युत दोष से खराब पड़े नलकूपों को निर्धारित समय सीमा के भीतर मरम्मत कराने हेतु अधिशासी अभियंता नलकूप को निर्देश दिया। यह भी कहा कि जिन ग्राम पंचातयों में ट्यूबेल की नालियॉ ध्वस्त/खराब है, रेवन्यू खतौनी में दर्ज है, नलकूप वाईज चिन्ह्ति कर सूची एक सप्ताह में उपलब्ध कराने का निर्देश अधिशासी अभियंता नलकूप को दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी नहरों में टेल तक पानी पहुँचाना निर्धारित रोस्टर के अनुरूप में सुनिश्चित कराये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल, ए0सी0 विद्युत, अधिशासी अभियंता आरबी शर्मा भदोही, अधिशासी अभियंता नलकूप, नहर, लघु सिंचाई एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत नोटिस सुनवाई की कार्यवाही तीनों विधानसभाओं के अंतर्गत निर्धारित स्थलों पर की गई

●जिलाधिकारी द्वारा 393-ज्ञानपुर वि0स0 हेतु निधारित नोटिस सुनवाई स्थल तहसील परिसर-ज्ञानपुर का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के दिये गयें निर्देश



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही-** अपर जिलाधिकारी (वि0रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुँवर वीरेन्द्र मौर्य द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम मे 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विसेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अन्तर्गत गणना अवधि मे बीएलओ द्वारा नो मैपिंग कैटेगरी में चिन्हित किये गये मतदाताओं को नियमानुसार नोटिस जारी करते हुए सम्बन्धित विधानसभान्तर्गत चिन्हित स्थलों पर दिनांक 21.01.2026 से नोटिस सुनवाई की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है। नोटिस सुनवाई की कार्यवाही जनपद मे निम्न स्थलों पर प्रक्रियाधीन है। विधानसभा भदोही के अंतर्गत सुनवाई का निर्धारित स्थल -सभागार, खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, अभोली,सभागार, खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, सुरियावां,न्यायालय कक्ष - तहसीलदार भदोही, तहसील भदोही,सभागार, खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, भदोही,खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, भदोही है। विधानसभा ज्ञानपुर के अंतर्गत सुनवाई का निर्धारित स्थल -सभागार, खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, अभोली,सभागार, खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, डीघ (वहिदा),सभागार, खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, ज्ञानपुर,सभागार-ब्लाक संसाधन केन्द्र ज्ञानपुर,सभागार, खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, डीघ ,तहसील परिसर, ज्ञानपुर,सभागार-तहसील कैम्पस, ज्ञानपुर है। विधानसभा ज्ञानपुर के अंतर्गत सुनवाई का निर्धारित स्थल -छोटा सभागार, खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय औराई, सभागार तहसील कैम्पस, औराई ,खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय,औराई, नियर स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया है। उक्त कार्यक्रम के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी शैलेष कुमार द्वारा 393-ज्ञानपुर वि0स0 हेतु निधारित नोटिस सुनवाई स्थल तहसील परिसर-ज्ञानपुर का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गयें। समस्त सम्बन्धित मतदाताओं से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ नोटिस पर अंकित सुनवाई स्थल पर अवश्य उपस्थित होने का कष्ट करें।

# टम्मलगंज में विधायक प्रतिनिधि की गाड़ी से दर्दनाक हादसा, तीन युवक गंभीर घायल इलाके में भारी आक्रोश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मीरजापुर ।** चुनार थाना क्षेत्र टम्मलगंज बुधवार को लगभग शाम 4:30 बजे टम्मलगंज क्षेत्र में खेल रहे बच्चों और युवकों के ऊपर विधायक प्रतिनिधि आलोक कुमार की गाड़ी से दर्दनाक हादसा हो जाने का गंभीर मामला सामने आया है।इस दर्दनाक हादसे में मोहल्ले के तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें आनन-फानन में नजदीकी प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर प्रमोद उम्र लगभग 26 वर्ष जो रिश्तेदारी में आकर यहां काम करता था बीएचयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।घायलों की पहचान इस प्रकार बताई जा रही है राज कुमार, पुत्र धर्मेन्द्र उम्र लगभग 24 वर्ष, रामाशरे पुत्र सुखराम उम्र लगभग 26 वर्ष। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा बेहद तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण हुआ। घटना के बाद से पूरे मोहल्ले में भारी रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विधायक प्रतिनिधि दबंग और रौबदार किस्म का व्यक्ति है, जिसके चलते लोग खुलकर सामने आने से डर रहे हैं। मौके पर तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। लोगों की मांग है कि दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और पीड़ित परिवारों को तुरंत न्याय मिले।लेकिन सवाल यह है क्या रसूखदार होने की वजह से एक बार फिर कानून कमजोर पड़ेगा, या पीड़ितों को मिलेगा न्याय।

# विंध्याचल धाम में मंगलवार की पावन परंपरा: हनुमान जी की कृपा से प्राणियों की नि:स्वार्थ सेवा

●सेवा ही सच्चा धर्म है



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**विंध्याचल।** माँ विंध्यवासिनी धाम के प्रसिद्ध प्रधान पुजारी एवं श्रृंगारिया पंडित राघवेंद्र उपाध्याय जी ने प्रत्येक मंगलवार की परंपरा को निभाते हुए आज भी भगवान हनुमान जी की कृपा से विंध्य पर्वत पर सेवा का पुण्य कार्य संपन्न किया। विंध्याचल की पावन धरती पर यह सेवा भक्ति, करुणा और नि:स्वार्थ भाव का अनुपम दृश्य प्रस्तुत करती रही है। पंडित राघवेंद्र उपाध्याय जी ने विंध्य पर्वत पर भगवान हनुमान जी के प्रतीक स्वरूप बंदरों को चना खिलाकर सेवा की। साथ ही लंगूरों और गाय माता को भी उचित आहार प्रदान कर उनकी सेवा की गई। पर्वत पर विद्यमान विभिन्न विग्रहों (देव प्रतिमाओं) का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया, जिसमें फूल, चंदन, अगरबत्ती और प्रसाद अर्पित कर भक्ति-भाव व्यक्त किया गया। यह कार्य मात्र धार्मिक अनुष्ठान नहीं, अपितु प्राणिमात्र के प्रति दया, नि:स्वार्थ सेवा और पर्यावरण संरक्षण का गहन संदेश भी देता है। भगवान हनुमान जी शक्ति, भक्ति और विनम्रता के आदर्श प्रतीक हैं। उनके जीवन से हमें नि:स्वार्थ सेवा, दृढ़ संकल्प, लक्ष्य के प्रति अटूट समर्पण और अहंकार से मुक्ति की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सदैव बड़े उद्देश्य को प्राथमिकता दी तथा सत्य, श्रद्धा और साहस के बल पर हर बाधा को पार किया। उनकी कथा सिखाती है कि वास्तविक शक्ति भीतर की ईमानदारी, समर्पण और सत्कर्म में ही निहित होती है। पंडित राघवेंद्र उपाध्याय जी ने हनुमान जी से प्रार्थना की कि जीवन में धर्म-कर्म के कार्य निरंतर चलते रहें तथा सभी को सेवा-भाव और भक्ति की प्रेरणा प्राप्त होती रहे। यह सेवा विंध्य धाम के भक्तों में श्रद्धा, एकता और प्राणी-दया की भावना को और सुदृढ़ करने वाली सिद्ध हुई। माँ विंध्यवासिनी और बजरंगबली की कृपा से ऐसे पुण्य कार्य निरंतर होते रहें, यही कामना है।

## संक्षिप्त खबरें

### घूरपुर-प्रतापपुर मार्ग बना 'मौत का रास्ता'

आरसीसी और डामरीकरण का खतरनाक खेल।



**लालापुर, प्रयागराज।** यमुनानगर क्षेत्र के बारा तहसील अंतर्गत घूरपुर से प्रतापपुर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू होते ही विवादों में घिर गया है। सड़क निर्माण के नाम पर ऐसी लापरवाही बरती जा रही है कि यह मार्ग अब विकास नहीं बल्कि दुर्घटनाओं का केंद्र बनता जा रहा है। निर्माण में लगी गाड़ियों से गिट्टी सड़क पर गिर रही है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों की जान लगातार खतरे में बनी हुई है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि ठेकेदार द्वारा जगह-जगह आधी-अधूरी सड़क बनाकर छोड़ दी जा रही है। कहीं आरसीसी सड़क है तो कहीं डामर, और कहीं सिर्फ गिट्टी–जिससे वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ रहा है। यदि सड़क का निर्माण बराबर और सतत रूप से किया जाता, तो शायद हादसों की नौबत ही न आती। इसी लापरवाही का नतीजा बुधवार को देखने को मिला, जब लालापुर चौराहे से महज कुछ दूरी पर आरसीसी सड़क पर चढ़ते ही एक व्यापारी की बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। गनीमत रही कि व्यापारी सुरक्षित बच गया, लेकिन यह हादसा ठेकेदार की घोर लापरवाही और निर्माण की गुणवत्ता पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। प्रतापपुर से पडुवां तक सड़क का डामरीकरण कार्य चल रहा है, लेकिन सड़क के किनारे बनने वाली नाली–जो योजना में स्वीकृत और पारित है–उसे जानबूझकर नहीं बनाया जा रहा। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि नाली न बनने से आगे चलकर जलभराव होगा और सड़क कुछ ही दिनों में टूट जाएगी। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार की मनमानी के आगे न तो लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी बोल रहे हैं, न ही अवर अभियंता कोई ठोस कार्रवाई कर रहे हैं। यही कमियां पाए जाने पर कुछ दिन पहले सड़क निर्माण कार्य बाधित भी हुआ था, लेकिन दोबारा शुरू होते ही वही लापरवाही, वही अनदेखी फिर सामने आ गई है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि–क्या लोक निर्माण विभाग के अधिकारी और अवर अभियंता मौके पर निरीक्षण कर रहे हैं।क्या मानकों की अनदेखी करने वाले ठेकेदार पर कोई कार्रवाई होगी? या फिर किसी बड़े हादसे के बाद ही जिम्मेदारों की नींद खुलेगी? ग्रामीणों और राहगीरों ने मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, ठेकेदार की जिम्मेदारी तय हो और नाली सहित पूरा कार्य मानक के अनुसार कराया जाए, ताकि यह सड़क लोगों की जान बचाए, न कि खतरे में डाले।

### सुंदरकाण्ड एवं भव्य भंडारे का आयोजन आज

**नैनी, प्रयागराज।** नारायणी फाउण्डेशन द्वारा 22 जनवरी बुधवार को सुंदरकाण्ड एवं भव्य भंडारे का आयोजन नैनी क्षेत्र के सार्वजनिक श्री हनुमान मंदिर शनि मंदिर के समीप किया जाएगा।जिसकी जानकारी फाउण्डेशन के सचिव मारुति नंदन मिश्रा ने दी।

### मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** खांदी स्थित काशीराम कालोनी निवासी पूजा अहिरवार पुत्री राजू ने पुलिस को बताया कि 18 जनवरी को साढ़े चार बजे उसका भाई महेन्द्र अहिरवार को पड़ौस के रितिक वंशकार पुत्र स्व.बलुआ वंशकार, मोहिनी पत्नी रितिक व सीमा पत्नी बलुआ ने एकराय होकर गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## प्रतिभूति लौटाने के नाम पर घूस का खेल उजागर, परिवहन निगम का अफसर पांच हजार लेते ही सहायक आरएमओ गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
दया शंकर त्रिपाठी।

**ब्यूरो प्रयागराज।** बुधवार को सरकारी दफ्तरों में जारी रिश्वतखोरी के खेल पर एक बार फिर से पर्दा उठा है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में तैनात सहायक क्षेत्रीय मोटर अधिकारी नीरज कुमार को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए विजिलेंस टीम ने रंगे हाथ दबोच लिया। यह कार्रवाई उस वक्त हुई जब आरोपी अधिकारी कार्यालय के भीतर ही अवैध धनराशि ले रहा था। मामले की शुरुआत शिकायतकर्ता मनीष कुमार सोनकर की उस शिकायत से हुई, जिसमें आरोप लगाया गया कि मिर्जापुर रोडवेज बस स्टेशन स्थित जनरल मर्चेन्ट की दुकान के ठेके की प्रतिभूति राशि लौटाने के एवज में सहायक आरएमओ द्वारा खुलेआम रिश्वत मांगी जा रही थी। शिकायतकर्ता के अनुसार बिना अवैध रकम दिए फाइल आगे बढ़ाने से साफ इनकार किया जा रहा था। शिकायत की प्राथमिक जांच के बाद विजिलेंस की बारह सदस्यीय टीम ने पूरे घटनाक्रम की योजना बनाई और आज दोपहर बारह बजकर उनचास मिनट पर कार्यालय में ही दबिश दी। जैसे ही रिश्वत की रकम दी गई, टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ लिया। इस कार्रवाई से विभागीय गलियारों में अफरा-तफरी मच गई। गिरफ्तार सहायक आरएमओ के विरुद्ध थाना कैंट, पुलिस आयुक्तालय प्रयागराज में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। विजिलेंस अब यह भी जांच कर



रही है कि कहीं इस पूरे प्रकरण में किसी अन्य अधिकारी या कर्मचारी की भूमिका तो नहीं है। इस कार्रवाई ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि सरकारी दफ्तरों में आम नागरिक को उसका हक पाने के लिए आखिर कब तक रिश्वत देनी पड़ेगी, और साथ ही यह भी साफ कर दिया है कि विजिलेंस की नजर अब हर संदिग्ध फाइल और हर भ्रष्ट हाथ पर है।

## मातृ भारती की गोष्ठी का आयोजन



**नैनी, प्रयागराज।** सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र में समाज की महिलाओं को जागरूक करने हेतु मातृ भारती की गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय से जुड़ी अभिभाविकों ने मातृ शक्ति के रूप में अपनी सहभागिता दिखाई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राधा शुक्ला( कवियत्री, प्रयागराज), विशिष्ट अतिथि एवं मातृ गोष्ठी की अध्यक्ष बबीता मिश्रा( क्राइम रिपोर्टर प्रयागराज ) उपाध्यक्ष सुमन गुप्ता (महिला मोर्चा प्रयागराज ) ने मां सरस्वती के सम्मुख पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । विद्यालय की शिक्षिका आशा तिवारी ने मातृशक्ति के पदों की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका मन्नू द्विवेदी ने किया। जो इस कार्यक्रम की संयोजिका भी है।कार्यक्रम का आभार विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका वंदना सिन्हा ने किया इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने अपना संपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय का समस्त कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## एषा सिंह गणतंत्र दिवस परेड-2026 में 'वॉटर वॉरियर' के रूप में आमंत्रित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
दया शंकर त्रिपाठी।



**ब्यूरो प्रयागराज।** भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) द्वारा गणतंत्र दिवस परेड-2026 के अवसर पर देशभर से गंगा नदी के संरक्षण, पुनर्जीवन, स्वच्छता, सामुदायिक जागरूकता एवं पर्यावरणीय प्रदूषण की रोकथाम के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सतत योगदान देने वाले चयनित 'वॉटर वॉरियर्स' को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस प्रतिष्ठित सूची में प्रयागराज की जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) सुश्री एषा सिंह का नाम शामिल है।

सुश्री एषा सिंह विगत कई वर्षों से गंगा संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर जन-जागरूकता का कार्य कर रही हैं। उन्होंने गंगा तटवर्ती ग्रामों में ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें गंगा स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया/ नमामि गंगे परियोजना तक न सीमित रखते हुए उन्होंने इसे जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया।उनके प्रयासों में महिलाओं, युवाओं एवं ट्रांसजेंडर समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई। 'नदी उत्सव', गंगा उत्सव जैसे समावेशी कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक सहभागिता को मजबूती दी गई। जिला स्तर पर विभिन्न विद्यालयों में चित्रकला, क्विज़, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रैलियाँ तथा घाटों पर स्वच्छता अभियानों का आयोजन कर छात्रों एवं आम नागरिकों को पर्यावरण एवं नदी संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

महाकुंभ-2025 जैसे विशाल आयोजन के दौरान उनके नेतृत्व में संचालित नमामि गंगे प्रदर्शनी, जन-जागरूकता रैलियों एवं अभियानों ने देश-विदेश से आए लाखों श्रद्धालुओं में गंगा के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को प्रबल किया। इन उल्लेखनीय कार्यों के लिए उन्हें जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। गंगा संरक्षण के प्रति उनके समर्पण को पूर्व में भी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर सराहा जा चुका है। उन्हें भारत सरकार के जल शक्ति मंत्री द्वारा 'वॉटर डाइजेस्ट वर्ल्ड वॉटर वॉरियर अवार्ड' तथा राज्य स्तर पर 'गंगा सम्मान' से सम्मानित किया जा चुका है। गणतंत्र दिवस परेड-2026 में विशेष अतिथि के रूप में उनका चयन उनके सतत, समर्पित एवं प्रभावी कार्यों की स्वाभाविक परिणति है।

## कांग्रेस का योगी सरकार पर कटाक्ष,'पहले मुसलमानों से और अब शंकराचार्य से कागज दिखाने के लिए कह रहे हैं बीजेपी के लोग'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश प्रशासन द्वारा स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को नोटिस जारी किए जाने का हवाला देते हुए मंगलवार को राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार पर निशाना साधा और कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग देश के मुसलमानों से नागरिकता का कागज मांगते-मांगते अब शंकराचार्य से भी कागज दिखाने के लिए कह रहे हैं।पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह भी कहा कि किसी मुख्यमंत्री या प्रशासन की यह तय करने की हैसियत नहीं है कि शंकराचार्य कौन हैं।

दरअसल, माघ मेले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को मौनी अमावस्या स्नान करने से मेला पुलिस और प्रशासन द्वारा कथित तौर पर रोके जाने को लेकर उठे विवाद के बीच मेला प्रशासन ने उन्हें एक नोटिस जारी करके पूछा है कि वह स्वयं को ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य के रूप में कैसे प्रचारित कर रहे हैं। पवन खेड़ा ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''गुरु-शिष्य की एक अखंड परंपरा होती है, जिसके तहत शंकराचार्य चुने जाते हैं। लेकिन सरकार आधी रात को नोटिस देकर पूछ रही है कि आप शंकराचार्य हैं या नहीं।''



उनका कहना था, ''जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अविमुक्तेश्वरानंद जी के सामने नतमस्तक हुए, तब तक वह शंकराचार्य थे, जब तक वह गौ मांस पर सरकार से सवाल नहीं पूछते थे, तब तक वह शंकराचार्य थे, जब तक अविमुक्तेश्वरानंद जी, आधे-अधूरे मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का विरोध नहीं कर रहे थे, तब तक वह शंकराचार्य थे.... लेकिन अब वह शंकराचार्य नहीं रहे, क्योंकि वह राजा के सामने नतमस्तक नहीं हुए, इसलिए आदित्यनाथ आज इनसे कागज मांग रहे हैं।'' उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, ''बीजेपी वाले पहले मुसलमानों से कहते थे कि कागज दिखाओ। अब स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि शंकराचार्य से भी कागज मांग रहे हैं।'' खेड़ा ने कहा, ''1954 में उच्चतम न्यायालय का आदेश था कि मठ के संचालन में हस्तक्षेप का किसी को अधिकार नहीं है। ऐसे में अजय सिंह बिष्ट (योगी आदित्यनाथ) ने जो नोटिस भेजा है, वह कानून का उल्लंघन है। पूरा देश मोदी और अजय सिंह बिष्ट के मौन को देख रहा है, देश इन्हें कभी माफ नहीं करेगा।

## ब्रिगेडियर उपेन्द्र सिंह कांदिल के नेतृत्व में एनसीसी ग्रुप द्वारा पैरासेलिंग एडवेंचर एक्टिविटी का भव्य शुभारंभ


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज के तत्वावधान में 17 यूपी बटालियन एनसीसी, प्रयागराज द्वारा पाँच दिवसीय पैरासेलिंग एडवेंचर एक्टिविटी कैंप का आयोजन फाफामऊ वायु सेना क्षेत्र, पंडिला महादेव जी हवाई पट्टी, प्रयागराज में किया जा रहा है। यह शिविर साहस, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा के मूल्यों से अनुप्राणित होकर युवा कैडेट्स के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सशक्त पहल है। इस पाँच दिवसीय साहसिक शिविर का नेतृत्व एनसीसी ग्रुप कमांडर, प्रयागराज ब्रिगेडियर उपेन्द्र सिंह कांदिल एवं लेफ्टिनेंट कर्नल अरविन्द सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर ब्रिगेडियर ने स्वयं पैरासेलिंग बैलून द्वारा उड़ान भरकर कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया तथा साहसिक प्रशिक्षण के महत्व को व्यवहारिक रूप में प्रदर्शित किया।

अपने प्रेरक संबोधन में ब्रिगेडियर कांदिल ने कहा कि एडवेंचर प्रशिक्षण अनुशासनबद्ध, आत्मनिर्भर एवं सशक्त युवाओं के निर्माण की आधारशिला है। यह प्रशिक्षण कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, साहस तथा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है, जो राष्ट्र निर्माण में उनकी प्रभावी भूमिका सुनिश्चित करता है।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य कैडेट्स में नेतृत्व गुणों का विकास, आत्मविश्वास का सुदृढ़ीकरण तथा साहसिक दृष्टिकोण का निर्माण करना है। शिविर का आयोजन कड़े सुरक्षा मानकों के अंतर्गत किया जा रहा है जिससे कैडेट्स को एक सुरक्षित, रोमांचक एवं समृद्ध अनुभव प्राप्त हो सके।

इस एडवेंचर कैंप में 500 से अधिक एनसीसी कैडेट्स उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर रहे हैं। यह गतिविधि 17 यूपी बटालियन एनसीसी, प्रयागराज के लेफ्टिनेंट कर्नल




अरविंद सिंह के नेतृत्व एवं कुशल प्रबंधन में सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है। शिविर के प्रथम दिवस 15 यूपी बटालियन एनसीसी प्रयागराज एवं 17 यूपी बटालियन एनसीसी प्रयागराज के कैडेट्स ने सहभागिता की। इस अवसर पर 6 यूपी गर्ल्स बटालियन की लेफ्टिनेंट कर्नल फराह दीबा का योगदान भी अत्यंत सराहनीय एवं उल्लेखनीय रहा।

## जनपद प्रयागराज में 22 मई से 20 जून 2026 के मध्य कराया जायेगा जनगणना के प्रथम चरण का कार्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया कि आगामी जनगणना-2027 का कार्य पूर्णतः मोबाइल ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से संपन्न किया जाएगा। उन्होंने इस डिजिटल प्रक्रिया को त्रुटिहीन बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को तकनीक के उपयोग हेतु सजग रहने तथा सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जनगणना के प्रथम चरण का कार्य 22 मई से 20 जून 2026 के मध्य पूरा किए जाने हेतु निर्देश देते हुए बताया गया कि जनगणना कार्य हेतु तैनात किए जाने वाले मास्टर टेऊनर्स एवं फील्ड ट्रेनर्स, प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की सूची को अनिवार्य रूप से पहले से डिजिटल रूप में संधारित किया जाए, जिससे जनगणना के सीएमएम पोर्टल पर जनगणना पदाधिकारियों के डाटाबेस को अपलोड करने की प्रक्रिया त्वरित एवं सुगम हो सके। जिला स्तरीय समन्वय समिति की प्रथम बैठक का संचालन एवं समन्वय अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/जिला जनगणना अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनगणना कार्य निदेशालय की टीम से जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, सहायक निदेशक एवं जिला प्रभारी तथा सोमनाथ गोस्वामी, सहायक जिला प्रभारी के द्वारा जनगणना-2027 विषय पर पीपीटी के



माध्यम से विस्तार से प्रस्तुति भी दी गई। उल्लेखनीय है कि यह जनगणना श्रेणी की 16वीं जनगणना तथा स्वतंत्रता के बाद 8वीं जनगणना होगी। बैठक में अपर नगर आयुक्त, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी एवं सभी चार्ज अधिकारी उपस्थित रहे।

## फ़र्ज़ी कंपनी खोलकर लोगों से पैसा डबल करने के नाम पर ऐंठे लाखों रूपये

### ● निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोरांव प्रयागराज।** फ़र्ज़ी कंपनी खोलकर लोगों का का पैसा डबल करने के नाम पर लाखों रूपये ऐंठ लिया। और अवधि पूर्ण होने पर जब लोगों ने अपना पैसा तथाकथित कंपनी के डायरेक्टर कृष्ण कान्त मिश्रा उर्फ नथिया से मांगा तो ओ तरह तरह के बहाने बताकर वहां से फरार हों गया। जहां पर पीडीत रामसजीवन द्वारा जिला सत्र न्यायालय इलाहाबाद विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0 एक्ट) के यहां याचिका दायर किया। आरोप है कि पीड़ित रामसजीवन के बगल ग्राम डीही खुर्द, थाना खीरी, प्रयागराज के विपक्षी कृष्ण कान्त मिश्र उर्फ नथिया सन् 2013 में मुझसे से सम्पर्क किया और कहा कि एक कम्पनी श्री राज श्यामा मल्टीग्राम इण्डिया लि0 है और पता नैनी प्रयागराज में ब्रान्च खुली है। जिसका ब्रांच कोरांव में है। जिसमें पैसा जमा करने पर 05 वर्ष में दो गुना एवं 10 वर्ष में 04 गुना होगा। अपने विश्वास में लेकर उक्त कम्पनी में दिनांक 09.07.2013 को 20,000/- रुपया 10 वर्ष के लिए जमा करा दिया। उसके बाद बोला कि 10 वर्ष में आपको 80,000/- रुपया मिलेगा और जमा करके बाण्ड भी दिया। दिनांक 09.07.2013 को ही 15,000/-रुपया 10 वर्ष के लिए कराकर 60,000/- रुपया 10 वर्ष बाद मिलने की बात बताकर रुपया जमा किया एवं उसकाभी बाण्ड दिया एवं दिनांक 21.02.2013 को 2,000 /- रुपया 05 वर्ष में 4,000/- रुपया मिलने की बात बता जमा कराया और उसका भी बाण्ड दिया एवं दिनांक 09.07.2013 को 1,000/- रुपया 10 वर्ष के बाद 4,000/- रुपया मिलने की बात बताकर जमा कराया, परन्तु 05 साल बीतने के बाद भी 4,000/- रुपया आज तक नहीं दिया। पीडीत ने कई बार सम्पर्क किया तो उक्त तथाकथित विपक्षी गाली गुप्ता व जान से मारने की धमकी देता है। दिनांक 07.07.2022 को प्रार्थी 06:00 बजे शाम कैधवल कच्ची सड़क के पास विपक्षी से सम्पर्क किया तो विपक्षी माँ-बहन की गालियों देते हुए व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए बोला कि अब कभी पैसे के सम्बन्ध में बात किया तो जान से मार डालेंगे और तुम्हारा पैसा भी वापस नहीं करूँगा। कहीं



शिकायत करोगे तो गोली से मरवा दूंगा और लाश का भी पता नहीं चलेगा। जहां पर पीडीत के द्वारा दिए गए सारे दस्तावेज के अनुसार माननीय न्यायालय ने उपरोक्त प्रकरण में संलग्न पत्रावली को कोर्ट ने सुना तथा अवलोकन किया। और पत्रावली के सम्पूर्ण परिशीलन तथा पीड़ित द्वारा किये गये कथन से अपराध को संज्ञान में लेते हुए मामले के तथ्य एवं परिस्थितियों की देखते हुए । विपक्षी कृष्ण कान्त मिश्रा उर्फ नथिया के विरुद्ध स्थानीय थाना में एनडीपीएस एक्ट की धारा 156/3 के तहत अभियोग पंजीकृत कर एस0एच0ओ0 थाना खीरी, कमिश्नरेट प्रयागराज को आदेशित किया गया और उक्त प्रकरण में प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति 02 दिन के अन्दर न्यायालय में प्रेषित करने का आदेश दिया।

## विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण सम्बंधी मामलों को तेजी से निस्तारित कराये जाने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण से सम्बंधित समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में परियोजनाओं से जुड़े सभी सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-प्रयागराज तीसरी लाइन प्रोजेक्ट, बमरौली-मनौरी स्टेशन के मध्य दो आरओबी, इनर रिंग रोड़ फेज-1 व 2, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-24 बी में अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण, एयरपोर्ट रनवे विस्तारीकरण व फोर लेन मार्ग के प्रतिकर के भुगतान, जसरा बाईपास, यूपीडा से सम्बंधित प्रोजेक्टों में भूमि अधिग्रहण से सम्बंधित समस्याओं की सम्बंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे/भूमि अध्याप्ति अधिकारी से परियोजनाओं से जुड़े अधिकारियों एवं सम्बंधित तहसील के उपजिलाधिकारियों से समन्वय कर अधिग्रहण सम्बंधी मामलों का तेजी से निस्तारित कराये जाने तथा प्रत्येक 15 दिन में सभी परियोजनाओं से जुड़े अधिकारियों की बैठक कर सभी मुद्दो एवं समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने जिन भूमियों का अधिग्रहण के पश्चात भुगतान की कार्यवाही अवशेष है, उसे शीघ्रता से पूर्ण करने जिन भूमि स्वामियों के द्वारा भूमि अधिग्रहण के पश्चात मुआवजे की धनराशि ले ली गयी है तथा बकाया नहीं है और अभी तक कब्जा नहीं लिया गया है, ऐसे भूमियों पर कब्जे की कार्यवाही को जल्द से जल्द पूर्ण करने अधिग्रहित भूमि से कब्जा भी हटवाये जाने के लिए निर्देशित किया है।

उन्होंने कहा कि जिन भूमियों पर अधिग्रहण की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है, ऐसी अधिग्रहित भूमियों से अवैध खनन किसी भी स्थिति में न होने पाये। उन्होंने तहसील फूलपुर, करछना के उपजिलाधिकारियों को रिंग रोड फेज 1 व 2 की जमीन अधिग्रहण व अधिग्रहित जमीन पर



अवैध कब्जे से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र निराकरण जिन परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण हेतु मुआवजा राशि दे दी गयी है, अभियान चलाकर ऐसी भूमियों की अमलदरामद की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे संजीव कुमार शाक्य, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनीता सिंह, तहसीलदार-करछना व सोरांव, अधिशासी अभियंता पीडब्लूड पी0के0 राय सहित सम्बंधित परियोजनाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## NEET-PG 2025 7 इलाहाबाद हाईकोर्ट में SC/ST/OBC उम्मीदवारों को 'माइनस 40' नंबर के साथ काउंसलिंग की इजाज़त देने के खिलाफ PIL

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में SC/ST/OBC उम्मीदवारों को माइनस 40 नंबर के साथ काउंसलिंग की इजाज़त देने के खिलाफ PIL इलाहाबाद हाईकोर्ट में नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल साइंसेज (NBEMS) के उस फैसले को चुनौती देते हुए जनहित याचिका (PIL) दायर की गई, जिसमें NEET-PG 2025 परीक्षा में 800 में से -40 (माइनस 40) नंबर लाने वाले SC/ST/OBC स्टूडेंट्स को काउंसलिंग की इजाज़त दी गई। याचिकाकर्ता एडवोकेट अभिनव गौर इस कदम को भारत के संविधान के अनुच्छेद 16(4) के खिलाफ बताते हैं। याचिका में इस आधार पर फैसले को चुनौती दी गई कि NEET-PG 2025 के लिए कट-ऑफ नंबरों में भारी कमी से मेरिट-आधारित चयन प्रक्रिया की पवित्रता खत्म हो जाएगी।




याचिका में बताया गया कि जब 19 अगस्त, 2025 को NEET-PG 2025 के नतीजे घोषित किए गए तो क्वालिफाइंग पर्सेंटाइल मूल NEET-PG 2025 इंफॉर्मेशन बुलेटिन के अनुसार हैः जनरल/EWS के लिए 50वां पर्सेंटाइल। जनरल-PwBD के लिए 45वां पर्सेंटाइल। SC/ST/OBC (इन कैटेगरी में PwBD सहित) के लिए 40वां पर्सेंटाइल। हालांकि, याचिका में आगे कहा गया कि काउंसलिंग के दूसरे राउंड के बाद 18,000 से ज़्यादा सीटें खाली रहने के बाद बोर्ड ने क्वालिफाइंग क्राइटेरिया को काफी कम कर दिया और SC/ST/OBC कैटेगरी के लिए स्कोर -40/800 तय कर दिया।

याचिका में यह भी बताया गया कि जनरल (EWS) कैटेगरी में कट-ऑफ 276 से घटाकर 103 कर दिया गया, जबकि जनरल-PwBD कैटेगरी में, इसे 255 से घटाकर 90 कर दिया गया। हालांकि, SC/ST/OBC कैटेगरी में इसे 235 से घटाकर -40 नंबर कर दिया गया, जिसके बारे में PIL याचिका में तर्क दिया गया कि यह सार्वजनिक स्वास्थ्य और मरीज़ों की सुरक्षा पर बुरा असर डालेगा, जो सार्वजनिक चिंता के सबसे महत्वपूर्ण मामले हैं। इसमें उच्च स्तर की शैक्षणिक सटीकता शामिल है, जैसा कि याचिकाकर्ता ने कहा है।

आगे यह भी कहा गया कि ऐसे डॉक्टरों की गुणवत्ता, जिनके पास परीक्षा पास करने के लिए न्यूनतम योग्यता नहीं है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत स्वास्थ्य और जीवन के अधिकार को प्रभावित करेगी।।

## बीमारी ही नहीं, बल्कि कारण का भी इलाज करती है होम्योपैथिक: डॉ.एलआर सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शंकरगढ़(प्रयागराज)।** त्वरित राहत और बहु-दवा पद्धति के इस दौर में जहां अधिकांश लोग तुरंत असर दिखाने वाले उपचार की ओर आकर्षित हो रहे हैं, वहीं होम्योपैथी जैसी सूक्ष्म, गहन और व्यक्ति-केंद्रित चिकित्सा पद्धति आज भी अपनी अलग पहचान बनाए हुए है । यह चिकित्सा प्रणाली बीमारी को केवल शारीरिक लक्षणों तक सीमित नहीं मानती, बल्कि व्यक्ति के स्वभाव, मानसिक अवस्था और भावनात्मक संतुलन से जोड़कर देखती है। उक्त बातें लाइनपार पटहट रोड़ स्थित संजीवनी क्लिनिक के प्रबंधक डॉ. एलआर सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है जिसमें अधिकांश बीमारियों का उपचार संभव है, बशर्ते रोगी अपनी समस्या को स्पष्ट और ईमानदारी से बताए । हर बीमारी कहीं न कहीं व्यक्ति की भावनात्मक अवस्था से जुड़ी होती है। बिना भावना के कोई कार्य नहीं होता और बिना भावनात्मक कारण के बीमारी भी नहीं आती। जब तक व्यक्ति का मन समस्या को स्वीकार नहीं करता, तब तक बीमारी का वास्तविक स्वरूप सामने नहीं आता। हम रोग को केवल लक्षण के स्तर पर नहीं, बल्कि उसके भावनात्मक कारण यानी जड़ से पकड़ने का प्रयास करते हैं। डॉ. एलआर सिंह ने कहा कि कैंसर के उपचार में उसकी अवस्था सबसे अहम होती है। प्रथम और द्वितीय अवस्था में कैंसर का उपचार संभव है, लेकिन तृतीय अवस्था में स्थिति अत्यंत जटिल हो जाती है। दुर्भाग्यवश अधिकतर रोगी बहुत देर से होम्योपैथी की ओर आते हैं। जब तक वे आते हैं, तब तक शरीर और मन दोनों काफी कमजोर हो चुके होते हैं। यदि प्रारंभिक अवस्था में ही रोगी होम्योपैथिक उपचार ले, तो बेहतर और सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। और मधुमेह आज एक गंभीर और व्यापक समस्या बन चुकी है। यदि यह रोग 40 वर्ष की आयु से पहले होता है, तो होम्योपैथी में इसका उपचार और नियंत्रण संभव है। होम्योपैथिक औषधियों से रक्त शर्करा को संतुलित किया जा सकता है। समस्या तब आती है जब मरीज पहले लंबे समय तक अन्य पद्धतियों पर निर्भर रहता है और बाद में होम्योपैथी की ओर आता है। ऐसे मामलों में सुधार कठिन हो जाता है। लेकिन जिन रोगियों को मधुमेह का पता चलते ही वे होम्योपैथी में उपचार शुरू करते हैं, उनमें परिणाम काफी बेहतर और शीघ्र मिलते हैं। यदि रोगी चिकित्सक की सलाह का ईमानदारी से




पालन करे, उचित परहेज रखे और अनुशासित दिनचर्या अपनाए, तो मधुमेह में एक महीने के भीतर सकारात्मक परिणाम दिखने लगते हैं। नियमित सुबह की सैर, संतुलित खानपान और समय पर औषधि सेवन से शरीर की प्रतिक्रिया बेहतर होती है। होम्योपैथी में त्वरित नहीं बल्कि स्थाई सुधार पर काम किया जाता है, इसलिए धैर्य और अनुशासन ही उपचार की सबसे बड़ी सफलता का आधार है।

## संक्षिप्त खबरें

### बरही व चौपारण के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल टॉवर स्थापना की मांग

**विधायक मनोज यादव ने रिलायंस जियो प्रबंधक को सौंपा पत्र, नेटवर्क समस्या से अवगत कराया**



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही विधायक मनोज यादव ने हजारीबाग जिला अंतर्गत बरही एवं चौपारण प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की गंभीर समस्या को लेकर रिलायंस जियो कंपनी के प्रबंधक, हजारीबाग को एक पत्र सौंपा है। पत्र के माध्यम से उन्होंने बरही प्रखंड के पंचायत भंडारो अंतर्गत ग्राम तेतरिया भंडारो, रानीचुआं पंचायत के ग्राम चलंगा तथा चौपारण प्रखंड के दादपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम नेवरी करमा में मोबाइल टॉवर की स्थापना कराने का अनुरोध किया है। विधायक मनोज यादव ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि उक्त सभी गांव अत्यंत सुदूर और वनाच्छादित क्षेत्रों में स्थित हैं। इन गांवों से नजदीकी मोबाइल टॉवर की दूरी लगभग 3 से 4 किलोमीटर है। क्षेत्र जंगली एवं पहाड़ी होने के कारण वर्तमान में उपलब्ध मोबाइल नेटवर्क सुचारू रूप से कार्य नहीं कर पा रहा है। इसके चलते ग्रामीणों को संचार व्यवस्था में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कमजोर नेटवर्क के कारण ग्रामीणों को आपातकालीन सेवाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, सरकारी योजनाओं की जानकारी, ऑनलाइन कार्यों तथा दैनिक संचार में परेशानी होती है। विशेषकर छात्रों, किसानों एवं मजदूरों को मोबाइल नेटवर्क की अनुपलब्धता से काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। विधायक ने कंपनी प्रबंधन से आग्रह किया है कि ग्रामीणों की समस्याओं और क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए ग्राम तेतरिया भंडारो, चलंगा एवं नेवरी करमा में मोबाइल टॉवर की शीघ्र स्थापना हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि टॉवर की स्थापना से इन गांवों के लोगों को बेहतर संचार सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति मिलेगी। मौके पर मनोज कुमार, प्रबंधक रिलायंस जिओ, हज़ारीबाग, मनीष पाण्डेय, रिलायंस जिओ, संजीव कुमार, क्षेत्रीय पदाधिकारी रिलायंस जिओ हज़ारीबाग, उमेश यादव, काली मेहता आदि मौजूद थे।

### बलिया में 1365 आंगनवाड़ी सहायिकाओं की भर्ती शुरू, 14 हजार आवेदनों के बीच डीएम ने दिए पारदर्शी चयन के सख्त निर्देश



बलिया जनपद में 1365 आंगनवाड़ी सहायिकाओं की भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें भर्ती प्रक्रिया की तैयारियों और पारदर्शिता को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जनपद में आंगनवाड़ी सहायिका के कुल 1365 पदों के सापेक्ष लगभग 14 हजार आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह से शैक्षिक योग्यता आधारित मेरिट के अनुसार की जाएगी और इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने निर्देश दिए कि भर्ती प्रक्रिया खुली बैठक के माध्यम से कराई जाए। साथ ही सभी विकास खंडों से प्राप्त आवेदनों को चार दिनों के भीतर पंचायतवार व्यवस्थित करने को कहा। चयन प्रक्रिया के दौरान प्रतिदिन दो विकास खंडों के अभ्यर्थियों को बुलाया जाएगा। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए चयन की पूरी प्रक्रिया एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित की जाएगी तथा उसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि भर्ती प्रक्रिया इसी माह पूरी कर ली जाए। उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि यदि भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की शिकायत या गड़बड़ी सामने आती है, तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में डीडीओ आनंद प्रकाश, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शंकराचार्य का आचरण सनातन मान्य परम्पराओं एवं राष्ट्रीय विरोधी कृत्य - हिन्दु विचार मंच, पाकुड़िया इकाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्ड :-** शंकराचार्य विमुक्तेश्वरानन्द का आचरण सनातन संस्कृति, धर्म तथा मान्य परम्पराओं के विरुद्ध ही नहीं अपितु उक्त आचरण करोड़ों श्रद्धालुओं, राष्ट्रीय हितों के अलावा प्रशासनिक नियमों की भी घोर उपेक्षा पूर्ण कृत्य है। सनातन धर्म एवं संस्कृति में कोई व्यक्ति आचार्य एवं गुरु नहीं रहा है और न ही सनातन धर्म संस्कृति किसी व्यक्ति आधारित रही है। श्रीहरि विष्णु, ब्रह्मदेव, महादेव एवं लक्ष्मी, सरस्वती को प्रकट करने वाली आदि महामाया सनातनी माता का भला कौन गुरु हो सकता है। वहीं स्वयं गुरु, माता-पिता, पालन एवं संहारक की महादेवी हैं। इस रहस्यमयी सृष्टि के कर्ता की असीमित परा-अपरा शक्तियों को महान सप्त ऋषियों ने भी कठोरतम जप-तप करने के उपरांत नहीं समझ पाए। लेकिन देवर्षि नारद जी से लेकर महान प्रजापालक सम्राटों, राजा-महाराजों तथा व्यक्तिगत या सामूहिक रूप में गुरुओं की मान्य परम्परा रही है। आदि माता जगत जननी माँ भवानी ने त्रिदेवों को प्रकट करने के पश्चात सृष्टि विकास को गतिशीलता प्रदान करने के क्रम में देव, दानव, मानव के लिए स्वर्ग, पाताल एवं मृतलोक का सृजन किया। विश्व ब्रह्माण्ड का संचालन पूर्णतः सुव्यवस्थित तथा मर्यादित एवं सत्यनिष्ठ रहे, इसी निमित्त देवलोक के गुरु बृहस्पति हुए और नारद अपने गुणों के कारण देवर्षि कहे गए। वहीं पाताल लोक के स्वामी दानवों के गुरु महान ऋषि भार्गव शुक्राचार्य बने। उल्लेखनीय है कि सत, त्रेता, द्वापर एवं कलियुग सनातन मूल्यों में रहा है जबकि कलियुग के पदार्पण के बाद भी सत्य शाश्वत है और रहेगा। यदि कलियुग में कुछ बदला है तो मानवों की वृत्ति एवं दृष्टिकोण। कलियुग का प्रभाव सम्पूर्ण विश्व पर पड़ा है और भारत भी इसकी चपेट में आने से शक्तिशाली सम्राटों का शासन नहीं रह सका और मुस्लिम आक्रांताओं के आक्रमण झेलने पड़े। परन्तु सनातन धर्म संस्कृति आध्यात्म प्रधान रहने से ही यहाँ आदि शंकराचार्य जैसे महान युगपुरुष का अवतरण हुआ। उन्होंने सनातन धर्म संस्कृति एवं भारत की अति पावन धरा पर अद्वैत मत के प्रचार के निमित्त चार मठों की स्थापना की ताकि राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनी रहे और सनातनियों में आए भ्रम, कुरीतियाँ एवं अंधविश्वास दूर किए जा सकें जिससे धर्म के सही स्वरूप का दर्शन भारतवासी कर सकें। अस्तु, समय के साथ विदेशी शासकों ने सनातन धर्म संस्कृति को विकृत किया। वहीं स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस के शासकों ने केवल वोट पाने की लालसा में सनातन मूल्यों की पूर्ण अनदेखी एवं उपेक्षा की जिससे राष्ट्रीय भावना में कमी आई और भारत विरोधी तत्वों को सह मिलता रहा तथा राष्ट्रीय प्रगति बाधित होती रही। धर्म को विकृत रूप में प्रस्तुत कर इसे केवल कर्मकाण्ड तक सीमित करते हुए सनातन सांस्कृतिक मूल्यों, सनातनियों या हिन्दुओं की लोकसभा से लेकर विश्व मंच तक निंदा करने में भी नेताओं ने संकोच नहीं किया। वहीं दूसरी ओर विपक्षी दलों को सनातन सांस्कृतिक मूल्य एवं भारतीय भावना आधारित राष्ट्रीय प्रगति तथा राष्ट्रीय रक्षा-सुरक्षा नीति की पारदर्शी शासन शैली विगत दस वर्षों से खलती रही है। इसी कारण उनकी बौखलाहट बढ़ती दिख रही है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण, आध्यात्मिक पुनर्जागरण, राष्ट्रीय प्रगति तथा प्रयागराज की पावन त्रिवेणी संगम तट पर आयोजित महाकुम्भ जैसे आयोजनों को लेकर अफरातफरी एवं भगदड़ की घटनाओं की आड़ में योगी आदित्यनाथ सरकार की आलोचना की गई। शंकराचार्य विमुक्तेश्वरानन्द ने भी निराधार रूप से नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार की आलोचना की है। इससे पूर्व भी कई अवसरों पर पाकिस्तान, तुर्की जैसे भारत विरोधी देशों के पक्ष में वक्तव्य देकर देश को असहज किया गया। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हिन्दुओं की नृशंस हत्या को प्रशासनिक समस्या बताकर हिन्दु विरोधी मानसिकता का परिचय दिया गया। मौनी अमावस्या के अवसर पर माघ मेले में रथ पर सवार होकर जाने की जिद कर करोड़ों श्रद्धालुओं की उपेक्षा करते हुए शांति भंग करने की चेष्टा की गई। शंकराचार्य विमुक्तेश्वरानन्द विगत दस वर्षों से निरंतर केन्द्र सरकार विशेषकर नरेन्द्र मोदी की आलोचना करते हुए भारत



जैसे लोकतांत्रिक राष्ट्र को विश्व स्तर पर नीचा दिखाने का प्रयास करते रहे हैं। उनकी वृत्ति छात्र जीवन से ही राजनीति एवं विवादों से जुड़ी रही है। कई अवसरों पर वे विभिन्न राजनीतिक दलों के पक्ष में खुलकर बोलते रहे हैं जो कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनका अधिकार है। परन्तु शंकराचार्य जैसे प्रतिष्ठित पद पर आसीन व्यक्ति को चाहिए कि वे राजनीति में सक्रिय होने हेतु पद त्याग कर राजनेता बनें, न कि सनातन धर्म, संस्कृति, सनातनियों एवं भारतवर्ष को नीचा दिखाकर राष्ट्र विरोधी तत्वों को प्रोत्साहित करें। मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर संविधान एवं राष्ट्र विरोधी मानसिकता का परिचय देते हुए अशांति फैलाने के प्रयास पर योगी सरकार को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। सनातन परम्पराओं में किसी भी काल में संत, ऋषि एवं महर्षियों का आचरण निंदनीय नहीं रहा है और यदि रहा भी तो उन्हें दण्ड भोगना पड़ा है। इतिहास साक्षी है कि तप के बल पर दर्प होने एवं धर्म-मर्यादा के विरुद्ध आचरण करने पर दैत्य गुरु शुक्राचार्य को भी महादेव द्वारा कठोर दण्ड दिया गया था।

## धान खरीद बन्द होने से बिचौलियों की चांदी, विधायक ने डीसी से की केंद्रों को दोबारा खोलने की मांग



**● बिना सूचना धान खरीद बंद करना किसानों के साथ अन्याय : मनोज यादव**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही विधायक मनोज यादव ने बुधवार को हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की और जिले में धान खरीद की प्रक्रिया ठप होने पर गहरी चिंता जताई। विधायक ने उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर बरही विधानसभा क्षेत्र समेत पूरे जिले में बंद पड़े धान अधिप्राप्ति केंद्रों को अविलंब सक्रिय करने की मांग की। विधायक ने उपायुक्त को बताया कि राज्य सरकार की घोषणा के अनुसार प्रत्येक प्रखंड में धान खरीद केंद्र तो खोले गए लेकिन कुछ दिनों तक सीमित खरीद के बाद अचानक प्रक्रिया बंद कर दी गई। इससे चौपारण, बरही और पदमा प्रखंडों के किसानों के बीच असमंजस और निराशा का माहौल है। उन्होंने कहा कि किसानों की साल भर की मेहनत और आर्थिक आधार उनकी फसल ही है।

**बिचौलियों के चंगुल में फंसने का डर**

विधायक ने जोर देकर कहा कि इस वर्ष धान की पैदावार अच्छी हुई है। केंद्र खुलने से किसानों को उम्मीद जगी थी कि उन्हें उपज का उचित मूल्य मिलेगा और वे बिचौलियों के शोषण से बच सकेंगे। लेकिन सरकारी खरीद बंद होने से किसान एक बार फिर औने-पौने दामों पर बिचौलियों को धान बेचने को मजबूर हो रहे हैं। बिना किसी स्पष्ट जानकारी के धान की खरीद बंद करना किसानों के साथ अन्याय है। प्रशासन को जल्द से जल्द केंद्रों को फिर से क्रियाशील बनाना चाहिए।

**डीसी ने लिया संज्ञान, त्वरित कार्रवाई का भरोसा**

विधायक की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जनहित के इस मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों को इस बाबत आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे ताकि धान खरीद की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सके और किसानों को आर्थिक नुकसान न उठाना पड़े।

## बरही में स्ट्रीट लाइट मरम्मत को लेकर विधायक मनोज यादव ने की उपायुक्त से मुलाकात

**● सीएसआर मद से खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की शीघ्र मरम्मत की उठाई मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही विधायक मनोज यादव ने हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह से शिष्टाचार मुलाकात कर क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने बरही शहरी क्षेत्र में सीएसआर मद से लगाए गए स्ट्रीट लाइटों की जर्जर स्थिति से उपायुक्त को अवगत कराया। विधायक ने बताया कि एनटीपीसी द्वारा पूर्व में सीएसआर मद से लगाए गए स्ट्रीट लाइट अब काफी पुराने हो चुके हैं और अधिकांश लाइटें खराब पड़ी हैं। इसके कारण बरही शहरी इलाके में रात्रि के समय अंधकार छाया रहता है, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। साथ ही अंधेरे की वजह से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बनी रहती है। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से इस समस्या को गंभीर बताते हुए सभी खराब स्ट्रीट लाइटों की शीघ्र मरम्मत सीएसआर मद से कराने की मांग की। विधायक मनोज यादव ने कहा कि स्ट्रीट लाइटों के दुरुस्त होने से न केवल आमजन को राहत मिलेगी, बल्कि शहर की सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगी। इसके अलावा विधायक ने हाल के दिनों में बरही क्षेत्र के मजदूरों को रेस्क्यू किए जाने में प्रशासन द्वारा किए गए सार्थक प्रयासों के लिए उपायुक्त का आभार भी व्यक्त किया। इस पर उपायुक्त हजारीबाग शशि प्रकाश सिंह ने विधायक द्वारा उठाए गए दोनों ही जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने की बात कही।

## बरही विधानसभा के नवमनोनित सांसद प्रतिनिधियों की हुई बैठक

**● सांसद विवाह महोत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार का लिया गया निर्णय, हजारीबाग सांसद का जताया आभार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** बरही विधानसभा क्षेत्र के नवमनोनित सांसद प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक बरही सार्वजनिक पुस्तकालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बरही विधानसभा सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ने की, जबकि संचालन बरही विधानसभा सह-प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि हज़ारीबाग सांसद प्रतिनिधि अजय साहू मौजूद थे। बैठक में सांसद प्रतिनिधि अजय साहू ने आगामी 08 फरवरी को रामगढ़ में आयोजित होने वाले सांसद विवाह महोत्सव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सभी मनोनीत प्रतिनिधियों ने निर्णय लिया कि इस आयोजन का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि जरूरतमंद परिवारों को इसका लाभ मिल सके। साथ ही केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी दोहराया गया। इसके अलावा बैठक में आम जनमानस की समस्याओं को गंभीरता से सुनने, उन्हें संबंधित विभागों तक पहुंचाने और त्वरित समाधान के लिए समन्वय बनाकर कार्य करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। प्रतिनिधियों ने क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। बैठक के दौरान नवमनोनित प्रतिनिधियों ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए हजारीबाग सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया और भरोसा दिलाया कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। मौके पर बरही विधानसभा सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, बरही विधानसभा सह-प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी, मणिलाल यादव, रामस्वरूप पासवान, पदमा प्रखंड प्रतिनिधि अजय मेहता, बरही पूर्वी मंडल प्रतिनिधि मोतीलाल चौधरी, बरही पश्चिमी मंडल प्रतिनिधि भगवान केशरी, चौपारण पूर्वी मंडल प्रतिनिधि सहदेव यादव, चौपारण मध्य मंडल प्रतिनिधि रितेश कुमार बर्णवाल, चौपारण पश्चिमी मंडल प्रतिनिधि आशीष सिंह, चंदवारा मंडल प्रतिनिधि सुखदेव साव एवं बरही विधानसभा मीडिया प्रतिनिधि रितेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## आरटीई के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया शुरू, बलिया में तीन चरणों में होंगे आवेदन



बलिया में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी विद्यालयों में कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) मनीष कुमार सिंह ने ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत समय-सारिणी जारी की है। प्रवेश प्रक्रिया को तीन चरणों में संपन्न कराया जाएगा। प्रथम चरण के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन 2 फरवरी से 16 फरवरी 2026 तक किए जा सकेंगे। इसी अवधि में प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कर उन्हें बीएसए कार्यालय द्वारा लॉक किया जाएगा। इसके पश्चात 18 फरवरी को लॉटरी के माध्यम से विद्यालयों का आवंटन किया जाएगा, जबकि 20 फरवरी तक आवंटन के सापेक्ष नामांकन के आदेश जारी किए जाएंगे। द्वितीय चरण के लिए आवेदन 21 फरवरी से 7 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे। वहीं, तृतीय चरण के आवेदन 12 मार्च से 25 मार्च 2026 तक लिए जाएंगे। जनपद के अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के पात्र बच्चों के अभिभावक अपने ग्राम पंचायत अथवा वार्ड क्षेत्र के गैर-सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में प्रवेश के लिए निर्धारित वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के समय सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य होगा। साथ ही आवेदन का प्रिंट आउट और संलग्नक सुरक्षित रखने की सलाह दी गई है। प्रवेश से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या जानकारी के लिए अभिभावक संबंधित विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अथवा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। पात्रता एवं शर्तों की पूरी जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## गणतंत्र दिवस 2026 की तैयारी को लेकर जिलास्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** गणतंत्र दिवस 2026 के सफल एवं गरिमामय आयोजन को लेकर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देशानुसार बुधवार को उप विकास आयुक्त रिया सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिले के सभी विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा 26 जनवरी, 2026 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी कार्यक्रम स्थलों की साज-सज्जा, रंगाई-पुताई तथा नए राष्ट्रीय ध्वज की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग के पदाधिकारियों को पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही गणतंत्र दिवस समारोह में परेड प्रदर्शन करने वाले विभिन्न प्लाटूनों की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को परेड का अभ्यास समय पर एवं अनुशासित ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदर्शित होने वाली झांकियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए संबंधित विभागों को झांकियों का थीम प्रस्तुत करने को कहा गया। झांकियों के लिए ट्रेलर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश जिला परिवहन पदाधिकारी को दिया गया। स्वास्थ्य व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक चिकित्सा कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। राष्ट्रगान के लिए बालिकाओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए थीम निर्धारित करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में गणतंत्र दिवस के अवसर पर शराब एवं मांस-मदिरा की दुकानों को बंद रखने, शहीद स्मारक एवं सभी महापुरुषों की मूर्तियों की साफ-सफाई




कराने, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के चयन हेतु चयन समिति गठित करने के निर्देश भी दिए गए। उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध रूप से तैयारियाँ पूर्ण करने का निर्देश दिया, ताकि गणतंत्र दिवस समारोह सफलतापूर्वक एवं गरिमामय ढंग से संपन्न हो सके। बैठक में उपविकास आयुक्त के अलावे सदर अनुमंडल पदाधिकारी, प्रशिक्षु आईएएस, डीएसपी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी सहित अन्य कर्मी एवं लोग उपस्थित रहे।

## सरस्वती पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** आगामी सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराने को लेकर चौपारण थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी संजय यादव ने की, जबकि संचालन शम्भू नारायण सिंह द्वारा किया गया। बैठक में इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार की विशेष उपस्थिति रही। चौपारण थाना से एसआई रवि रंजन कुमार एवं मनोज सिंह भी मौजूद थे। बैठक के दौरान प्रशासन की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया कि विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा आदर्श मानकों के तहत की जाए तथा किसी भी प्रकार के हुड़दंग, अशांति या आपत्तिजनक गतिविधियों से बचा जाए। प्रशासन ने जानकारी दी कि रात्रि 10 बजे के बाद साउंड सिस्टम बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा डीजे पर पूरी तरह रोक रहेगी। प्रशासन ने यह भी चेतावनी दी कि अश्लील गाने बजाने वालों पर विशेष नजर रखी जाएगी और ऐसा पाए जाने पर संबंधित आयोजकों व व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही



26 जनवरी को गणतंत्र दिवस होने के कारण सभी पूजा समितियों से आग्रह किया गया कि प्रतिमाओं का विसर्जन रविवार तक अनिवार्य रूप से कर लिया जाए, ताकि कानून-व्यवस्था एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों में कोई व्यवधान न उत्पन्न हो। बैठक में सांसद विधानसभा प्रतिनिधि मुकुंद साव, सह प्रतिनिधि राम स्वरूप पासवान, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष उपेन्द्र यादव, यवनपुर मुखिया जानकी यादव, डेबो मुखिया मोहन साव, मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, हेलाल अख्तर, अभिमन्यु भगत, भाजपा मंडल अध्यक्ष रेवा शंकर साव, भाजपा नेता विकास यादव, नव मनोनीत सांसद प्रतिनिधि आशीष सिंह, रितेश बर्णवाल, नागेंद्र कुमार, टुन्नू बर्णवाल, डब्लू अंसारी, मो. सफाउदीन, रेवाली पासवान सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बरही व चौपारण के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल टॉवर स्थापना की मांग

**● विधायक मनोज यादव ने रिलायंस जियो प्रबंधक को सौंपा पत्र, नेटवर्क समस्या से अवगत कराया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही विधायक मनोज यादव ने हजारीबाग जिला अंतर्गत बरही एवं चौपारण प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की गंभीर समस्या को लेकर रिलायंस जियो कंपनी के प्रबंधक, हजारीबाग को एक पत्र सौंपा है। पत्र के माध्यम से उन्होंने बरही प्रखंड के पंचायत भंडारो अंतर्गत ग्राम तेतरिया भंडारो, रानीचुआं पंचायत के ग्राम चलंगा तथा चौपारण प्रखंड के दादपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम नेवरी करमा में मोबाइल टॉवर की स्थापना कराने का अनुरोध किया है।विधायक मनोज यादव ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि उक्त सभी गांव अत्यंत सुदूर और वनाच्छादित क्षेत्रों में स्थित हैं। इन गांवों से नजदीकी मोबाइल टॉवर की दूरी लगभग 3 से 4 किलोमीटर है। क्षेत्र जंगली एवं पहाड़ी होने के कारण वर्तमान में उपलब्ध मोबाइल नेटवर्क सुचारू रूप से कार्य नहीं कर पा रहा है। इसके चलते ग्रामीणों को संचार व्यवस्था में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कमजोर नेटवर्क के कारण ग्रामीणों को आपातकालीन सेवाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, सरकारी योजनाओं की जानकारी, ऑनलाइन कार्यों तथा दैनिक संचार में परेशानी होती है। विशेषकर छात्रों, किसानों एवं मजदूरों को मोबाइल नेटवर्क की अनुपलब्धता से काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। विधायक ने कंपनी प्रबंधन से आग्रह किया है कि ग्रामीणों की समस्याओं और क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए ग्राम तेतरिया भंडारो, चलंगा एवं नेवरी करमा में मोबाइल टॉवर की शीघ्र स्थापना हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि टॉवर की स्थापना से इन गांवों के लोगों को बेहतर संचार सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति मिलेगी। मौके पर मनोज कुमार, प्रबंधक रिलायंस जिओ, हज़ारीबाग, मनीष पाण्डेय, रिलायंस जिओ, संजीव कुमार, क्षेत्रीय पदाधिकारी रिलायंस जिओ हज़ारीबाग मौजूद थे।

## अवैध अफीम की खेती पर पुलिस का करारा प्रहार, चौपारण में 70 एकड़ फसल नष्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग पुलिस ने मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती को पूरी तरह नष्ट कर दिया। प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर 21 जनवरी 2026 को चौपारण थाना अंतर्गत ग्राम सिकदा में वन विभाग और चौपारण पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सिकदा गांव के विभिन्न इलाकों में लगभग 70 एकड़ भूमि में अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती को चिन्हित कर मौके पर ही विनष्ट किया गया। यह क्षेत्र बिहार सीमा से सटे



फल्गु नदी के किनारे स्थित है, जहां दुर्गम भौगोलिक स्थिति का लाभ उठाकर अवैध खेती की जा रही थी। अभियान के दौरान घटनास्थल से 15 डिलीवरी पाइप बरामद किए गए, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस के अनुसार अवैध अफीम की खेती में संलिप्त व्यक्तियों के नाम-पते का सत्यापन किया जा रहा है। दोषियों की पहचान होते ही उनके विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले में अग्रतर जांच और कार्रवाई जारी है। इस कार्रवाई का नेतृत्व बरही के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजित कुमार बिमल ने किया। अभियान में बरही अंचल के पु.नि. श्री चंद्रशेखर, चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, एसआई सुबिन्दर राम, एसआई रतन टुडू, एएसआई बदल महतो एवं सशस्त्र बल के जवानों के साथ वन विभाग से बनपाल कुलदीप कुमार शामिल रहे। पुलिस प्रशासन ने बताया कि दुर्गम इलाकों में ड्रोन के माध्यम से अवैध खेती को चिन्हित कर लगातार कार्रवाई की जा रही है। हजारीबाग पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध मादक पदार्थों की खेती और तस्करी के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त अभियान जारी रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम की संवेदनशीलता से 8 साल की राधिका के सपने होंगे पूरे



**उरई(जालौन)**- शासन के मंशा के अनुरूप विकासखंड रामपुरा के ग्राम पंचायत कंझारी में आयोजित हुई एक जनचौपाल में 8 साल की एक नन्हीं मासूम बालिका राधिका मंच पर पहुंची। दबी आवाज के साथ उसने अधिकारियों से अपनी दर्दभरी कहानी सुनाई। राधिका ने कहा कि उसकी माँ का देहांत हो चुका है और पिता ने उसे छोड़ दिया है, जिसके बाद से वह अकेली और असहाय है। लेकिन इसके बावजूद उसका सपना है कि वह पढ़-लिखकर एक बड़ी अफसर बने। यह सुनकर वहाँ मौजूद जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार भावुक हो उठे। तत्काल डीएम और एसपी ने राधिका को मंच पर अपने पास बैठाया। डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने सार्वजनिक रूप से घोषणा की कि जिला प्रशासन राधिका की पूरी शिक्षा और आवश्यक खर्चों की ज़िम्मेदारी स्वयं उठाएगा। उन्होंने कहा कि राधिका का सपना साकार करना अब प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि राधिका को बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना सहित सभी संबंधित सरकारी योजनाओं का लाभ तुरंत दिलाया जाए, ताकि उसके भविष्य में किसी तरह की आर्थिक बाधा न आए। इसके बाद डीएम और एसपी ने गाँव का पैदल भ्रमण किया और आवास, पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना और स्वच्छ भारत अभियान जैसी योजनाओं का जमीनी स्तर पर सत्यापन किया। जहां भी कमियां मिलीं, तत्काल सुधार के आदेश दिए गए। निरीक्षण में पाया गया कि गाँव में बच्चों के खेलने के लिए कोई मैदान नहीं है। इस पर डीएम ने सख्त निर्देश देते हुए 31 मार्च तक खेल मैदान का निर्माण पूरा कराने का आदेश दिया। गाँव के तालाब के सौंदर्यीकरण, पाथवे निर्माण और व्यापक वृक्षारोपण के निर्देश भी दिए गए।

### बार काउंसिल चुनाव के दोनों दिन 214 वकीलों ने डाले वोट

**कोंच (जालौन)**- बार काउंसिल उप्र चुनाव में आखिरी दूसरे दिन बुधवार को भी सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायालय परिसर कोंच में वोट डाले गए। कोंच में कुल 235 मतदाता अधिवक्ता हैं जिनके सापेक्ष निर्धारित सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक दूसरे दिन 128 वकीलों ने अपने मत का प्रयोग किया। पहले दिन मंगलवार को 86 वकीलों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था, इस प्रकार से दोनों दिन मिलाकर कुल 214 वकीलों ने मतदान में हिस्सा लिया। 21 वकीलों ने मतदान से दूरी बनाए रखी बार काउंसिल चुनाव के लिए तहसील स्तर पर मतदान केंद्र मुंसिफ कोर्ट (सिविल जज जूनियर डिवीजन) में बनाया गया था जहां पर दो दिन, 20 और 21 जनवरी मतदान के लिए निर्धारित किए गए थे। चुनाव अधिकारी न्यायिक मजिस्ट्रेट उरई प्रत्यूष प्रकाश एवं चुनाव सहायक लिपिक जेएम कोंच शशिकांत मिश्रा की देखरेख में मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। इस चुनाव में कुल 333 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें से 25 प्रत्याशी निर्वाचित होने हैं। हर मतदाता अधिवक्ता को 25 वोट देने का अधिकार है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कोंच(जालौन)**- शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई थी। 19 जनवरी को पीड़िता के पिता ने नदीगांव थाना पुलिस को तहरीर दी थी जिसमें बताया था कि अंशु यादव (20) निवासी घोसीपुरा कस्बा नदीगांव ने उसकी करीब 18 वर्षीय पुत्री को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। प्रभारी निरीक्षक शशिकान्त चौहान ने पुलिस टीम के साथ बुधवार को नदीगांव-नावली मार्ग पर निर्माणाधीन गेट के पास भूरी माता मंदिर जाने वाले रास्ते से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी अंशु यादव के पास से एक स्काई ब्लू रंग का वीवो कंपनी का एंड्रॉइड मोबाइल तथा युवती के साथ एक फोटो बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश कर उसे जेल भेज दिया।

# जिलाधिकारी ने जनगणना 2027 के लिए जिला स्तरीय जनगणना समिति का किया गठन

- **जिला स्तरीय 15 अधिकारियों को सौंपी जनगणना कार्य के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी 2878 प्रगणक ऑनलाइन सीएमएम पोर्टल पर 34 बिंदुओं पर भरेंगे सूचनाएं**
- **जनपद के गांवो और वार्डो को 2618 ब्लॉकों में बांटकर की जाएगी जनगणना जनगणना निदेशालय के प्रतिनिधि ने समिति के सदस्यों के साथ बनायी कार्ययोजना**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश के निर्देशन में जिले में जनगणना-2027 संपादित की जानी है, जिसके लिए जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय जनगणना समिति का गठन किया है, जिसमें जनपद, परगना व तहसील स्तर की जनगणना कार्य हेतु जिले के 15 अधिकारियों को नियुक्त किया है। जनपद में जनगणना कार्य को सम्पादित किये जाने हेतु बुधवार को जनगणना निदेशालय के प्रतिनिधि प्रत्यूष यादव ने जिला स्तरीय जनगणना समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 के बाद वर्ष 2027 हेतु जनगणना कार्य प्रस्तावित है, जो फरवरी 2027 तक पूर्ण किया जाना है। जनगणना कार्य 2 चरणों में किया जाएगा, प्रथम चरण में मई से जून 2026 तक प्रगणकों द्वारा हाउस लिस्टिंग की जाएगी और दूसरे चरण में फरवरी 2027 तक लिस्टेड हाउसेस की जनगणना की जाएगी। बताया गया कि इस बार जनगणना ऑनलाइन सीएमएम पोर्टल पर की जाएगी, जिसमें 34 बिंदुओं पर सूचनाएं भरी जानी है। इसके लिए 2878 प्रगणक, 488 सुपरवाईजर, 42 फील्ड ट्रेनर व 2 मास्टर ट्रेनर नियुक्त किये जायेंगे। मास्टर ट्रेनरों को लखनऊ में प्रशिक्षण दिया जाएगा, ये मास्टर ट्रेनर जनपद स्तर पर फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षित करेंगे और फील्ड ट्रेनर्स सुपरवाईजर व प्रगणकों को प्रशिक्षण देंगे। इन कार्मिकों की नियुक्ति जनवरी से फरवरी 2026 तक की जाएगी और इनका प्रशिक्षण मार्च से अप्रैल 2026 तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनगणना के लिए जनपद में ग्राम रजिस्टर व नगर रजिस्टर एवं मलिन बस्तियों का डाटा तैयार कर लिया गया है और पाली व मड़ावरा तहसील के सम्भाजन ग्रामों को भी अद्यतन कर लिया गया है। इसके आधार पर जनगणना हेतु जनपद का मैप भी तैयार हो गया है। डाटा के अनुसार तहसील सदर में 198 ग्राम, महरौनी में 145 ग्राम, तालबेहट में 168 ग्राम, पाली में 106 तथा मड़ावरा में 133 ग्रामी शामिल है। उन्होंने बताया कि जनगणना के लिए प्रत्येक ग्राम और वार्ड को ब्लॉक के रुप में बांटा गया है, जिनकी संख्या 2618 है, जिसमें अधिक से अधिक 800 की आबादी को शामिल करके गणना कार्य किया जाएगा और मलिन बस्तियों की जनगणना अलग से की जाएगी। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अर्पित जैन सहित समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# पार्षद कुन्दन पाल को मातृशोक



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** प्रेस क्लब के सदस्य, वरिष्ठ पत्रकार एवं सिविल लाइन द्वितीय वार्ड नगर 17 से पार्षद की पूज्यनीय माताजी का आकस्मिक निधन होने से शोक की लहर दौड़ गई। शहर के अनेक समाजसेवी, पत्रकार बंधु, राजनैतिक दलों के नेतागण सहित उनके शुभचिंतक अंतिम यात्रा में शामिल हुए। अंतिम संस्कार के उपरांत मुक्तिधाम पर एक शोक सभा का आयोजन हुआ, जहां उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन धारण का दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, वरिष्ठ पत्रकार राजीव कुमार शुक्ला, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, महामंत्री अमित सोनी, कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह, नरेन्द्र कडंकी, सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, पार्षद गिरीश पाठक सोनू, हरीबाबू शर्मा, नसीम खान, अजित भारती, पत्रकार मनोज वैद्य, आशीष चौबे, रमेश रायकवार, आलोक चौबे, पार्षद रमेश गांधी, हरदयाल लोधी, अरविन्द राजा, सुधीर निगम अक्कू, उमाकांत शर्मा, रवि जैन चुनगी, पूर्व पार्षद पंकज जैन मोदी, आलोक मयूर, कृष्ण बिहारी उपाध्याय, दिनेश संज्ञा, बृजेश पंथ, अज्जू बाबा, अनूप मोदी, अफजुल रहमान, अशोक पंथ, मनमोहन चौबे, जितेन्द्र राठौर, आनंद यादव भूरे, निहाल सेन पटना, अब्दुल वारी, अमित जैन मोनू, सुबोध शर्मा, अमित कुशवाहा, शिब्बू राठौर, रामप्रताप सिंह, मोन्टी बुन्देला, नासिर मीडिया, सुनील जैन, करन पाल, सुनील सैनी, गजराज सिंह, अमित संज्ञा, राहुल किशोर, प्रशांत तिवारी, करन कुशवाहा, राहुल साहू, सुरेन्द्र पाल रिंकू, ओमी राजा परमार, महेन्द्र यादव, सुधीर रावत, हबीब खान, सुमित रैकवार, दिव्यांश शर्मा, महेश शर्मा, आशीष तिवारी, सेतू यादव, संजय चंदेल, राजीव यादव, दीपक राठौर, महेश वर्मा, अभिषेक सविता बंटी, बसंत तिवारी, पुष्पेन्द्र कश्यप, राममूर्ति तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### पंजाब मेल एक्सप्रेस व खजुराहो मैमू में महिला यात्रियों के पर्स चोरी

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत थाना चन्देरी क्षेत्रांतर्गत रहने वाले अंकुर भार्गव पुत्र कृष्णकांत भार्गव ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 19 जनवरी को वह सुबह 9.50 बजे मुम्बई रेलवे स्टेशन से ललितपुर तक की यात्रा ट्रेन संख्या 12137 पंजाब मेल एक्सप्रेस के कोच नं. ए-2 के बर्थ संख्या 31 पर कर रहा था। बताया कि भोपाल रेलवे स्टेशन के पास उसकी पत्नी रूचि भार्गव का एक हैण्ड बैग जिसमें दो घड़ी, चार्जर, चाबियां, दवाईयां, एक चांदी की अंगूठी व 7 हजार रुपये नकद रखे हुये थे, किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। जीआरपी पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरखेरा निवासी रेखा यादव पत्नी आजाद सिंह ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 19 जनवरी को सुबह करीब 11.45 बजे वह ललितपुर-खजुराहो मैमू संख्या 64648 में ललितपुर से टीकमगढ़ तक की यात्रा कर रही थी। इसी बीच रेलवे स्टेशन बिरारी में उसका लेडीज पर्स जिसमें पांचाली, झुमकी, 200 रुपये नकद व रेल टिकिट था किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया है। जीआरपी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# 23 जनवरी को होने वाले ब्लैक आउट व हवाई हमले की मॉकड्रिल मात्र एक सुरक्षात्मक अभ्यासः एडीएम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में 23 जनवरी को आयोजित होने वाले ब्लैक आउट मॉक ड्रिल के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि 23 जनवरी को आयोजित होने वाली मॉक ड्रिल के दौरान सायं 06 बजे से 6:10 बजे तक जनपद में ब्लैकआउट किया जाएगा और सभी क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था बाधित कर दी जाएगी, हवाई हमले की चेतावनी हेतु 2 मिनट तक ऊंची नीची आवाज में सायरन बजाया जाएगा, जिसके अंतर्गत नागरिकों को जमीन पर लेट कर शरण लेनी होगी और हवाई हमला समाप्त होते ही सायरन के माध्यम से ऑल क्लियर ध्वनि प्रवाहित की जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि यह केवल एक सुरक्षात्मक एक्सरसाइज है, इससे चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने ब्लैक आउट की स्थिति में आमजन को बचाव के उपायों की जानकारी देते हुए बताया गया कि एअर रेड सायरन बजने पर शांतिपूर्वक अपने सुरक्षित स्थान पर शरण लें। अफवाहों से बचे और प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करें। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों व स्थानीय प्रशासन का सहयोग करें। मॉकड्रिल को गंभीरता से लें ताकि आपातकाल की स्थिति में जान-माल की हानि को न्यूनतम किया जा सके। घबराएं नहीं। बच्चों एवं पूरे परिवार को जागरूक करें। मोबाईल या रेडियो पर सरकारी एलर्ट सूनें। सुरक्षित शरण स्थल एवं बंकर की जानकारी लें। अपने घर में मजबूत बिना खिड़की वाला कमरा तैयार रखें। शरण स्थल तक जल्दी से पहुँचने का रास्ता पहले से तय करें। जरूरी वस्तुएं तैयार रखें। जैसे पीने का पानी कम से कम तीन दिन का। सूखा भोजन (बिस्कुट ड्राई फ्रूड आदि)। प्राथमिक चिकित्सा किट, टॉर्च एवं एक्स्ट्रा सेल रखें। जरूरी दस्तावेज जैसे आईडी, मेडिकल रिपोर्ट आदि सुरक्षित रखें। खिड़कियों पर मोटे पर्दें काले कागज लगायें। शीशे से दूर रहे, जमीन पर लेट जायें। हवाई हमले के बाद बाहर तभी निकलें जब सरकारी निर्देश मिलें। घायल हों तो प्राथमिक उपचार करें। संदिग्ध वस्तु या बम दिखें तो छुये नही पुलिस को सूचित करें। यदि रोड पर हों तो वाहन किनारे खड़ी कर वाहन की लाईट आफ कर दें। समय समय पर जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेशों/निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। घबरायें नहीं। ट्रैफिक नियमों और आपदा प्रबंधन कर्मियों/पुलिस के निर्देशों का पालन करें। यह अभ्यास आपकी सुरक्षा के लिए है। इसलिए इसे गंभीरता से लें और सहयोग करें। हवाई हमले का रेड सिग्नल 02 मिनट तक ऊँची-नीची आवाज में सायरन बजाया जाता है तथा खतरा टलने की सूचना 02 मिनट तक सायरन को एक ही आवाज मे बजाकर दी जाती है, ताकि बचाव एवं राहत की कार्यवाही तुरंत की जा सकें। आवश्यक जानकारी व सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम फोन नम्बर- 05176-272700, 277409, 272613, 1077 पर सम्पर्क करें।

# बकरी चराने गये अधेड़ की शहजाद बांध में डूबने से मौत

- **कड़ी मसक्कत के बाद करीब 20 घंटे बाद शव बरामद**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बार।** थाना बार अंतर्गत बरौदा डांग गांव निवासी एक अधेड़ की बांध में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से करीब 20 घंटे बाद बांध में से शव को ढूंढ निकाला, परिजनों के अनुसार ग्राम बरौदा डांग निवासी भगवान दास कुशवाहा लगभग (58 वर्ष) पिता ललन जू मंगलवार दोपहर अपनी बकरियां लेकर उन्हें बांध की तलहटी में चराने को लेकर गया था, दोपहर करीब दो बजे बांध में उक्त अधेड़ नहाने के लिए कपड़े उतारकर बांध में चला गया, जब काफी देर तक वह बाहर नहीं निकला तो आसपास मौजूद एक अन्य बकरियां चरा रहे छक्की कुशवाहा ने इसकी सूचना घरवालों व ग्रामीणों को दी, लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पीआरवी को दी, मौके पर पहुंची बार पुलिस ने गोताखोरों को बांध में उतारा लेकिन देर शाम तक वे शव को ढूंढ न सके, बुधवार सुबह से थाना प्रभारी अजमेर सिंह भदौरिया पुलिस बल व फायर ब्रिगेड के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और फिर गोताखोरों को बांध में उतारा करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सुबह करीब साढ़े दस बजे शव बरामद हो गया। शव बरामद होने के बाद परिजनों में चीख पुकार मच गई। मृतक के बड़े पुत्र नारायण ने बताया कि उसके पिता रोज बकरियां लेकर बांध की तलहटी पर आते थे, खेती व बकरियों से ही घर का गुजारा होता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**इनका कहना है-** मंगलवार करीब पांच बजे घटना की सूचना मिली, तत्काल मौके पर पहुंचकर रात करीब आठ बजे तक गोताखोरों की मदद से तलाश करवाई, मंगलवार सुबह सात बजे से फिर गोताखोर बांध में उतरवाए करीब साढ़े दस बजे शव बरामद हुआ, शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। अजमेर सिंह भदौरिया थाना प्रभारी - बार

# दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ शुभारंभ

- **प्रथम दिवस क्रिकेट मैच में छात्रों ने किया दमदार प्रदर्शन**




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच(जालौन)**- नगर में एट रोड पर स्थित पं. रामस्वरूप रावत मेमो. इंटर कॉलेज में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को हुआ। भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, लोकतंत्र सेनानी कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष चौ.बृजेंद्र मयंक एड.सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने प्रतियोगिताओं का फीता काटकर उद्घाटन किया। पहले दिन निकटस्थ एमपीडीसी कॉलेज के मैदान में क्रिकेट मैच संपन्न हुआ। कक्षा द्वादश सेक्शन ए और बी के मध्य हुए मैच में सेक्शन ए टीम के कप्तान संस्कार पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। सेक्शन बी टीम के कप्तान राम गुप्ता के शानदार 51 रनों की मदद से टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में कुल 107 रन बनाए। जवाब में सेक्शन ए टीम ने 9 ओवर में ही 7 विकेट से जीत हासिल कर ली। खिलाड़ी अमन पाल ने 37 रनों की दमदार पारी खेली। अंपायर की भूमिका में अमित तिवारी, रामजी, सचिन, साहब सिंह संलग्न रहे जबकि प्रमोद और साहब सिंह स्कोरर रहे।इससे पहले अतिथियों ने खिलाड़ी छात्रों से परिचय प्राप्त कर बैट बॉल थामकर हाथ आजमाए। विद्यालय स्टाफ सदस्यों ने माल्यार्पण कर अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद के आयोजन से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। सरकार की भी मंशा है कि खेलकूद को बढ़ावा दिया जाए। प्रतियोगिताओं का आयोजन निश्चित रूप से विद्यालय की उत्कृष्ट गतिविधियों का अहम हिस्सा है। संचालन पुनीत निरंजन बाबूजी ने किया। इस मौके पर भाजपा उपाध्यक्ष ओपी कुशवाहा, राजेंद्र दुबे, प्रहलाद कौशल, अमरेंद्र दुबे, नरेंद्र दुबे लल्लन, वसीम सिद्दीकी, विकार अहमद, अनिल अग्रवाल सहित प्रधानाचार्य बृजेंद्र झा, सचिन झा, प्रमेंद्र उपाध्याय, मोहन पाल, अशोक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# खकसीस गांव में एक साथ दो तेंदुओं की मौजूदगी की अफवाह से मचा हड़कंप

- **पहुंची वन विभाग और थाना पुलिस की टीम, वन विभाग ने जंगली बिल्ली होने की कही बात**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच(जालौन):** बीते करीब एक पखवाड़े पहले रवा गांव स्थित खेतों में मौजूद आदमखोर तेंदुआ की घटना के बाद से अब कोंच क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में तेंदुआ की मौजूदगी होने की अफवाहें खूब जोर पकड़ रहीं हैं। इन अफवाहों से जहां ग्रामीणों और किसानों में डर का माहौल बना हुआ है, वन विभाग से लेकर संबंधित थाना पुलिस भी चकरघिन्नी बनी नजर आ रही है। अफवाह की नई खबर अब खकसीस गांव से उड़ी है। मामले के मुताबिक खकसीस गांव में आनंद बिहारी मिश्रा का रिहायशी घर महतवानी सड़क मार्ग पर स्थित है। मंगलवार की रात करीब साढ़े 9 बजे घर के बाहर लगे करीब 8 फीट ऊंचे लोहे के गेट से घर के अंदर ओपन बरामदे में दो जंगली जानवर कूदते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। उक्त दोनों जंगली जानवरों को तेंदुआ समझ कर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मामले की सूचना वन विभाग सहित थाना रेंडर पुलिस को दी गई। वन विभाग की टीम और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाल भी डाला लेकिन उक्त दोनों जंगली जानवर जाल में नहीं फंसे और फिलहाल दोनों भूमिगत हो गए। पूरी रात ग्रामीण डर के साए में जागते रहे। डीएफओ वन विभाग प्रदीप कुमार का कहना है कि दोनों जानवर तेंदुआ नहीं हैं। यह जंगली बिल्ली हैं जो साधारण बिल्ली से आकार में बड़ी होती हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अफवाहों से दूर रहने की अपील करते हुए कहा है कि रवा गांव में देखा गया तेंदुआ इतने दिन बीत जाने के बाद अब क्षेत्र में कहीं नहीं है, अफवाह फैलाने वालों को नोटिस देने की तैयारी विभाग द्वारा की जा रही है।

# डिग्री कराने व नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये हड़पे

- **युवती की पुलिस ने नहीं सुनी शिकायत, अब न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ मामला**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** सदर चौकी क्षेत्रांतर्गत जगदीश मंदिर के पीछे रहने वाली कु.मान्या सोनी पुत्री अनिल कुमार सोनी ने सीजेएम न्यायालय के समक्ष वाद प्रस्तुत किया है। दायर किये गये वाद में कु.मान्या सोनी ने बताया कि उसके घर से 50 मीटर की दूरी पर रहने वाले दीपक तिवारी से उसके पिता का मेलजोल था। आरोप है कि दीपक तिवारी जालसाज व्यक्ति है और उस पर धोखाधड़ी, चैक बाउन्स के अलावा अन्य मुकद्में चल रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि दीपक तिवारी पुत्र कैलाश नारायण तिवारी, वन्दना तिवारी पत्नी दीपक तिवारी, पुत्र संस्कार तिवारी सभी वाटर वर्क्स के सामने गली में रहते हैं। करीब दो तीन वर्ष पहले उक्त लोगों ने घर आकर पढ़ाई करने की बात कहते हुये यूनीवर्सिटी में बीएससी माइको बायलॉजी की पढ़ाई कराने की बात कही और नौकरी भी लगवाने की बात कही। युवती ने बताया कि विश्वास में आयी तो उनसे 4 लाख रुपये किश्तों में अलग-अलग देने की मांग की गयी। इस पर संस्कार के फोन-पे खाते में 29 अगस्त 2023 को 2900 रुपये डलवा लिये और इसी प्रकार दो वर्षो तक विभिन्न तिथियों में लगभग 3.60 लाख रुपये नकद के तौर पर 40 हजार रुपये ले लिये। जिसका फोन-पे पर रिकॉर्ड सुरक्षित है। अंतिम फोन-पे 14 जुलाई 2025 को 14 हजार रुपये का है। रुपये देने के बाद जब उसने नौकरी दिलाने की बात कही तो दीपक तिवारी ने 15-20 दिन में ज्वाइनिंग लैटर देने की बात कही। बताया कि 11 अक्टूबर 2025 की रात करीब 09 बजे वन्दना तिवारी ने फोन करके तुवन मंदिर ग्राउण्ड में बुलाया और जिस पर वह माता-पिता के साथ मंदिर ग्राउण्ड पहुंची, जहां उन्होंने जब मार्कशीट व नौकरी की मांग की तो दीपक तिवारी व उसकी पत्नी वन्दना ने झूठी रिपोर्ट लिखाकर जेल भेजने और रुपये हड़पने की बात कही। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके पिता के खिलाफ कोतवाली में एक झूठा शिकायत पत्र भी दे दिया। मामले की सूचना उसने कोतवाली पुलिस को दी व डाक से एसपी को भी शिकायत भेजी, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। अब न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 316 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# बहू के मायके चले जाने से परिवार परेशान, युवक ने आत्महत्या की कोशिश की

- **पीड़ित परिवार ने कोतवाली में दी तहरीर, भविष्य की घटना की जिम्मेदारी बहू व बेटे पर बताई**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आजादपुरा निवासी कल्याण तनय भैयालाल ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर पारिवारिक विवाद से उत्पन्न गंभीर स्थिति से अवगत कराया है। शिकायत के अनुसार, उनके पुत्र राहुल का विवाह लगभग 10 वर्ष पूर्व ग्राम नेगवा निवासी स्व. संतोष की पुत्री आरती से हुआ था। प्रार्थी के अनुसार, लगभग 3.5 माह पूर्व उनकी बहू आरती अपने मायके चली गई थी। इसके बाद से उनका पुत्र राहुल किसी न किसी बात को लेकर प्रार्थी व परिवार के अन्य सदस्यों को परेशान करता रहा तथा पत्नी को वापस बुलाने का लगातार दबाव बनाता रहा। प्रार्थी का कहना है कि परिवार द्वारा कई बार बहू आरती को वापस आने के लिए कहा गया, लेकिन वह नहीं आई। वहीं, आरती के मायके पक्ष से भी उसे भेजने के लिए अनुरोध किया गया, लेकिन वहां से कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई। शिकायत में उल्लेख है कि राहुल स्वयं भी कई बार अपनी पत्नी को लाने उसके मायके गया, किंतु वह वापस नहीं आई। आरोप है कि इसी दौरान राहुल के साथ मारपीट कर उसे भगा दिया गया, जिससे वह मानसिक रूप से और अधिक परेशान हो गया। प्रार्थी के अनुसार, पारिवारिक तनाव के चलते दिनांक 19 जनवरी 2026 को उनके पुत्र राहुल ने आत्महत्या करने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद प्रार्थी व अन्य परिजनों ने समय रहते उसे बचा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। शिकायती पत्र में प्रार्थी ने स्पष्ट किया है कि अब उनका, उनकी पुत्रियों, दामाद, पत्नी व पुत्रों का उक्त बहू आरती व पुत्र राहुल से कोई लेना-देना नहीं है। साथ ही उन्होंने पुलिस को अवगत कराया है कि यदि भविष्य में उक्त दोनों के साथ कोई भी अप्रिय घटना घटित होती है, तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी वही दोनों स्वयं होंगे। प्रार्थी ने यह शिकायती पत्र आवश्यक सूचना के रूप में कोतवाली पुलिस को सौंपा है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की स्थिति उत्पन्न होने पर रिकॉर्ड में तथ्य उपलब्ध रहें।

# दादानगर इंडस्ट्रीज एरिया में दाना फैक्ट्री में लगी आग, नौ दमकलों ने बुझाया, जनहानि नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर के दादा नगर इंडस्ट्रियल एरिया में बुधवार तड़के उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक प्लास्टिक दाना फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और फैक्ट्री के बाहर खड़े तीन लोडरों के साथ पास की इमारत को भी अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की 9 गाड़ियों ने करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है, हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। गोविंद नगर के अतिरिक्त निरीक्षक अभय प्रताप सिंह के अनुसार, किदवई नगर निवासी नन्हे की दादा नगर इंडस्ट्रियल एरिया में जय ट्रेडर्स के नाम से प्लास्टिक दाना फैक्ट्री है। बुधवार तड़के करीब 4:45 बजे फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट से आग लगी। आग ने फैक्ट्री में रखे प्लास्टिक दाने को तेजी से अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लपटें भड़क उठीं।

ऊंची लपटों से आसपास की इमारतें भी घिरीं कुछ ही देर में फैक्ट्री से ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। आग ने दाना फैक्ट्री के पीछे स्थित घड़ियों के गोदाम विनायक ट्रेडर्स को भी अपनी चपेट में ले लिया। इसके अलावा फैक्ट्री के बाहर खड़े तीन लोडर भी धू-धूकर जल उठे। जब तक पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, दो मंजिला इमारत पूरी तरह आग की गिरफ्त में आ चुकी थी। 9 फायर टेंडर, दीवार तोड़कर बुझाई आग भीषण आग की सूचना मिलते ही सीएफओ दीपक शर्मा के नेतृत्व में मीरपुर कैंट, लाटूश रोड, कर्नलगंज, जाजमऊ, पनकी और किदवई नगर फायर स्टेशनों से 9 फायर टेंडर मौके पर पहुंचे। आग बुझाने के लिए दो मंजिला फैक्ट्री की दीवार तोड़ी गई और तीन दिशाओं से पानी की बौछार की गई। करीब 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लाखों का नुकसान, जनहानि नहीं सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। प्लास्टिक दाना फैक्ट्री और घड़ियों के गोदाम में आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही कोपो स्टेट चेयरमैन विजय कपूर समेत कई उद्यमी भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। पुलिस और फायर विभाग आग लगने के सटीक कारणों की जांच कर रहे हैं। राहत की बात यह रही कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

## संक्षिप्त खबरें


### खेल में हार से मिलती है जीत की प्रेरणा-जिलाधिकारी

राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता



**रूद्रपुर, देवरिया।** उपनगर स्थित रामजी सहाय पीजी कॉलेज के इनडोर स्टेडियम में मंगलवार को स्व0 विंध्याचल प्रसाद गुप्त (मुनीम) की पुण्य स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने फीता काटकर व अध्यक्ष सुधा निगम के साथ खेलकर किया। आयोजक एवं भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व चेयरमैन प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार जताया। डीएम ने कहा कि खेल में हार से जीत की प्रेरणा मिलती है। प्रतियोगिता के पहले दिन कुल आठ मुकाबले खेले गए। जिनमें मेजबान रूद्रपुर के खिलाड़ी हावी रहे। पहले मुकाबले में रूद्रपुर के शिवानंद,पवन,नन्दू, नन्दलाल व किशन वर्मा ने जमकर वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम का संचालन तारकेश्वर विश्वकर्मा ने किया, जबकि रेफरी की भूमिका अभिषेक पटेल व चंदन ने निभाई। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी हरिशंकर लाल, क्षेत्राधिकारी हरिराम यादव, ईओ नितेश गौरव सहित आयोजन टीम के राणाप्रताप सिंह, सुरेंद्र देव मिश्र, दिलीप जायसवाल, रामसुधार पासवान, जयराम पासवान, नंदलाल जायसवाल, नंदलाल मद्धेशिया, सज्जाद अली समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### कानपुर के जाजमऊ क्षेत्र में में 35 लाख की ज्वैलरी चोरी, में दो गिरफ्तार



**कानपुर।** कानपुर शहर के जाजमऊ पुलिस ने सेवानिवृत्त एसबीआई कर्मी के बंद मकान से हुई करीब 35 लाख रुपए की ज्वैलरी चोरी का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों और चोरी का माल खरीदने वाले एक सुनार को गिरफ्तार किया है, तीनों आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है, पुलिस ने चोरी गए माल का करीब 75% प्रतिशत हिस्सा बरामद कर लिया है, बुधवार दोपहर पुलिस ने आरोपियों को मीडिया के सामने पेश किया। इस दौरान आरोपी फिरोज मुस्कुराता रहा,, डीसीपी पूर्वी सत्यप्रकाश गुप्ता के मुताबिक,चोरी की घटना 12 जनवरी की रात को हुई थी, मामले के खुलासे के लिए चार पुलिस टीमें लगाई गई थी, जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें एक आरोपी घटना से एक दिन पहले मकान की रेकी करता हुआ दिखाई दिया, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने बेकनगंज निवासी फिरोज को हिरासत में ले लिया, कड़ाई से पूछताछ में उसने सनसनी, काशीराम कालोनी निवासी अंकित के साथ मिलकर चोरी की बात कबूल की, पुलिस पूछताछ में सामने आया कि चोरी का ज्वैलरी अंकित की मां के जरिए नौबस्ता निवासी सुनार अनुराग तिवारी को बेचा गया था, पुलिस ने सुनार अनुराग तिवारी को भी गिरफ्तार कर लिया और उसे भी जेल भेज दिया गया है।

### आशुलिपिक, लिपिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पदों पर पुनर्नियुक्ति हेतु 29 जनवरी तक करें आवेदन

**प्रतापगढ़।** अपर जिला जज सदस्य/चयन समिति अजय कुमार ने बताया है कि जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ में कर्मचारीगण की अत्यधिक कमी, न्यायिक कार्य के सुगमता पूर्वक निर्वहन में कठिनाईयों के दृष्टिगत उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अनुपालन में जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त ऐसे कर्मचारी जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुई हो, से आशुलिपिक, लिपिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पदों पर पुनर्नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप पर आवेदन अपना आवेदन पत्र, आयु प्रमाण पत्र व स्वस्थता प्रमाण पत्र के साथ 29 जनवरी 2026 को सायं 5 बजे तक मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी के पास प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समय एवं तिथि के पश्चात् प्राप्त हुये आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। उन्होने यह भी बताया है कि पुनर्नियुक्ति हेतु साक्षात्कार की प्रक्रिया अपनायी जायेगी। अभ्यर्थीगण 02 एवं 03 फरवरी को साक्षात्कार हेतु पूर्वान्ह 10 बजे न्यायालय परिसर स्थित मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होगें। अभ्यर्थीगण को उनके साक्षात्कार दिवस के सम्बन्ध में अलग से सूचना प्रेषित की जायेगी।

## डीजी रेलवे ने 60 लाख की बैरक का किया उद्घाटन



**कानपुर।** कानपुर सेंट्रल राजकीय रेलवे पुलिस, जी आरपी, के बैरक का डीजी, प्रकाश डी, ने उद्घाटन किया, आज सुबह 12 बजे डीजी रेलवे पुलिस के डीजी, प्रकाश डी,, कानपुर पहुंचे, कानपुर में राजकीय रेलवे पुलिस के द्वारा पर पुलिस महानिदेशक को गार्ड आफॅ आ?नर दिया गया, जिसके बाद उत्कृष्ट कार्य करने वाले करीब 60 पुलिस जवानों को प्रशस्ति पत्र दिया गया,डीजी प्रकाश डी, ने बताया कि रेलवे पुलिस बल के जवानों के द्वारा ट्रेन और प्लेटफॉर्म पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले जवानों की हौसला अफजाई करने के लिए 60 जवानों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए, जिसमें हमारे अनु जवानों को सीख मिलेगी इस लिए ऐसे कार्यक्रम किए जाते हैं,साथ ही कानपुर सेंट्रल जीआरपी 60 लाख के फैब्रिकेटेड बैरक का उद्घाटन किया गया,,साथ ही जवानों के लिए आकर्षक टायलेट और बाथरूम का निर्माण कराया गया है,,इस दौरान रेलवे पुलिस महानिरीक्षक,एन कोलांची, पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज प्रशांत वर्मा, रेलवे पुलिस सीओ दुष्यंत कुमार थाना जीआरपी कानपुर सेंट्रल ओमनारायण शामिल रहे।

## अध्यापकों व अभिभावकों के मध्य सड़क सुरक्षा गोष्ठी का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में सड़क सुरक्षा माह (दिनांक 01/01/2026 से दिनांक 31.01.2026 तक) जीरो फैटेलिटी माह के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके क्रम में आज दिनांक 21/01/2026 को दयानंद गर्ल्स पी. जी. कॉलेज, कानपुर में छात्राओं, अध्यापकों एवं अभिभावकों के मध्य सड़क सुरक्षा विषय पर गोष्ठी/सेमिनार का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में परिवहन विभाग के दीपक सिंह, यात्री/मालकर अधिकारी, कानपुर एवं पुलिस विभाग से यातायात उप निरीक्षक, राजेश सिंह ने सड़क सुरक्षा नियमों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन अनमोल है, अतः यातायात नियमों का पालन प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। हेलमेट, सीट बेल्ट, निर्धारित गति सीमा, नशामुक्त ड्राइविंग तथा मोबाइल फोन के प्रयोग से बचने पर विशेष बल दिया गया। महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. वंदना निगम ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि छात्राओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना समय की आवश्यकता है और ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होते हैं। सेल्फ फाइनेंस डायरेक्टर प्रो. अर्चना वर्मा ने सड़क सुरक्षा को अनुशासन एवं संस्कार से जोड़ते हुए इसे जीवन शैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में चीफ प्रोक्टर प्रो अर्चना श्रीवास्तव एवं कार्यालय अधीक्षक कृष्णेन्द्र श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय रोड सेफ्टी क्लब प्रभारी डॉ. संगीता सिरोही के कुशल निर्देशन में किया गया। उन्होंने क्लब द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुए छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने की शपथ भी दिलाई।

## सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को महानगर के पांचों विधान सभा क्षेत्रों की एसआईआर रिपोर्ट सौंपी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** समाजवादी पार्टी महानगर के अध्यक्ष फ़ज़ल महमूद ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू के साथ लखनऊ में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को गोविन्दनगर, आर्यनगर, सीसामऊ, किदवई नगर, कैंट विधान सभा क्षेत्रों की एसआईआर रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट में कहा है कि, पांचों विधानसभा क्षेत्रों के सपा कार्यकर्ताओं तथा बीएलए ने गहन सम्पर्क अभियान चलाकर गणना प्रपत्र बी0एल0ओ0 को जमा कराये तथा उनके मतदाता बनने से नाम न कटने पाये उसके लिये सन 2003 की मतदाता से गहन पड़ताल कराकर नाम जुड़वाये हैं।

सपा अध्यक्ष फ़ज़ल महमूद ने लखनऊ में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को रिपोर्ट में बताया कि सपा पीडीए टीम तथा कार्यकर्तागण इन्टर तथा डिग्री कालेजों के छात्रों से गहन सम्पर्क अभियान चलाकर 18 वर्ष पूरे हुए छात्रों का मतदाता सूची में फार्म 6 भरवाने मे विशेष गहनता के साथ टीम जुड़ी है ताकि वाजिब मतदाता छूटने न पाये यह संकल्प अभियान चल रहा है।

अध्यक्ष फ़ज़ल महमूद ने कानपुर महानगर की समस्याओं को लेकर चिन्ता व्यक्त करते हुए रिपोर्ट दी कि नगर निगम सफाई कर्मचारियों को परमानेंट न करके निजीकरण की ओर बढ़ रहे ठेके पर कम्पनी को काम दे रही है जिससे सफाई कर्मचारियों का हक छीना जाने पर सपा कार्यकर्ताओं ने व्यापक चिन्ता व्यक्त की है इसलिये सफाई कर्मचारियों के हको की रक्षा की जाये अन्यथा आपका आदेश मिलते ही सपा आन्दोलनात्मक कदम उठाकर सड़को पर प्रदर्शन आरम्भ करेगी।

## जनपद के शिक्षित बेरोजगार मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का उठाये लाभ

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि मुख्यमंत्री की अति महत्वाकांक्षी स्वरोजगारपरक ऋण योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत जनपद को 1750 का लक्ष्य आवंटित किया गया है। अद्यतन 1346 को योजनान्तर्गत वित्त पोषित कराया जा चुका है।

अवशेष लक्ष्यों के सापेक्ष आवेदन पत्र लिये जा रहे है। उन्होने बताया है कि जनपद के 21 वर्ष से 41 वर्ष तक शिक्षित बेरोजगार जो अपना उद्यम अथवा सेवा क्षेत्र में परियोजना स्थापित करना चाहते है योजनान्तर्गत 10 प्रतिशत अनुदान के साथ ऋण हेतु आवेदन कर सकते है। योजना में ब्याज रहित/गारन्टी मुक्त, परियोजनाओं की स्थापना हेतु रूपये 5 लाख तक ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

## अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को ऑनलाइन आवेदन एवं लाटरी हेतु चरणवार समयसारिणी जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (1) (ग) के अन्तर्गत 'अलाभित समूह' एवं 'दुर्बल वर्ग' के बच्चों को कक्षा-1/पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश दिये जाने के सम्बन्ध में ऑनलाइन आवेदन एवं लाटरी हेतु प्रक्रिया प्रारम्भ करने के लिए विस्तृत दिशा निर्देश वेबसाइट rtewz.upsdc.gov.in पर उपलब्ध है। उन्होंने शैक्षिक सत्र 2026-27 में ऑनलाइन आवेदन हेतु चरणवार एवं तिथिवार समयसारिणी के सम्बन्ध में बताया है कि प्रथम चरण में आनलाइन आवेदन व बीएसए द्वारा आवेदन पत्र सत्यापन कर उन्हें लॉक करने की अन्तिम तिथि 02 फरवरी से 16 फरवरी तक, लॉटरी निकालने की तिथि 18 फरवरी व बीएसए द्वारा बच्चों का गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में प्रवेशित कराये जाने की तिथि 20 फरवरी 2026 निर्धारित है। द्वितीय चरण में आनलाइन आवेदन व बीएसए द्वारा आवेदन पत्र सत्यापन कर उन्हें लॉक करने की अन्तिम तिथि 21 फरवरी से 07 मार्च तक, लॉटरी निकालने की तिथि 09 मार्च व बीएसए द्वारा बच्चो का गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में प्रवेशित कराये जाने की तिथि 11 मार्च 2026 निर्धारित है। इसी प्रकार तृतीय चरण में आनलाइन आवेदन व बीएसए द्वारा आवेदन पत्र सत्यापन कर उन्हें लॉक करने की अन्तिम तिथि 12 मार्च से 25 मार्च तक, लॉटरी निकालने की तिथि 24 मार्च व बीएसए द्वारा बच्चो का गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में प्रवेशित कराये जाने की तिथि 29 मार्च 2026 निर्धारित है।

उन्होंने अलाभित समूह के सम्बन्ध में बताया है कि राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार अलाभित समूह की श्रेणी में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्ग तथा निःशक्त बच्चों एवं एच0आई0वी0 अथवा कैंसर पीड़ित माता-पिता अथवा अभिभावक का बच्चा रखा गया। दुर्बल वर्ग की श्रेणी में जिसके माता-पिता या संरक्षक गरीबी रेखा के नीचे/विकलांग/ वृद्धावस्था/विधवा पेंशन प्राप्त करते हैं या जिनकी अधिकतक वार्षिक आय रू0 एक लाख तक हो, को रखा गया है। शैक्षिक सत्र 2026-27 के कक्षा-1/पूर्व प्राथमिक कक्षा, जो कक्षा-8 तक की शिक्षा हेतु मान्य होगा। विद्यालयों में प्रवेशित छात्र-छात्राओं से लिए जाने वाले शुल्क की प्रतिपूर्ति शासनादेश की शर्तों के अनुसार प्रति छात्र प्रति माह अधिकतम रूपये 450 अथवा 450 से कम विद्यालय का वास्तविक फीस विद्यालय द्वारा खोले गये राष्ट्रीयकृत बैंक में विभाग द्वारा स्थानान्तरित की जायेगी। प्रवेश लेने वाले छात्र/छात्रा को यूनिफार्म, स्कूल बैग, पुस्तक व कापी, जूता-मोजा आदि हेतु प्रतिवर्ष रूपये 5000 उनके अभिभावक के खाते में विभाग द्वारा हस्तानान्तरित किया जायेगा। विद्यालय में प्रवेश हेतु चयनित बच्चे अथवा अभिभावक से किसी प्रकार की स्क्रीनिंग/परीक्षा नहीं ली जायेगी। आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज-बच्चे का फोटो, बच्चे का जन्म प्रमाण-पत्र (आनलाइन), आधार कार्ड, अभिभावक के आधार लिंक बैंक खाते का विवरण, बच्चे के अभिभावक का आय/जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र व मोबाइल नम्बर आदि है।

## जिलाधिकारी ने भ्रामक सूचना देने पर खंड विकास अधिकारी के खिलाफ की कार्रवाई

### ● जोगिया ब्लॉक में प्रधानमंत्री आवास योजना में फर्जीवाड़ा का मामला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर,** आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर दर्ज शिकायत पर शिकायतकर्ता रेखा पत्नी शिवराज निवासी ग्राम नगरा विकास खण्ड जोगिया द्वारा इस आशय की शिकायत पोर्टल पर दर्ज की गयी थी कि ग्राम पंचायत में फर्जी तरीके से सम्बन्धित ब्लाक अधिकारियों/कर्मचारियों की मिलीभगत व कूटरचित कागजात तैयार कराकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त करा दिया गया। जिसकी जांच के लिए मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह को अन्तरित किया गया और मुख्य विकास अधिकारी द्वारा परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को अन्तरित किया गया। परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण द्वारा खण्ड विकास अधिकारी जोगिया को अन्तरित किया गया, बीडीओ द्वारा जांच आख्या उपलब्ध करायी गयी जिसमें शिकायत असत्य व निराधार बताया गया।

आवेदक द्वारा जांच से संतुष्ट न होने के कारण आई.जी.आर.एस. प्रभारी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी से न्यूनतम एक स्तर ऊपर के अधिकारी से जांच कराने के लिए प्रेषित किया गया। पुनः आख्या दोहराते हुए शिकायत निराधार एवं असत्य बताते हुए आख्या प्रस्तुत की गयी। शिकायतकर्ता संतुष्ट न होने के कारण पुनः इसकी जांच परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण से करायी गयी, जिन्होंने शिकायतकर्ता का शिकायत सत्य पाते हुए निरंजन निवासी ग्राम पंचायत जोगिया को प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए अपात्र पाया गया। इस प्रकार खण्ड विकास अधिकारी द्वारा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता आईजीआरएस के प्रकरण में असत्य एवं भ्रामक आख्या प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा इस कृत्य के लिए विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गयी है।

## सरकारी योजनाओं से कोई पात्र वंचित न रहे- जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार मे प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक मे पीडी डीआरडीए दयाराम यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय निगरानी समिति के सदस्यों के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए निर्देश दिया कि समिति के सभी सदस्यों को एक-एक ग्राम आवंटित किया जाए,जिससे अब तक हुए कार्यों की वास्तविक स्थिति का लाभार्थियों से फीडबैक प्राप्त कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जा सके।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि प्रथम एवं द्वितीय किस्त के अंतर्गत जिन लाभार्थियों को भुगतान किया जा चुका है अथवा जिनका भुगतान अवशेष है,उनका भुगतान समय से सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने समस्त सदस्यों को निर्देशित किया कि जब क्षेत्र में सत्यापन के लिये जाये तो सत्यापन के दौरान ग्रामवासियों से यह भी जानकारी ली जाए कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे बिजली,पानी एवं शौचालय आदि का लाभ उन्हें मिल रहा है या नहीं,यदि कोई पात्र व्यक्ति वंचित है,तो उसे संबंधित योजनाओं से लाभान्वित कराया जाए।अंत में परियोजना निदेशक ने समिति के सदस्यों से अपील की कि जिन अधिकारियों द्वारा आवंटित सत्यापन कार्य अभी शेष हैं,उन्हें शीघ्र पूर्ण कर फीडबैक उपलब्ध कराया जाए।सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पात्र लाभार्थियों का जॉब कार्ड अनिवार्य रूप से बनाया जाए। बैठक में वरिष्ठ कोषाधिकारी अनामिका सिंह, डीसी मनरेगा संतोष कुमार सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।


## डीएम ने सखी वन स्टाफ सेंटर का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर,** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा महिला कल्याण उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर/ चाइल्ड हेल्प लाइन का बुधवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चाइल्ड हेल्प लाइन के निरीक्षण के समय संवासी पंजिका में दिसम्बर 2025 में 02 बच्चे और जनवरी 2026 में 04 बच्चे में संवासित पाये गये। निरीक्षण के समय रोस्टर के अनुसार कार्मिक उपस्थित पाये गये। चाइल्ड हेल्प लाइन के 01 कक्ष में विशेष दत्तक ग्रहण इकाई के संचालन के लिए सामग्री संरक्षित की गयी है। कार्मिक भर्ती प्रक्रियाधीन है। जिलाधिकारी द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी को जिलाधिकारी/पुलिस अधीक्षक/ जिला प्रोबेशन अधिकारी का मो0 नं0 दिवारों पर लिखवाने के साथ ही कार्यालय साईन बोर्ड लगवाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा सभी रिक्त पदों को 01 माह के अन्दर भरे जाने के निर्देश दिये गये। संयुक्त जिला चिकित्सालय परिसर में सखी वन स्टाप सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। ड्यूटी रोस्टर के अनुसार कार्मिक उपस्थित पाये गये। निरीक्षण के समय संवासी पंजिका में दिसम्बर 2025 में 36 पीडितायें और जनवरी 2026 में 17 पीडितायें संवासित पायी गयी। वर्तमान में सेंटर पर 05 पीडितायें (04 बालिकायें/01 महिला) संवासित पायी गयी तथा 02 पीडितायें मेडिकल परिक्षण हेतु चिकित्सालय गयी थी। जिलाधिकारी द्वारा वन स्टॉप सेंटर में संचालित हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन कार्यालय के निरीक्षण किया गया। सभी कार्मिक उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी द्वारा हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के कार्मिकों को योजनाओं के प्रचार-प्रसार के निर्देश प्रदान किये गये।

## विधायक श्यामधनी राही ने मतदाता पंजीयन कार्य का किया निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर,** विधानसभा क्षेत्र कपिलवस्तु के विधायक श्यामधनी राही ने बुधवार को मंडल नौगढ़ देहात अंतर्गत शक्तिकेंद्र मधुबनी का दौरा कर बूथ संख्या 143, 144, 145, 146, 147 एवं 148 पर मतदाता पंजीयन की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मतदाता सूची कार्य की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान विधायक श्यामधनी राही ने पार्टी के बूथ अध्यक्षों एवं बी0एल0ओ0 को निर्देशित किया कि जो पात्र मतदाता किसी कारणवश मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं, उनका नाम शीघ्र ही फॉर्म-6 के माध्यम से मतदाता सूची में जोड़ा जाए, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। इस अवसर पर पिछड़ा मोर्चा जिला महामंत्री अनिल चौधरी, मंडल महामंत्री नरेंद्र पटेल, ग्राम प्रधान दूधनाथ यादव, शक्तिकेंद्र मधुबनी के संयोजक माधव

## सरकारी योजनाओं से कोई पात्र वंचित न रहे- जिलाधिकारी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार मे प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक मे पीडी डीआरडीए दयाराम यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय निगरानी समिति के सदस्यों के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए निर्देश दिया कि समिति के सभी सदस्यों को एक- एक ग्राम आवंटित किया जाए, जिससे अब तक हुए कार्यों की वास्तविक स्थिति का लाभार्थियों से फीडबैक प्राप्त कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जा सके। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि प्रथम एवं द्वितीय किस्त के अंतर्गत जिन लाभार्थियों को भुगतान किया जा चुका है अथवा जिनका भुगतान अवशेष है,उनका भुगतान समय से सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने समस्त सदस्यों को निर्देशित किया कि जब क्षेत्र में सत्यापन के लिये जाये तो सत्यापन के दौरान ग्रामवासियों से यह भी जानकारी ली जाए कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे बिजली,पानी एवं शौचालय आदि का लाभ उन्हें मिल रहा है या नहीं,यदि कोई पात्र व्यक्ति वंचित है,तो उसे संबंधित योजनाओं से लाभान्वित कराया जाए। अंत में परियोजना निदेशक ने समिति के सदस्यों से अपील की कि जिन अधिकारियों द्वारा आवंटित सत्यापन कार्य अभी शेष हैं,उन्हें शीघ्र पूर्ण कर फीडबैक उपलब्ध कराया जाए।सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पात्र लाभार्थियों का जॉब कार्ड अनिवार्य रूप से बनाया जाए। बैठक में वरिष्ठ कोषाधिकारी अनामिका सिंह, डीसी मनरेगा संतोष कुमार सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य 24 जनवरी को ब्लाक बाबा बेलखरनाथ धाम में करेंगी जनसुनवाई

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा 23 व 24 जनवरी को दो दिवसीय भ्रमण के दौरान जनपद प्रतापगढ़ आयेंगी। महिला आयोग की सदस्य 23 जनवरी को अपरान्ह 1.30 बजे मौर्य वेलफेयर सोसायटी परियांवा कुण्डा द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी, सायंकाल 7 बजे गोपाल मन्दिर प्रतापगढ़ का दर्शन करेंगी व सायंकाल 8 बजे सुनील मौर्य के आवास पर रात्रि भोज में सम्मिलित होंगी। 24 जनवरी को महिला आयोग की सदस्य प्रातः 8.30 बजे भाजपा जिलाध्यक्ष के आवास पर एसआईआर पर चर्चा करेंगी। महिला आयोग की सदस्य पूर्वान्ह 10 बजे विकास खण्ड बाबा बेलखरनाथधाम सभागार में जनसुनवाई करेंगी। ज्ञातव्य है कि पूर्व में 19 नवम्बर 2025 को विकास खण्ड बाबा बेलखरनाथधाम में महिला आयोग की सदस्य की जनसुनवाई का कार्यक्रम निर्धारित था जो किसी कारणवश जनसुनवाई स्थगित हो गयी थी, जिसके तहत नवीन जनसुनवाई कार्यक्रम 24 जनवरी को पूर्वान्ह 10 बजे ब्लाक बाबा बेलखरनाथधाम में निर्धारित किया गया है। अपरान्ह 01 बजे शहनाई मैरिज हाल सगरा में कर्पूरी ठाकुर यूथ फाउंडेशन द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। अपरान्ह 03 बजे निरीक्षण भवन प्रतापगढ़ आयेंगी।

## मेजबान स्टेडियम बॉयज और सेंट जोसफ क्रिकेट क्लब कुंडा के खेलेगी खिताबी मुकाबला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** स्टेडियम में आयोजित इंदिरा कप क्रिकेट प्रतियोगिता स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में आयोजित की गई है।क्रिकेट प्रतियोगिता के दसवें दिन भी दो मैच खेले गए। बुधवार के मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष कांग्रेस सेवा दल ज्योति नारायण तिवारी रहे ,जिसमें पहला मैच अल्फाबेट क्रिकेट क्लब और मेजबान स्टेडियम बॉयज के बीच खेला गया टॉस जीतकर अल्फाबेट क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। 16.1 ओवरों में 10 विकेट खोकर 69 रनों पर ही ढेर हो गई। स्टेडियम बॉयज के लिए गेंदबाजी करते हुए आशीष यादव ने 3,चंदन पाल ने 2 मोहम्मद सैफ ने 2 विकेट झटके। आसान से लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टेडियम बॉयज की टीम ने 7.5 ओवरों में ही 72 रन बनाकर जीत हासिल की।स्टेडियम बॉयज के लिए, शिवम सिंह ने 32 और विकाश यादव ने नाबाद 27 रनों का योगदान दिया। अल्फाबेट क्रिकेट क्लब के लिए एकमात्र विकेट उमेश वर्मा ने हासिल किया।स्टेडियम बॉयज ने इस मैच को 9 विकेट से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। आशीष यादव को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए कांग्रेस सेवा दल के जिलाध्यक्ष ज्योति नारायण तिवारी ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

दिन का दूसरा मैच मैच आरपीएस क्रिकेट क्लब और सेंट जोशफ क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर आरपीएस क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट 128 रन ही बना सकी। वैभव तिवारी ने 54 और प्रज्वल यादव ने 26 रनों का योगदान दिया।सेंट जोसफ कॉलेज की तरफ से गेंदबाजी करते हुए सुमित यादव ने 3 और आदित्य सिंह ने 2 विकेट लिए।आसान से लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट जोसफ क्रिकेट क्लब ने 10.1 ओवरों में 1 विकेट खोकर ही 130 रन बनाकर जीत हासिल कर ली, जिसमें पीयूष मिश्रा शानदार अर्धशतक बनाते हुए 31 गेंदों पर 78 और अभिषेक ने 17 गेंदों पर 32 रनों का योगदान दिया।आरपीएस क्रिकेट क्लब के लिए एकमात्र विकेट वैभव तिवारी ने लिया। पीयूष मिश्रा को उनके अच्छे खेल के लिए जिला कांग्रेस खेलकूद प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुर्गेश तिवारी उर्फ मुन्ना द्वारा मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। इस अवसर पर पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ,पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला,वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी अनुज श्रीवास्तव, विनीत मिश्रा,ज़ाकिर श्रीवास्तव,मनीष मिश्रा, सहित बहुत सारे खेलप्रेमी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अस्पताल से छुट्टी के बाद पुलिस ने आरोपी को अदालत में किया पेश



**हमीरपुर :-** सुमेरपुर कस्बे में लव जिहाद और गैंगरेप के बाद धर्मांतरण का दबाव बनाने के मुख्य आरोपी को पुलिस ने बुधवार को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय में उसे जेल भेज दिया। गत 14 जनवरी की रात हिंदू समुदाय की नाबालिग युवती का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। पीड़िता के पिता की तहरीर पर लव जिहाद, गैंगरेप एवं धर्मांतरण का दबाव बनाने की प्राथमिकी 15 जनवरी को दर्ज हुई थी। घटना के मुख्य आरोपी अबान उर्फ अफ़ान को थानाध्यक्ष एवं उनकी टीम ने देवगांव मार्ग से 15 जनवरी को देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करके तमंचा, कारतूस एवं मोबाइल आदि बरामद किया था। मुठभेड़ में उसके दाहिने पैर में गोली लगी थी।। घायल होने के बाद इसको कानपुर के हैलेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार की रात पुलिस ने इसे डिस्चार्ज कराकर बुधवार को न्यायालय में पेश किया था। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी को बुधवार को अदालत में पेश किया था। अदालत ने उसे जेल भेज दिया है।बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

### मौदहा ने एकतरफा मैच में निवादा को नौ विकेट से हराया

**हमीरपुर :-** बांधुर बुजुर्ग के बजरंग क्रिकेट ग्राउंड में बीते एक सप्ताह से चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार के दिन मौदहा और निवादा के बीच मैच खेला गया ,जिसमें मौदहा फाइटर्स टीम ने निवादा टीम को एकतरफा मैच में नौ विकेट से करारी शिकस्त दी।दोपहर कगभग बारह बजे शुरू हुए मैच का टॉस मौदहा टीम ने जीता और निवादा को ओहल बल्लेबाजी का न्योता दिया।निर्धारित 10-10ओवरों के मैच में निवादा की तरफ से निवादा के कैप्टन विमल और शुभम ओपनिंग बल्लेबाजी करने आए। विमल ने 25 रन बनाए और शुभम ने 9 रन बनाए दोनों ने मिलकर 36 रनों की साझेदारी की।ओपनर बल्लेबाजों के आउट होने के बाद बाकी बल्लेबाज सस्ते में निबट गए और निर्धारित 10 ओवरों निवादा की टीम कुल 57 रन सकी।मौदहा फाइटर्स की ओर से संदीप और शंशाक ने 3 ,3 विकेट लिए। वहीं लक्ष्य पाने को उतरी मौदहा की टीम से राज और अभिषेक ओपनिंग करने आए जिन्होंने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए राज ने तीन छक्कों और दो चौकों की मदद से 35 रन बनाए और अभिषेक ने दो छक्कों और दो चौकों की मदद से 20 रन बनाए।अभिषेक के विकेट गिरने के बाद बैटिंग करने उतरे टीम के कैप्टन अरुण ने पांचवे ओवर की आखरी बॉल पर छक्का मार कर अपनी टीम को नौ विकेट से जीत दिला दी।35 रन बनाने पर मौदहा के राज को मैन ऑफ मैच दिया गया।मैच में अंपायरिंग रामकिशन कुशवाहा और संतोष यादव ने की व कमेंटेटर तौफीक मुहम्मद रहे।

### भागवत कथा में कृष्ण लीलाओं और गोपियों व उद्धव जी के बीच हुए संवाद का का वर्णन किया



**हमीरपुर :-** सुमेरपुर विकासखण्ड क्षेत्र के छानी बुजुर्ग गांव की बड़ी देवी मंदिर में चल रही भागवत कथा बुधवार के दिन कथा व्यास योगेश महाराज ने भगवान कृष्ण की लीलाओं का अत्यंत की रोचक वर्णन किया ,उसके बाद कंस वध और रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई।कथा व्यास ने कथा सुनाते हुए बताया कि कंस वध के बाद वे उद्धव जी से मिले तो उद्धव जी ने निराकार ब्रम्ह की उपासना पर जोर देते हुए कृष्ण को भगवान मानने में संदेह जताया और गोपियों के कृष्ण प्रेम पर ही प्रश्न खड़े किए ,जिसपर भगवान कृष्ण ने उन्हें जाकर गोपियों से मिलकर उन्हें निर्गुण ब्रम्ह के बारे में उपदेश और ज्ञान देने का अनुरोध किया।उद्धव जी ने गोकुल जाकर गोपियों को मूर्ति पूजा और किसी व्यक्ति की भगवान मानने के बजाय निराकार ब्रम्ह का उपदेश दिया।जिसपर गोपियों ने उद्धव जी प्रेम का अर्थ समझाते हुए कहा कि के उद्धव आप तो कृष्ण के सखा हैं फर भी आप उनके ब्रम्ह स्वरूप को नहीं समझ सके।गोपियों ने कहा कि उद्धव निरालम्ब मन चकृत धावै ,जब हमारे पास कोई आलम्बन नहीं होगा तो हमारा मन इधर-उधर भटकता है और फिर जब हमारे समक्ष साक्षात ब्रम्ह है तो हम किसी एयर ब्रम्ह को क्यों खोजें।उद्धव जी गोपियों के प्रेम को देखकर स्वयं ही कृष्ण भक्त हो जाते हैं।गोपियों और उद्धव संवाद के बाद कथा व्यास नके रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई।इस दौरान कमेटी के आशुतोष व्यास और रिया व्यास , व्यवस्थाप प्रेम व्यास , सुनील व्यास, अजयवीर सिंह, सुखवीर सिंह, वीरपाल सिंह मोनू व्यास कार्यकर्ताओं समेत सैकड़ों लोगों ने कथा का आनन्द उठाया।

## श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा बागान के नाचघर से लक्ष्मी नारायण मंदिर तक सड़क निर्माण कार्य अधूरा! स्थानीय लोगों की महत्वपूर्ण शिकायते

### ● सही जांच के माध्यम से नियम अनुसार व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री और स्थानीय विधायक का ध्यान आकृष्ट

### विभाग के अधिकारी मौन दर्शक की भूमिका में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि :** वर्तमान सरकार 'सबका साथ सबका विकास' सबका विश्वास, इस नारे के माध्यम से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में विकासात्मक कार्यों के जरिए विकास के उद्देश्य से प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्र में सड़क सहित उच्च गुणवत्ता की विभिन्न परियोजनाओं में करोड़ों-करोड़ों रुपये आवंटित कर रही है। ताकि आम लोगों की सड़क सहित अन्य परियोजनाओं के माध्यम से समस्याओं का समाधान हो सके। लेकिन श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा जिप के दुल्लभछड़ा बागान के नाचघर से लक्ष्मी नारायण मंदिर तक (SOPD ODS) MMIPNA के तहत वर्ष 2023-24 में इसके लिए 47.18 लाख रुपये आधार






स्तंभ स्थापना के लिए उपलब्ध कराए गए थे, लेकिन केवल मिट्टी और पत्थर काम खत्म करने के बाद ठेकेदार ने पूरा काम नहीं करके आज तक सड़क निर्माण का काम अधूरा छोड़ दिया है। इसके कारण यात्रियों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गांव के विकास के नाम पर सड़क की स्थिति खराब है, लोगों को अत्यंत परेशानी का सामना करना पड़ता है, फिर भी केवल विकास का आश्वासन दिया जा रहा है। लेकिन इस सड़क के काम में केवल मिट्टी के ऊपर सीमेंटयुक्त पत्थर डाला गया था पिछले साल, लेकिन आज तक सीसी ब्लॉक नहीं लगाया गया है। सड़क का काम अब तक अधूरा है और गांव के लोगों के कई सवाल हैं कि यह सड़क कब पूरी होगी। कुछ ही दिनों में बरसात के मौसम में हमें चलने-फिरने में विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। गांव की इस कठिन स्थिति में ग्रामीणों को चलना पड़ता है। विभागीय अधिकारी इस विषय में चुप्पी साधे हुए हैं। अगर इस शीतकाल में यह सड़क नहीं बनी, तो आने वाले वर्षा ऋतु में स्थिति और खराब होगी। केवल इस सड़क पर ही वाहन चालक और रोजाना यात्रियों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, जिस पर रोजाना आम लोग, स्कूल के छात्र और मरीज चलते हैं क्योंकि कोई वैकल्पिक सड़क नहीं है। इसके परिणामस्वरूप रोजाना इस खस्ता सड़क के कारण गांव के लोग विभिन्न तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता रहेगा। गांव के लोगों के आवागमन के लिए एकमात्र सड़क को गाइडलाइन के अनुसार आगामी मानसून के मौसम से पहले मरम्मत कराने के लिए इस मामले में सही जांच के माध्यम से निश्चित प्रबंध के लिए लोकप्रिय मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और स्थानीय विधायक विजय मालाकार का ध्यान आकर्षित किया गया। ताकि जल्द से जल्द समस्या का समाधान हो सके जनहित में।

### नो मैपिंग मतदाताओं की नोटिस के बाद की सुनवाई



**हमीरपुर :-** सरीला तहसील में विशेष गहन पुनरीक्षण अन्तर्गत नो मैपिंग मतदाता को नोटिस निर्गत होने पर सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार सरीला राम मोहन द्वारा आज बुधवार दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक सुनवाई की तहसीलदार कक्ष मे धौहलबुजर्ग के 15 मतदाता सुनवाई हेतु उपस्थित हुये 12 मतदाता 2003 की मतदाता सूची व साक्ष्य सहित उपस्थित हुये 3 मतदाता साक्ष्य प्रस्तुत नही कर सके जिनको पुनः सुनवाई हेतु अवसर दिया गया है सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि तहसील सरीला मे विशेष गहन पुनरीक्षण के अन्तर्गत नो मैपिंग मे मार्क किये गये 10878 मतदाता को नोटिस 10 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा बीएलओ के माध्यम से प्राप्त करायी जा रही है जिसमे मतदाता को नियत तिथि पर सुनवाई हेतु उपस्थित होना है सुनवाई दौरान रघुकुल द्विवेदी आर के निर्वाचन मौजूद रहे।

## D-JAYS के द्वारा मदनगीर,दक्षिण दिल्ली में सरकारी योजनाओं पर जागरूकता शिविर का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के मदनगीर क्षेत्र में कल्याण स्वयं सहायता समूह (Kalyan SHG) के सहयोग से सरकारी योजनाओं पर जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर सिटी मिशन मैनेजर,दक्षिण दिल्ली सुश्री रुक्मणि के विशेष प्रयासों से आयोजित किया गया।शिविर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से एलडीएम आकांशा रस्तोगी एवं सतपाल जी, भारतीय डाक विभाग (पुष्प विहार) से अभिषेक मीणा,इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक से अभिनव चौधरी,श्रम विभाग से अजय कुमार तथा FMC से वीणा जी एवं शेखर जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिविर के दौरान भारतीय डाक विभाग द्वारा मौके पर ही पोस्ट ऑफिस बचत खाते खोले गए,साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना सहित विभिन्न बैंकिंग,बीमा एवं पेंशन योजनाओं की जानकारी दी गई।इसके अतिरिक्त, साइबर अपराध से बचाव एवं डिजिटल सुरक्षा पर विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।नागरिकों एवं सात



सदस्यों के डिजी लॉकर (DigiLocker) खाते भी मौके पर ही खुलवाए गए तथा इसकी उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी गई।इस अवसर पर सिटी मिशन मैनेजर, सुश्री रुक्मणि ने बताया कि आगामी 22 जनवरी को मदनगीर क्षेत्र में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना से जोड़ने हेतु विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा,साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि दीनदयाल जन आजीविका योजना - शहरी (D-JAYS) के अंतर्गत शहरी गरीब नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं,ताकि उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जा सके। इस जागरूकता शिविर का मुख्य उद्देश्य समुदाय को सरकारी योजनाओं से जोड़ना,वित्तीय एवं डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देना तथा शहरी गरीबों को आत्मनिर्भर बनाना रहा। कार्यक्रम में सात सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई।

## सुरेश कुमार त्रिपाठी को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित किए गए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 21 जनवरी 2026 सुरेश कुमार त्रिपाठी को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित किए जाने पर आज जिला संगठन लखनऊ द्वारा जय नारायण इंटर कॉलेज के सभागार जनपदीय पदाधिकारियों द्वारा बुके और फूल मालाओं से स्वागत किया गया तथा प्रादेशिक उपाध्यक्ष डॉ0 आर0पी0 मिश्र, महामंत्री नरेंद्र कुमार वर्मा, प्रदेशीय मंत्री डॉ आर के त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा एवं जिला मंत्री महेश चंद्र द्वारा अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। इसी के साथ संरक्षक रामेश्वर उपाध्याय सदस्य राज्य कार्यकारिणी अमीर अहमद डॉ0 मीता श्रीवास्तव एवं दीन मोहम्मद रिजवी ने अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। सभागार में शिक्षकों को संबोधित करते हुए सुरेश कुमार त्रिपाठी ने आश्वस्त किया कि शिक्षकों की समस्याओं को लेकर अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा से वार्ता हो चुकी है जिनमें ग्रेच्युटी की सीमा राज्य कर्मचारियों की भांति 25 लाख किए जाने, धारा 21 की अधिनियमिक व्यवस्था बनाए जाने तथा अन्य मांगों पर वार्ता हुई है। जिनका प्रमुख सचिव द्वारा निस्तारित किए जाने का आश्वासन दिया है। दूसरी बार निर्वाचित अध्यक्ष त्रिपाठी ने शिक्षक समुदाय को




आश्वस्त किया कि भविष्य में शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए लगातार प्रयास करेंगे और आवश्यक हुआ तो संघर्ष भी किया जाएगा। प्रदेशीय उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डॉ0 आर0पी0 मिश्र ने अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी का स्वागत करते हुए कहा कि उनके पिछले कार्यकाल में शिक्षक हितों में किए गए कार्यों, संघर्षों आदि के लिए ही प्रदेश के शिक्षक समुदाय ने मथुरा सम्मेलन में सर्वसम्मति से उन्हें दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित किए जाने का निर्णय लिया है और विश्वास है कि भविष्य में भी अध्यक्ष त्रिपाठी शिक्षक हितों के लिए संघर्ष करतेरहेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत में जनपदीय संयुक्त मंत्री पुष्पेंद्र कुमार द्वारा सरस्वती वंदना तथा गांधी विद्यालय की शिक्षिका अनीता द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिलामंत्री महेश चंद्र द्वारा तथा जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। स्वागत एवं सम्मान समारोह में अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी के अलावा प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डॉ0 आर0पी0 मिश्र, महामंत्री नरेंद्र कुमार वर्मा, प्रदेशीय मंत्री डॉ0 आर0के0 त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा, जिलामंत्री महेश चंद्र, संरक्षक रामेश्वर उपाध्याय, सदस्य राज्य कार्यकारिणी अमीर अहमद, डॉ0 मीता श्रीवास्तव, दीन मोहम्मद रिजवी, मंडलीय अध्यक्ष तुलसीराम मिश्र, सदस्य राज्य परिषद अनुराग मिश्र, सुमन लता, विश्वजीत, डा0 प्रमोद कुमार पंत, संयोजक संरक्षण समिति चन्द्र प्रकाश शुक्ल, संघर्ष समिति इनायतुल्लाह खां, समन्वय समिति चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, शिक्षक प्राचार्य समन्वय समिति अनिल कुमार वर्मा के अलावा जनपदीय पदाधिकारियों के साथ सैकड़ो की संख्या में शिक्षक? एवं शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

### भूमाफिया के हौसले बुलंद, तालाब की जमीन पर कर रहे अवैध कब्ज़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर :-** मौजूदा सरकार जहां भूमाफिया के खिलाफ अभियान छेड़े हुए है तो वहीं मौदहा कस्बा में भूमाफिया के हौसले इतने बुलंद हैं कि तालाब पर अतिक्रमण कर तालाब का अस्तित्व मिटा रहे हैं जिसके चलते रहमानिया कालेज की प्रधानाचार्या ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। कस्बा के रहमानिया कालेज की प्रधानाचार्या डा. रजिया सुल्ताना ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि, स्टेशन रोड पर कालेज का तालाब है जिसपर भूमाफिया समय समय पर अवैध कब्ज़ा कर निर्माण करते रहते हैं और शिकायत करने पर कुछ दिनों के लिए रुक जाते हैं।और कमलेश, चिल्लू, चुनईया आदि ने चोरी चोरी अवैध निर्माण कर लिया



है।अभी जानकारी हुई थी कि, शिया नाम का व्यक्ति निर्माण कर रहा है जिसको मना करने के लिए कर्मचारियों को भेजा गया तो उक्त शिया गाली गलौज कर लडाई झगड़ा करने लगा।प्रधानाचार्या ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।वहीं इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि वह न्यायलय में हैं इसलिए वह अभी कुछ नहीं बता सकते हैं। बताते चलें कि जहां उच्चतम न्यायलय ने तालाबों में अतिक्रमण करने पर सख्त रोक लगा रखी है तो वहीं भूमाफिया तालाबों और ग्राम समाज की जमीन पर बेखौफ अतिक्रमण कर रहे हैं।

### लीगल एड क्लीनिक से होगा आमजन के विधिक अधिकारों का संरक्षण

**देवरिया।** जनपद न्यायाधीश धनेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया द्वारा तहसील बरहज क्षेत्र की पांच ग्राम पंचायतों भदीला अव्वल, घेवड़ा, कोल्हुआ, लहछुआ एवं परसिया देवार में विधिक सहायता केन्द्र लीगल एड क्लीनिक का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज तिवारी तथा ग्राम न्यायालय बरहज के न्यायाधिकारी विकास वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार बरहज अरुण कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आमजन को उनके विधिक अधिकारों, महिलाओं, वृद्धजनों, विधवाओं व बच्चों से संबंधित कानूनों की जानकारी दी गई। सचिव ने बताया कि लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से ग्राम स्तर पर ही विवादों का समाधान संभव होगा। शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

### नवनिर्मित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मिलने बिहार के पर्यटक मंत्री अरुण शंकर प्रसाद



नितिन नबीन भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्मित राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का प्रदभर ग्रहण करने के बाद दिल्ली से लेकर बिहार के भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष व्यक्त है इसी खुशी के मौके पर बिहार के कला संस्कृति मंत्री एवं युवा विभाग बिहार सरकार में मंत्री अरुण शंकर प्रसाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मोलकात कर शुभकामनाएं दी, मंत्री ने कहा कि अध्यक्ष पद के लिए इकलौता नामांकन आने पर वे निर्विरोध चुने गए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें माला पहनाकर एक जिम्मेदारी सौंपी, जिससे निभाना अक्षय जी का कर्तव्य बनता है।

## भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नबीन के कुशल नेतृत्व में पार्टी संगठन और मजबूत होगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ.के.लक्ष्मण के कुशल संचालन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्वाचन संपन्न हुआ।जिसमें डॉक्टर लक्ष्मण ने युवा भाजपा नेता नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किये जाने की घोषणा की।चुनाव अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मण ने बताया कि 36 प्रदेशों में से 30 प्रदेशों के अध्यक्ष का निर्वाचन संपन्न होने के उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कराया गया।उन्होंने बताया कि 19 जनवरी को 2 से 4 बजे तक नामांकन प्रक्रिया का समय निर्धारित किया गया था।नितिन नबीन के पक्ष में 37 नामांकन पत्र सेट प्राप्त हुए जिनकी वैधता की जांच के दौरान सभी निर्धारित प्रारूप के तहत वैध पाए गए।पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के पूरा होने के बाद नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की घोषणा



की गई। डॉ के लक्ष्मण ने नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को शुभकामना देते हुए कहा कि एक युवा,योग्य,कर्मठ एवं अनुभवी राजनेता को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के कुशल नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगी तथा पार्टी नई बुलंदियों को प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जहां परिवारवाद नहीं है। सभी को उसकी योग्यता एवं क्षमता के अनुरूप समान अवसर प्राप्त होते हैं।

## एंटी करप्शन टीम ने 10 हजार रिश्वत लेते पंचायत सचिव को पकड़ा रंगे हाथों

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर :-** ग्राम प्रधान से ग्रामपंचायत काम के कमीशन के नाम पर रिश्वत मांगने वाले ग्राम पंचायत सचिव को एंटी करप्शन टीम ने बुधवार दोपहर रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के बाद आरोपी सचिव को कस्बा मौदहा की कोतवाली लाया गया, जहां हाथ धुलवाने पर पानी का रंग गुलाबी हो गया, जिससे रिश्वत लेने की पुष्टि हुई। इसके बाद आवश्यक लिखापढ़ी पूरी कर एंटी करप्शन टीम आरोपी को अपने साथ लखनऊ ले गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम बदनपुर, विकासखंड सुमेरपुर के ग्राम प्रधान पति अजय साहू ने पंचायत सचिव शिवशंकर पाल द्वारा रिश्वत मांगे जाने की शिकायत एंटी करप्शन विभाग से की थी। शिकायत के अनुसार गांव में कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्य के भुगतान के एवज में सचिव द्वारा पहले 30 प्रतिशत कमीशन की मांग की गई थी, जो बाद में 10 हजार रुपये पर तय हुई। प्रधान पति की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम प्रभारी श्यामबाबू के नेतृत्व में टीम सुमेरपुर पहुंची और शिकायतकर्ता से संपर्क किया। योजना के तहत प्रधान पति को सचिव को फोन कर रुपये लेने के लिए बुलाने को कहा गया। तय योजना के अनुसार बुधवार को जैसे ही सचिव ने 10 हजार रुपये लिए, एंटी करप्शन टीम ने उसे मौके पर ही रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद आरोपी सचिव को सुमेरपुर से मौदहा कोतवाली लाया गया, जहां बंद कमरे में उससे पूछताछ की गई। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद एंटी



करप्शन टीम आरोपी को लखनऊ ले गई। उधर, पंचायत सचिव की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही विकासखंड मौदहा के कई सचिव कोतवाली पहुंच गए और कार्रवाई को साजिश करार देते हुए आरोपी को फंसाए जाने का आरोप लगाया। वहीं, एंटी करप्शन विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है और भ्रष्टाचार के खिलाफ इसे बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है।

## सडक हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

### ● दो सप्ताह पहले हुआ था हादसा, लखनऊ में ली आखिरी सांस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर :-** सुमेरपुर क्षेत्र में बीती 6 जनवरी को बैंक से वापस लौटते समय मुंडेरा के पास स्कूली वाहन की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार युवक की मंगलवार को लखनऊ के केएमजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। कैथी के ग्राम प्रधान अरिमर्दन सिंह ने बताया कि गांव निवासी अरविंद कुशवाहा 34 वर्ष गत 6 जनवरी को इंडियन बैंक मुंडेरा बाइक से गया था। बैंक का कार्य निपटाने के बाद यह बाइक से घर लौट रहा था। मुंडेरा गांव के समीप तेज रफ्तार स्कूल वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। इससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल



हो गया था। प्राथमिक उपचार के बाद इसको सदर अस्पताल भेजा गया था। हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल से हैलट रेफर हुआ था। हालत नाजुक होने पर हैलट से इसको केएमजी लखनऊ रेफर किया गया था। मंगलवार की शाम इसकी लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को शव गांव लाया गया। शव के गांव आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी मंजू, पुत्र दीपक 8 वर्ष, चिंटू 5 वर्ष को रोता बिलखता छोड़ गया है। परिजनों ने स्कूल वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### अज्ञात वाहन ने आटो को मारी टक्कर, तीन गंभीर रूप से घायल

**हमीरपुर :-**नेशनल हाईवे 34में सड़क दुर्घटनाओं की घटनाएं बदस्तूर जारी हैं।लगभग रोजाना होती सड़क दुर्घटनाओं में बुधवार के दिन इस हाईवे पर मंकरांव के पास एक वाहन ने आटो में टक्कर मार दी जिसमे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमे से एक को हालत सदर अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र से निकलने वाले नेशनल हाईवे 34पर मंकरांव के निकट एक अज्ञात वाहन ने आटो में टक्कर मार दी जिसमें बिंवार थाना क्षेत्र के छानी निवासी शिवदत्त (32)पुत्र रामगोपाल,सुमेरपुर के बाकी निवासी बबलू (32)पुत्र केदारनाथ और कस्बे के अरतरा तिराहा निवासी यशोदा (30)पत्नी उदयभान गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से शिवदत्त को गंभीर चोटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। फिलहाल घायलों को गंभीर चोटें बताई जा रही हैं।

## हिंदू युवा वाहिनी का पुनर्गठन: सिद्धार्थ शंकर बाजपेयी बने सीतापुर के जिला अध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां/**सीतापुर हिंदू युवा वाहिनी के शीर्ष नेतृत्व ने संगठन की सक्रियता और विस्तार को नई धार देते हुए जनपद सीतापुर की कमान सिद्धार्थ शंकर बाजपेयी को सौंपी है। उन्हें सीतापुर का नया जिला अध्यक्ष (अस्थायी) मनोनीत किया गया है।

**2022 के बाद नए सिरे से पुनर्गठन:**

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में हिंदू युवा वाहिनी के संपूर्ण संगठन को भंग कर दिया गया था। लंबे अंतराल के बाद अब संगठन का नए सिरे से पुनर्गठन किया जा रहा है। इसी क्रम में, प्रदेश प्रभारी (उत्तर प्रदेश) श्री ब्रजनंदन सिंह जी के निर्देशानुसार सीतापुर में सिद्धार्थ शंकर बाजपेयी की नियुक्ति की गई है। इस घोषणा से जिले के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

**शीर्ष नेतृत्व का मिला आशीर्वाद:**

सिद्धार्थ शंकर के मनोनयन पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विक्रम सिंह राठौड जी समेत पूज्य संरक्षकों—अध्यक्ष अखाड़ा परिषद महंत रवींद्र पुरी जी महाराज, स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज, एवं स्वामी अरुण गिरी जी महाराज ने अपना शुभाशीष प्रदान किया है।

**नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का संकल्प:**

अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए सिद्धार्थ शंकर बाजपेयी ने कहा:

'2022 में संगठन भंग होने के बाद अब पुनर्गठन की इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए मैं शीर्ष नेतृत्व का आभारी हूँ। मेरा प्राथमिक लक्ष्य जनपद में संगठन की मूल



विचारधारा को पुनर्जीवित करना, हिंदू समाज को एकजुट व सशक्त बनाना और व्यापक स्तर पर सदस्यता अभियान चलाकर युवाओं को जोड़ना है। ' संगठन के नियमानुसार, यह मनोनयन 14 फरवरी 2026 तक के कार्यों की समीक्षा के आधार पर स्थायी किया जाएगा। उनकी इस नियुक्ति पर स्थानीय हिंदू समाज और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

## कक्षा 6 से 11 तक के गरीब परिवार के बच्चों को आवासीय शिक्षा के लिए प्रवेश प्रारम्भ

**हमीरपुर :-** गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले कक्षा 6से कक्षा 11 तक के छात्रों को निशुल्क शिक्षा प्रदान कराने के लिए समाज कल्याण विभाग की ओर से इस वर्ष भी आवासीय शिक्षा हेतु प्रवेश दिलाने के लिए सीटें आरक्षित की गई हैं , जिसमे छात्रों को शिक्षा के साथ विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय दरियापुर के प्रधानाचार्य कैलाश कुमार ने बताया कि विद्यालय में शैक्षिक वर्ष 2026-27 में कक्षा 6,7, 8 एवं 9 में कुल 105 रिक्त स्थानों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा दिनांक 15-03-2026 को सम्पादित होगी। जनपद में गरीबी रेखा से नीचे निवास करने वाले ऐसे अभिभावक जो छात्रों को राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय दरियापुर में प्रवेश दिलाना चाहते है, तो किसी भी कार्य दिवस में विकास भवन स्थित कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी,विद्यालय एवं सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर प्रवेश फार्म प्राप्त कर औपचारिकतायें पूर्ण कराकर 20-02-2026 तक राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय दरियापुर में जमा करना सुनिश्चित करें अथवा प्रवेश परीक्षा फार्म को आनलॉईन आवेदन करने के लिए दिनांक 20-02-2026 तक लिंक httpsÑ// ats.upsdc.gov.in का उपयोग करें।वहीं उन्होंने बताया कि कक्षा 11(मानविकी/ विज्ञान वर्ग) में कुल 70 रिक्त सीटों पर कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा के प्राप्त अंको में मेरिट के आधार पर ही प्रवेश दिया जाएगा। विद्यालय में शिक्षा, पाठ्य सामग्री, दैनिक उपयोग की सामग्री, आवास, भोजन, चिकित्सा आदि की व्यवस्था निःशुल्क है। विलम्ब से दिया गया आवेदन पत्र स्वीकार नही होगा।

## सभासद संघ का समरसता तहरी भोज 23 को

**सीतापुर।** बसंत पंचमी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस के मौके पर सभासद संघ सीतापुर के तत्वावधान में शुक्रवार 23 जनवरी को हरदोई चुंगी के निकट श्याम गेस्ट हाउस में सुबह 11 बजे से समरसता तहरी भोज का आयोजन किया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए सभासद संघ सीतापुर के सभासद राकेश गुप्ता पिंकू ने बताया कि इस मौके पर स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के परिजन के साथ ही समाज के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्धजन, समाज के उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही विशेष रूप से शामिल होंगे। इसके अलावा अन्य कई विधायक, पालिकाध्यक्ष आदि भी मौजूद रहेंगे।